CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



130वें संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा पेज 2



एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच को हरी झंडी खेल टाइम्स



खंडहरों में फलस्तीन: युद्ध की असहनीय कीमत सम्पादकीय



भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार:जयशंकर पेज 12

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन, बद्रीनाथ-गंगोत्री हाईवे बंद

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिस्से महाराष्ट्र और गुजरात में बारिश के कारण जन-जीवन प्रभावित हुआ है। दोनों राज्यों में गुरुवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में यमुना के कारण कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। यमुना का पानी ताजमहल तक पहुंच गया है। 40 गांव अलर्ट पर हैं। मथुरा में यमुना नदी कटान के बाद अपना मूल रास्ता छोड़कर 2 किमी दूर बह रही है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लैंडस्लाइड के कारण बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थाना और सोनागढ़ के पास ब्लॉक है। यमुनोत्री हाईवे भी नारदचट्टी के पास बंद है। कुथनौर में ट्रैफिक शुरू हो गया है। बाकी जगहों पर मलबा हटाने का काम जारी है। इधर, गुजरात के तटीय जिलों में बुधवार को भारी बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए। जूनागढ़ जिले में 12 घंटों में 331एमएम बारिश हुई। एनडीआरएफ ने पोरबंदर जिले के एक स्कूल में फंसे 46 बच्चों और 4 टीचर्स को बचाया।

### भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यहां गुरुवार को रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है। सीसीपीए ने इसके साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए।

### सतीश गोलचा दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से श्री गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी होगी। श्री गोलचा को श्री एसबीके सिंह के स्थान पर यह जिम्मेदारी दी गई है। होम गार्ड के महानिदेशक श्री सिंह को इसी महीने एक तारीख को दिल्ली पुलिस के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। श्री गोलचा 1992 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और अभी महानिदेशक (जेल) के पद पर कार्यरत हैं।

### NIA ने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** एनआईए ने 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पीएफआई आतंकी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


# भारत आज भी अंतरिक्ष से सारे जहां से अच्छा दिखता है

## देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अनुभव साझा किए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के अपने अनुभव को अविश्वसनीय बताते हुए गुरुवार को कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है।

यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा घर के खाने को मिस किया। उन्होंने देश के बच्चों के लिए संदेश भी दिया कि उन्हें खुद पर भरोसा रखना चाहिए कि वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं। श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष यात्रा के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह वास्तव में अविश्वसनीय था। प्रशिक्षण के दौरान आप खुद को तैयार करते हैं, लेकिन वास्तविक अनुभव अलग होता है। उन्होंने बताया कि यह बेहद सफल मिशन रहा और सारे उद्देश्य पूरे हो गए। वायुसेना में टेस्ट पायलट शुक्ला ने अपने 18 दिन के प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में सात तरह के प्रयोग किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान काफी कुछ जानने और सीखने को मिला, जो देश के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष में जाने के बाद पहले तीन-चार दिन अच्छा नहीं लगा, लेकिन उसके बाद सामान्य लगने लगा। तीसरे -शेष पृष्ठ दो पर



**शुभांशु शुक्ला का बच्चों को संदेश- खुद पर भरोसा रखें वे भी अंतरिक्ष में जा सकते हैं**

### राजनाथ सिंह से मिले ग्रुप कैप्टन शुक्ला

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और उनके साथ अंतरिक्ष में अपने अनुभव तथा उपलब्धियां साझा की।

श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला को बधाई दी और उनके सफल मिशन को भारत के अंतरिक्ष में मानव मिशन की यात्रा में मील का पत्थर बताया। रक्षा मंत्री ने अंतरिक्ष स्टेशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोगों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी प्रेरणादायक यात्रा युवाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। श्री सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ मुलाकात के बाद एक्स पर इसकी जानकारी साझा की।

### असम में 18+उम्र वालों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा

**दिसपुर।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम हिमंत ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं हैं, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और चाय जनजाति के 18+ आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे।

# न्यायिक आतंकवाद से बचें कोर्ट

## राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समयसीमा तय करने के मामले में सीजेआई की बेबाक टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयक को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने के मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक सक्रियता, न्यायिक आतंकवाद नहीं बनना चाहिए।

सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई की। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंदुरकर शामिल हैं। गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोगों को काफी अनुभव होता है और उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। इस पर सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा है। मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए। तुषार मेहता ने अपने सबमिशन में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला दिया, जिसमें राज्यपालों की शक्तियों पर बात की गई। इस मामले पर सुनवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। मेहता ने कहा कि निर्वाचित लोग सीधे तौर पर जनता का सामना करते हैं। अब लोग जनप्रतिनिधियों से सवाल करते हैं। 20-25 साल पहले हालात अलग थे। अब मतदाता जागरूक हैं और उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल के पास मंजूरी रोकने का पूरा अधिकार है, जो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 200 से मिला हुआ है।



**हमने कभी भी निर्वाचित लोगों के बारे में कुछ नहीं कहा मैंने हमेशा कहा है कि न्यायिक सक्रियता, कभी भी न्यायिक आतंकवाद या न्यायिक रोमांच नहीं बनना चाहिए**

### राज्यों को बातचीत करके विवाद निपटाने चाहिए: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों पर कोई फैसला नहीं लेते हैं, तो राज्यों को कोर्ट की बजाय बातचीत से हल निकालना चाहिए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान अदालतें नहीं हो सकतीं। लोकतंत्र में संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हमारे यहां दशकों से यही प्रथा रही है। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कि राज्यपाल विधेयकों पर विचार नहीं कर रहे हैं, तो राजनीतिक समाधान हैं, जिन्हें अपनाया जा सकता है। ऐसा हर जगह नहीं होता कि मुख्यमंत्री अदालत की ओर दौड़ पड़ते हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं जहां बातचीत होती है, मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलते हैं, वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मिलते हैं और समाधान निकल आता है।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा की मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग (संवर्धन एवं नियमन) विधेयक 2025 को गुरुवार को राज्यसभा ने विपक्ष के भारी शोर-शराबे के बीच पारित कर दिया। इसके साथ ही इस पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गई है। लोकसभा ने इस विधेयक को बुधवार को इसी तरह हंगामे के बीच बिना बहस के पारित कर दिया था।

राज्यसभा में पहले स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे कार्यवाही पुन: शुरू हुई थी। विपक्षी दलों के सदस्यों और हंगामे के बीच ही उप सभापति हरिवंश की अनुमति से इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखा। सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने और इसके कुछ उपबंधों में संशोधन के कुछ विपक्षी सदस्यों के प्रस्तावों को नामंजूर करते हुए इसे बिना बहस के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इस बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीठ से शिकायत की -शेष पृष्ठ दो पर



**सदन ने विधेयक को सदन की प्रवर समिति के समक्ष भेजने के प्रस्तावों को किया नामंजूर**

### संसद का मानसून सत्र खत्म, कुल 21 बैठकें हुई

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र 21 अगस्त को समाप्त हुआ। यह सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। वहीं राज्यसभा में 41 घंटे चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 15 बिल पास हुए। सबसे चर्चित बिल गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को जेड सिक्योरिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को केंद्र सरकार ने जेड कैटेगरी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। सीएम सिक्योरिटी में 22 से 25 हथियारबंद जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा अर्धसैनिक बल का वीआईपी सिक्योरिटी ग्रुप करेगा।

यह ग्रुप केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सोनिया-राहुल और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में भी तैनात है। दरअसल, सीएम रेखा पर 20 अगस्त की सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। आरोपी गुजरात के राजकोट का रहने वाला राजेशभाई खमिजी है, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था।

**20+ हथियारबंद सीआरपीएफ जवान 24 घंटे तैनात रहेंगे**

# खत्म होगा 12 व 28 % जीएसटी स्लैब

## केंद्र सरकार के प्रस्ताव को जीओएम ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** सरकार जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) प्रणाली को और सरल बनाने की तैयारी कर रही है। हाल ही में जीओएम की बैठक हुई, जिसमें केंद्र द्वारा प्रस्तावित जीएसटी स्लैब को रिजनेबल बनाने के लिए सहमति बन गई है।

इस बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों ने मौजूदा चार स्लैब को घटाकर केवल दो स्लैब रखने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि अब 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे और केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब रहेंगे। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बनी इस छह सदस्यीय मंत्रिसमूह ने यह फैसला किया है कि जीएसटी की दरों को केवल दो स्लैब में बांटा जाएगा। इसमें अच्छी और आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत की दर लागू होगी, जबकि अधिकांश मानक वस्तुओं और सेवाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया जाएगा। इसके अलावा लग्जरी वस्तुएं 40 प्रतिशत के स्लैब में रहेंगी। इस फैसले के बाद लगभग 99 प्रतिशत वस्तुएं जो पहले 12 प्रतिशत की दर पर थीं, अब 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

**कांग्रेस का दावा नेता विपक्ष राहुल गांधी के दबाव के चलते सरकार ने लिया फैसला**

# सुदर्शन रेड्डी ने नामांकन पत्र किया दाखिल



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को यहां गठबंधन के बड़े नेताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

श्री रेड्डी सुबह संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद राज्यसभा सचिवालय में महासचिव पीसी मोदी के कार्यालय में नामांकन करने के लिए पहुंचे। श्री मोदी इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। श्री रेड्डी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दायर किया। प्रत्येक सेट पर उनके समर्थन में 20 प्रस्तावकों और 20 अनुमोदकों ने हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, गठबंधन के वरिष्ठ नेता शरद पवार, रामगोपाल यादव और कई अनेक नेता भी मौजूद थे। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। चुनाव में श्री रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से है। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में मतदान 9 सितम्बर को होगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम को कराई जाएगी।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितम्बर को होगा मतदान**

# मानव रहित मिशन साल के अंत तक होगा लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जाएगा, जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है। व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गई हैं। शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। डा. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवत: दिसम्बर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय बने। वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गए थे। उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किए और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी।



**भारत के अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा, 2027 में जाएंगे अंतरिक्ष यात्री**

### इसरो के वैज्ञानिकों ने बचाई थी अंतरिक्ष यात्रियों की जान

**नई दिल्ली।** एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन की लॉन्चिंग से पहले ऐन वक्त पर यदि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने हस्तक्षेप नहीं किया होता, तो यह 'विनाशकारी' हो सकता था और मिशन में शामिल सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों की जान जा सकती थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएचआरसी ने जारी किया मेडिकल छात्र की मौत पर नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कहा कि उसने 9 अगस्त 2025 को कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 25 वर्षीय एक मरीज की मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अपने एक बयान में कहा कि उसने घटना पर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मीडिया में आई खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि अस्पताल और पुलिसकर्मियों के कुप्रबंधन के कारण समय पर और उचित उपचार के अभाव में युवक की मृत्यु हुई।

### श्रमिकों के अनाथ बच्चों के लिए मॉक टेस्ट कराएगा विभाग

**लखनऊ।** श्रम विभाग पहली बार अटल आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले श्रमिकों और कोविड में अपने मां बाप को खोने वाले बच्चों के लिए सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट कराएगा, जिससे समय से पहले ही बच्चे अपना आंकलन कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। प्रदेश के 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। इन विद्यालयों में श्रमिकों के बच्चे व कोविड के दौरान अपने मां बाप को खो चुके बच्चे पढ़ते हैं।

### भाजपा सरकार ने देश को पीछे धकेला

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि केन्द्र की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार देश का न सिर्फ बंटाधार करने में लगी है, बल्कि देश को विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिये लंबित चालानों का नोटिस भेजेगा परिवहन विभाग

**लखनऊ, वार्ता**

■ विभाग ने जारी किया 8005441222 नंबर

उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग अब वाहन कर्मियों को चालान नोटिस भेजने के लिए व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा (8005441222) का सहारा लेगा। इसके ज़रिए से प्राप्त किसी भी ई-चालान नोटिस की जांच कर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।

अधिकारियों की मानें तो फिलहाल परिवहन विभाग ने 2024-25 के लिए लंबित चालानों का भुगतान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। चूंकि कुल लंबित चालानों में से एक-तिहाई से ज्यादा ऐसे हैं, जिनमें वाहनों के पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर या तो गलत हैं या गायब हैं। इसलिए विभाग ने मालिकों को सलाह दी है कि वे परिवहन-जीओवी-इन पोर्टल पर अपने वाहनों के चालान की स्थिति स्वयं देखें और कड़ी सज़ा से बचने के लिए समय पर अपना भुगतान करें। विभाग अपनी व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा के माध्यम से वाहन मालिकों के मोबाइल नंबरों पर अधिकतम 36 लाख ई-चालान नोटिस भेज सकता है।

यह सेवा ब्लू टिक सत्यापित है और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित है। यह सेवा 2022-23 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए है। केवल 2024-25 के लिए ही 14 लाख से ज्यादा नोटिस भेजे जाएंगे। सबसे बड़ी संख्या उनकी है, जिन्होंने वाहन पंजीकरण विवरण में मोबाइल नंबर नहीं दिए हैं या गलत नंबर दिए हैं।

### संविधान संशोधन बिल से बसपा ने किया किनारा

**लखनऊ।** संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक से बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किनारा कर लिया है। उन्होंने बिल को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला बताते हुए कहा है कि इसका दुरुपयोग सत्ताधारी पार्टियां अपने लाभ, स्वार्थ व देश के लिए करेंगी। गुरुवार को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने लिखा- केन्द्र सरकार द्वारा कल संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनैतिक हालात में, यह स्पष्टत: लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। इसका सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है।

# हंगामे के बावजूद 15 विधेयक दोनों सदनों में पारित

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बिहार में मतदाता सूची के विरोध को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को दोनों सदनों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही संपन्न हो गया लेकिन एक महीने तक चला सत्र मुख्य रूप से बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया हालांकि दोनों सदनों में हंगामे और बहिर्गमन के बीच 15 विधेयक पारित किए गए।

लोकसभा में पेश किए गए 14 विधेयकों में से 12 को सदन की मंजूरी मिल गई, जबकि उच्च सदन में 15 विधेयक पारित किए गए। किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की गिरफ्तारी और तीस दिन की हिरासत की स्थिति में उन्हें पदमुक्त समझे जाने के प्रावधान वाले संविधान संशोधन विधेयक और उससे जुड़े दो अन्य विधेयकों को लोकसभा ने समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे की चर्चा हुई और लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जबकि राज्यसभा में गृह मंत्री ने चर्चा का जवाब दिया। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर लोकसभा में चर्चा शुरू हुई थी, लेकिन यह विपक्ष के हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी। सत्र की पूरी अवधि के दौरान एकजुट विपक्ष ने सरकार को बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा उसे वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से घेरा और इस पर चर्चा कराने की मांग को लेकर दोनों सदनों में कार्यवाही में निरंतर व्यवधान डाला। विपक्ष ने सत्र के पहले दिन से ही ऑपरेशन सिंदूर और मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग शुरू कर दी थी। सत्र के दूसरे सप्ताह में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के बाद विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर दोनों सदनों में कार्यवाही नहीं चलने दी।

### आयोग का ध्यान नाम हटाने पर नहीं जोड़ने पर हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर फिर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान मतदता सूची से नाम हटाने पर नहीं बल्कि तथ्यों की जांच परख कर नाम जोड़ने पर होना चाहिए। कांग्रेस ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए आयोग जो काम कर रहा है उसका मकसद मतदाता सूचियों को स्पष्ट और पारदर्शी बनाना नहीं बल्कि लोकतंत्र को नष्ट करना ज्यादा है।जयराम रमेश ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के ठीक बाद बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण कराया और कहा कि मतदाता सूचियां पहले से ही 'लगभग पूर्ण सटीक' पर हैं, लेकिन कागजी कार्यवाही और जागरूकता की कमी के कारण कई पात्र मतदाताओं का नामांकन नहीं हो पाया है।

### डबल इंजन सरकार की तारीफ करते हुए बोले सीएम योगी

# सपा-कांग्रेस ने केवल अपना विकास किया

**एटा, वार्ता**



■ एटा में 750 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हुआ सीमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सत्ता के लिए सबका साथ लिया, मगर विकास सिर्फ अपने अपने परिवारों का किया है।

एटा में 750 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित एक सीमेंट प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत को मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ बचा रह गया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने तबाही का नया मंजर पैदा कर देश के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया। आज डबल इंजन सरकार की साफ नीयत, स्पष्ट नीति और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की वजह से उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। योगी ने कहा कि कांग्रेस हो या समा. जवादी पार्टी, इनकी नीयत कभी सबके विकास की नहीं रही। इन्होंने साथ तो सबका लिया, लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। इनके समय में न व्यापारी सुरक्षित था, न बेटी सुरक्षित थी। यही वजह रही कि देश और प्रदेश पिछड़ते चले गए। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार और डबल इंजन की यूपी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से देश और प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी। यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

#### हजारों लोगों को काम का अवसर मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था, जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता। योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा।

# अखिलेश के दावों की जांच करने में जुटा चुनाव आयोग

■ सपा सुप्रीमो ने कुछ दिन पहले ही लगाए थे आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चुनाव आयोग के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कुछ दिन पहले ही हलफमानों को लेकर अखिलेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरा. ेप लगाया था। अब आयोग ने इसकी जांच शुरू कर दी है।

अखिलेश के शपथ पत्रों के दावे को नकारते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने कहा था कि आयोग को उत्तर प्रदेश या यादव से कोई हलफनामा नहीं मिला है। इस बीच अब आयोग ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाता सूची में अनियमितताओं के बारे में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की शिकायत की जांच शुरू कर दी है। शिकायत के बाद, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कथित तौर पर गलत तरीके से नाम हटाए गए हैं। कासगंज, जौनपुर, बाराबंकी और लखनऊ के जिलाधिकारियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और यादव के दावों को निराधार और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों को हलफनामे की प्रतियां वितरित कीं थी। यादव ने कहा कि ईसीआई में हलफनामे दायर किए गए हैं, जिनमें 2022 के विस चुनावों के दौरान उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने और अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।



सेंसेक्स 82000.71
निफ्टी 25083.75



सोना रु. 99147
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 112690
प्रति किलो



# छठे दिन सेंसेक्स 82 हजार के पार

**मुंबई, वार्ता**



आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142.87 अंक (0. 17 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी 33.20 अंक यानी 0.13 फीसदी ऊपर 25,083.75 अंक पर पहुंच गया। दोनों सूचकांक फिलहाल चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर हैं। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच कुल मिलाकार बाजार की धारणा आज कमजोर रही मझौली और छोटी कंपनियों से निवेशकों ने पैसे निकाले। सेंसेक्स 362.62 अंक की बढ़त में 82,220.46 अंक पर खुला और एक समय 82,231.17 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में अचानक यह 200 अंक से ज्यादा की तेजी गंवाता हुआ 82,000 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का निचला स्तर 81,921.22 अंक रहा। निफ्टी-50 सूचकांक 91.45 अंक चढ़कर 25,142 अंक पर खुला। यह नीचे 25,054.90 अंक और ऊपर 25,153.65 अंक तक गया। निफ्टी-100 सूचकांक में भी 0.06 प्रतिशत की तेजी रही।

मझौली और छोटी कंपनियों में हालांकि बिकवाली से निफ्टी मिडकैप-50 में 0.46 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में कुल 3,068 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, जिनमें 1,503 में तेजी रही, जबकि 1,475 के शेयर फिसल गए। वहीं 90 कंपनियों के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निजी बैंक के साथ आईटी, रियलिटी, फार्मा और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक बढ़त में रहे, जबकि एफएमसीजी, ऑटो, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सरकारी बैंक जैसे सेक्टरों में गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर टूट गए। बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे अधिक 1.12 प्रतिशत चढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक में 1.09 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 0.90, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.86 और एलएंडटी में 0.76 फीसदी की तेजी रही। बीईएल, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, भारती एयरटेल, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक भी बढ़त में रहे। पावर ग्रिड में 1.51 फीसदी, इटरनल में 1.47 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.08 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 0. 95 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़त देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 201 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 1,496 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,009,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,750 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,800 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,985 रुपए बढ़कर 99,147 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 26,673 रुपए बढ़कर 1,12,690 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी पहले स्थान पर, रजिस्ट्रेशन में भी आगे

**लखनऊ, वार्ता**

■ अक्षय ऊर्जा दिवस पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दी जानकारी

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश अब देश में अग्रणी राज्य बन गया है। प्रदेश ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही रजिस्ट्रेशन में भी आगे है।

अक्षय ऊर्जा दिवस पर सोलर ऊर्जा को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखते हुए प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पीएम सूर्य घर योजना में उत्तर प्रदेश ने जुलाई 2025 माह में 27,771 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन के साथ सभी राज्यों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं प्रति दिन इंस्टॉलेशन में भी हम अब पहले नंबर पर हैं। ऊर्जा मंत्री ने आगे लिखा कि अब तक के कुल 196,327 इंस्टॉलेशन के साथ, यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। जल्द ही शीर्ष राज्य बनने की ओर हम अग्रसर है। एके शर्मा ने कहा है कि पंजीकरण में भी हम पहले से ही प्रथम स्थान पर थे। उन्होंने 2017 से 2025 तक के आंकड़ों को शेयर करते हुए लिखा है कि यूपी में कुल सौर ऊर्जा क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2017 में जहां ऊर्जा क्षमता 389 मेगावाट थी। वहीं 2022 में 2,244 मेगावाट और 2025 में 5,157 मेगावाट हो गई है। शर्मा ने कहा कि बायो ऊर्जा परियोजनाओं में भी हम अग्रणी राज्य बन रहे हैं। 230 टन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता के साथ हम कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) के उत्पादन में देश में नंबर एक पर हैं।

### किसानों से ठगी-बेइमानी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा: शिवराज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी। चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था। कृषि मंत्री ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत आज...**

दिन आईएसएस पर पहले से मौजूद नासा की एक अंतरिक्ष यात्री उनके पास आई और पूछा कि क्या वह देखना चाहेंगे कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है। नासा की अंतरिक्ष यात्री ने आईएसएस में बनी खास खिड़की से श्री शुक्ला को भारत दिखाया। भारत के गगनयान मिशन के संभावित क्रू सदस्यों में से एक श्री शुक्ला ने बताया कि उस समय धरती पर रात थी। पहले दक्षिण में हिंद महासागर के ऊपर पूरा अंधेरा दिखा और फिर अचानक लगभग त्रिकोणाकार भारत दिखा, जो रौशन था। यह काफी अद्‌भुत रहा। उन्होंने कहा कि उसके बाद उन्होंने कई बार भारत को देखा, लेकिन पहली बार का दृश्य उनके दिल में उतर गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अंतरिक्ष से 'सारे जहां से अच्छा दिखता है।'

**ऑनलाइन...** कि विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता है। इसके बाद वह मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने का प्रयास करने लगे, तो श्री हरिवंश ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उप सभापति ने कहा कि विधेयक पर चर्चा हो रही हो, तो कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री ने पीठ की अनुमति से बोलते हुए श्री खड़गे की बात पर आपत्ति जताई और कहा कि पीठ पर प्रश्न उठाना ठीक नहीं है। विपक्ष के नेता विषय पर तो बोलते नहीं हैं और पीठ पर सवाल उठाने लगते हैं। विपक्ष ने पूरे मानसून सत्र में कार्यवाही चलाने में सहयोग नहीं किया। उपसभापति ने सदन में तख्ती लेकर आने के विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद जताते हुए कहा कि तख्ती लाना सदन की परंपरा के विपरीत है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान (130वां) संशोधन विधेयक और उसके साथ लोकसभा में प्रस्तुत दो विधेयकों की समीक्षा कर उस पर सिफारिश के लिए लोकसभा द्वारा प्रस्तावित संयुक्त समिति में शामिल होने और इसके लिए राज्य सभा के दस सदस्यों को उप सभापति द्वारा नामित किए जाने के प्रस्ताव को रखा, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग विधेयक को मंजूरी मिलने के साथ ही उप सभापति ने सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भ्रूण लिंग परीक्षण करते रंगे हाथ पकड़ा गया युवक

**मुजफ्फरनगर।** भ्रूण लिंग परीक्षण रोकने को स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पानीपत पीसीपीएनडीटी टीम (हरियाणा) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद मुजफ्फरनगर के रामपुर गाँव में छापेमारी की।

यह कार्रवाई पूर्व में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें संदेह था कि यहाँ अवैध रूप से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन का संच. ालन किया जा रहा है। आरोपी देवबंद निवासी अनीस अहमद पुत्र खलील अहमद के पास से 10 हजार रुपये, पोर्टेबल मशीन आदि उपकरण बरादम कर थाना पुलिस का सौंपा गया। हरियाणा से छापेमारी करने के लिए टीम डिकाय महिला लेकर पहुंची, जिसने भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए आरोपी को मांगी गई फीस 35 हजार रुपये दी, जिसके बाद हरियाणा पीसीपीएनडीटी टीम ने आरोपी को पकड़ लिया।

हरियाणा से पहुंची टीम में पानीपत के पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. अभय बतस, डॉ. ललित कुंदू, डॉ. ज्योति, महिला चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन कार्यालय, पानीपत (हरियाणा) मौजूद रहे। मुजफ्फरनगर सीएमओ कार्यालय से एसीएमओ डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. विपिन कुमार, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी भी शामिल रहे। सीएमओ डा. सुनील तेवतिया ने बताया कि भ्रूण लिंग परीक्षण न केवल कानूनी अपराध है बल्कि समाज में बेटियों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## नाले में गिरे वृद्ध की डूबने से मौत

**भोपा।** गांव जिंदावाला में 65 वर्षीय महेंद्र सिंह की नाले मे गिरकर पानी में डूबने से मौत हो गई। सर्च अभियान के दौरान व्यक्ति का शव नाले से बरामद हुआ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव जिन्दावाला निवासी महेंद्र सिंह पुत्र राजाराम गुरुवार की सुबह घूमने के लिए घर से निकला था। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं लौटने पर चिंतित परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने ग्रामीणों संग आसपास तलाश शुरू कर दी। जहां पास मे में ही बह रहे गहरे नाले के पानी में एक चादर चप्पल नजर आई जो महेंद्र सिंह की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टिया महेंद्र सिंह की मौत नाले में पैर फिसलने कर गिर जाने से हुई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# फरार प्रेमी युगल ने चंडीगढ़ पहुंचकर मौत को लगाया गले

## सुसाइड नोट में खुद को बताया मौत का जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** क्षेत्र से फरार हुए प्रेमी युगल ने चंडीगढ़ पहुंचकर मौत को अपने गले लगा लिया। सुसाइड नोट में दोनों ने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बताया।

पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना से दोनों प्रेमी युगल के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव बेगरा. जपुर से 18 मई को एक प्रेमी युगल घर से फरार हो गया था।

इस मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी थी।पुलिस तभी से उनको तलाश भी कर रही थी। लेकिन इसी बीच गुरुवार को खबर आई की फरार प्रेमी युगल के शव चंडीगढ़ के एक होटल से बरामद हुए हैं।बताया गया कि उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। यह खबर मिलते ही दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया।पुलिस टीम परिजनों को लेकर चंडीगढ़ पहुंची।और पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

एसएसपी संजीव वर्मा ने बताया कि उनके पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। जिसमें उन्होंने अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को ठहराया है।

# चरथावल की युवती को नौकरी का झांसा देकर डेरा संचालक ने की छेडछाड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल क्षेत्र की एक युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर यमुना नगर के एक डेरे में रखा गया और उसके साथ छेडखानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया गया। ऐसा आरोप पीडित युवती ने सम्बन्धित थाने की पुलिस को एक तहरीर देकर लगाया है। पुलिस ने आरोपी डेरा संचालक के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। पीडिता ने यह भी आरोप लगाया था कि यह मामला किसी को बताने पर उसको धमकी भी दी गई है। अब उस पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया।

कस्बा चरथावल के निवासी युवती जिसकी उम्र 24 वर्ष ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया गया कि फर्कपुर यमुनानगर के डेरा संचालक जो अपने को ब्रहमचारी भी बताता है, ने 13 जनवरी 2024 को उसमें डेरे में बुलाकर नौकरी का झांसा दिया था तभी से वह डेरे में रहती थी। पीडिता का कहना है इसी बीच ब्रहमचारी ने उसके साथ छेडखानी की और विरोध करने पर चुप रहने को कहा। पीडिता ने पुलिस को बताया कि उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने के भी प्रयास किये गये। जब भी युवती ने विरोध किया तो उसको धमकी दी गई पीडिता का कहना है कि वह किसी तरह वहां से भागी है। पीडिता ने यह भी बताया है कि पांच अगस्त को ग्राम घिस्सूखेडा के युवक व उसकी बहन द्वारा उसको फोन पर धमकी दी गई है। पीडिता का आरोप है कि वह कई थाने पहुंचकर शिकायती करती रही लेकिन यमुनानगर पुलिस दूसरे मामले में कार्यवाही नही कर रहे हैं। पीडित युवती ने अपनी व अपने परिवार की जान माल की गुहार भी लगाई है।

## किसान की ट्यूबवैल से सामान चोरी

**छपार।** रात्रि में अज्ञात चोरों ने किसान की टयूब्वेल से बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया।पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर दी है। गांव खामपुर निवासी किसान मोहम्मद ईनाम ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार की रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों ने उसकी टड्वेल पर रखा बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया। सुबह जब वह खेत में काम करने गया तो टड्वेल से ट्रांसफार्मर गायब था। उसने विधुत कर्मचारियों को सूचना दी वे भी मौके पर पहुंचे ओर मौका मुआयना किया। किसान ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# चोर की अवफाह फैलाने वाले आठ हिरासत में



**मुजफ्फरनगर।** चोर के शोर पर वार करते हुए पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। पुलिस का कहना है कि यह लोग चोर की झूठी अवफाह फैलाकर शांति भंग कर रहे थे। वहीं पुलिस ने बीती देर रात तीन ड्रोन को सीज कर मुकदमे की कार्यवाही की है।

नई मंडी पुलिस का कहना है कि काफी समय से चोर का शोर बताकर लोगों को भयभीत कर शांति भंग करने में कुछ लोग प्रकाश में आये थे। पुलिस ने इस मामले में हसीन पुत्र मौ.सगीर, सुहैल पुत्र हसीन, शाहरूख व कसीम पुत्रगण हसीन, सचिन पुत्र जितेन्द्र, मनीष पुत्र धर्मेन्द्र, योगी उर्फ विवेक पुत्र हरिमल, कार्तिक पुत्र कृष्णकुमार निवासीगण नसीरपुर थाना नई मंडी कातवाली को गिरफतार किया गया। पुलिस का कहना है कि यह लोग अपने क्षेत्र की झूठी अवफाह फैलाकर शांति भंग कर रहे थे। पुलिस ने लिखा पढी के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया है। वही दूसरी ओर पुलिस ने ड्रोन पर भी कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि मंडी क्षेत्र में खिलौनो की दुकान व अन्य स्थानों को चैक किया तो बिना अनुमति के ड्रोन रखने वाले राज्जू खन्ना पुत्र रामलाल खन्ना निवासी नुमाईश कैंप, सिविल लाईन व शाहिद पुत्र तहसीन निवासी बिलासपुर थाना नई मंडी कोतवाली की दुकान से तीन ड्रोन बरामद किये है। पुलिस ने तीनों ड्रोन को सीज कर दिया है।

# पत्रकारों पर हमले, अवैध कार्यों पर प्रशासन मौन

**चरथावल।** योगी सरकार मे जहाँ पत्रकारों को पूरा मान सम्मान व घटना की पूरी पूरी जानकारी देने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए हुए है घटना की पूरी जानकारी से जहाँ आम जनता के सामने पूरी की पूरी सच्चाई आ सके और प्रदेश मे कानून का राज स्थापित हो सकेस वही जबसे प्रदेश मे योगी की सरकार बनी है

तबसे बहुत बड़े बदलाव प्रदेश मे देखने को मिले है पहले की सरकारों मे जहाँ माफियाराज हावी रहता था और बड़े बड़े माफिया अपनी माफियागिरी चलाते थे वही योगी की सरकार मे जहाँ बड़े बड़े माफियाओ की हवा निकल गयी है और वह जेलों की हवा खा रहे हैस लेकिन अब भी कुछ अधिकारी अपनी कार्यशेली मे बदलाव करने को तैयार नहीं हैसऔर सरकार की छवि को जमकर पलिता लगा रहे है और चरथावल क्षेत्र में पत्रकारों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बल्कि स्थानीय पत्रकारों का आरोप है कि जब वे क्षेत्र में चल रहे अवैध कार्यों की रिपोर्टिंग करते हैं, तो उन्हें धमकियाँ दी जाती हैं और जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ता है।और खबर प्रका. शित होने के बाद भी पत्रकारों को हमले और झूठे आरोपों का सामना करना पड़ता है बल्कि खुलेआम अवैध कार्यो को अंजाम देने वाले तत्व पत्रकारों को फर्जी मामलो मे भी फसाने की धमकी देते नजर आते है अब पत्रकारों ने इन सबसे परेशान होकर अपनी समस्याओ से मुख्यमंत्री सहित भारतीय प्रेस परिषद को भी अवगत कराने की बात कही है और पत्रकारों को समाचार छापने के बाद आ रही परेशानियों से भी पूरा पूरा अवगत भारतीय प्रेस परिषद को कराने की बात कही है पत्रकारों के इस कदम से पत्रकारों को पूरा पूरा न्याय मिलने की उम्मीद जगी है सूत्रों के अनुसार, पूर्व में उत्तर प्रदेश मे सत्ता में रही एक राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता खुलेआम अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

इन कार्यों के खिलाफ समाचार प्रकाशित करने पर पत्रकारों को धमकाया जाता है, और थाना प्रभारी आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते। बल्कि पत्रकारों के हमलावरो को पूरा पूरा संरक्षण थाना प्रभारी देते नजर आते है चौंकाने वाली बात यह है कि थाना प्रभारी पत्रकारों के खिलाफ झूठी तहरीर पत्रकारों पर फर्जी मुकदमा लिखने की बात करते नजर आते है जबकि हमलावर खुलेआम घूमते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति न केवल प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है, बल्कि कानून व्यवस्था की विफलता भी दर्शाती है।एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2012 से 2022 के बीच पत्रकारों के खिलाफ 427 आपराधिक मामले दर्ज हुए। वहीं 2014 से 2019 के बीच 198 गंभीर हमले हुए और चालीस पत्रकारों की मौत हुई। इनमें से कई हमले अवैध कार्यों की रिपोर्टिंग करने पर हुए, जैसे रेत खनन, शराब माफिया और राजनी. तिक भ्रष्टाचार।

**प्रशासनिक निष्क्रियता पर उठे सवाल**

चरथावल में पत्रकारों पर हो रहे हमलों और प्रशासन की निष्क्रियता ने योगी सरकार की छवि पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय पत्रकारों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# सेना के अफसरों ने पूरी की तैयारी, आज से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड में 22 अगस्त से आठ सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो रही है। मेरठ आर्मी रिक्रूटमेंट टीम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस भर्ती में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के लगभग 17 हजार अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

कर्नल सत्यजीत बेवले ने बताया कि कुल 63 हजार युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 17 हजार अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। भर्ती में प्रतिदिन लगभग एक हजार अभ्यर्थी दौड़ लगाएंगे।भर्ती के पहले दिन गौतमबु)नगर और शामली जनपद के युवा शामिल होंगे। बारिश के मौसम को देखते हुए दौड़ के लिए नुमाइश ग्राउंड में बने पक्के ट्रैक का इस्तेमाल किया जाएगा।कर्नल ने स्पष्ट किया कि आर्मी इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम दलालों और नशा कर आने वालों पर कड़ी नजर रखेगी। फर्जी कागजात वालों को सीधे पुलिस के हवाले किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को केवल अपनी मेहनत पर विश्वास करने की सलाह दी

इस बार दौड़ को चार ग्रुप में बांटा गया है जिनमें ग्रुप 1: 5 मिनट 13 सेकंड, ग्रुप 2: 5 मिनट 16 सेकंड, ग्रुप 3: 6 मिनट, ग्रुप 4: 6 मिनट 15 सेकंड, 6 मिनट 15 सेकंड वाला ग्रुप भी अब चयनित होगा। 22 अगस्त से 5 सितंबर तक दौड़, जबकि 6 से 8 सितंबर तक मेडिकल और अन्य प्रक्रियाएं होंगी। भर्ती में जनरल डड्यूटी, क्लर्क, एसकेटी, टेक्निकल और ट्रेडमैन पदों पर चयन होगा। एक अभ्यर्थी दो कैटेगरी में आवेदन कर सकता है। जिलावार भर्ती शेडयूल 22 अगस्त गौतमबुद्धनगर (दादरी, जेवर) और शामली (कैराना, ऊन, शामली), 23 अगस्त बिजनौर (नगीना, धामपुर, चांदपुर), 24 अगस्त नजीबाबाद, बागपत (बड़ौत, खेखड़ा),25 अगस्त सहारनपुर (बेहट, नकुड़, देवबंद) और बुलंदशहर (खुर्जा), 26 अगस्त बुलंदशहर (सिकंदराबाद, डिबाई, शिकारपुर, अनूपशहर), 27 अगस्त स्याना व बुलंदशहर, 29 अगस्त अमरोहा (धनौरा, हसनपुर) और रामपुर, 30 अगस्त मुरादाबाद (बिलारी, ठाकुरद्वारा) और गाजियाबाद (मोदीनगर, लोनी),31 अगस्त हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर, धौलाना) और मेरठ (सरधना) 01 सितंबररू मेरठ (मवाना)2 सितंबर मुजफ्फरनगर (बुढ़ाना, खतौली, जानसठ), 03 सितंबर तकनीकी भर्ती (13 जिले), 04 सितंबररू ट्रेडमैन भर्ती (सभी जिले)05 सितंबर क्लर्क व एसकेटी भर्ती (सभी जिले)

## गोमांस बैंचने जा रहा तस्कर मुठभेड़ में घायल

**बुढ़ाना।** गौमांस बैंचने जा रहे दो तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने एक तस्कर को गोली मारकर पकड़ लिया जबकि उसका साथी ईख के रास्ते भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने मौके से दो कुंटल गौमांस, तमंचा, कारतूस और स्कूटर रेहड़ा बरामद किया है। बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस को खबर मिली 2 युवक कांधला क्षेत्र में आवारा गौवंश की हत्या कर उसके मांस को स्कूटर रेहड़े में लादकर मेरठ बैंचने जा रहे हैं।

तब पुलिस ने रेहड़ा चालक को रोका तो दोनों युवक रेहड़े को मोड़कर बायवाला चौराहे की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने दोनों का पीछा किया। आगे चलकर दोनो व्यद्रियों ने रेहडा स्कूटर को कच्चे रास्ते मोड दिया। रास्ता कच्चा होने के कारण रेहडा जमीन में फंस गया तथा स्कूटर अनियंत्रित होकर गिर गया। दोनो व्यक्ति रेहडे स्कूटर को छोड़कर पुलिस टीम पर फायर करते हुए ईख के खेत की तरफ भागने लगे। जिसमें एक सिपाही बाल बाल बच गया। तब पुलिस ने गोली मारकर एक तस्कर पकड़ लिया जबकि दूसरा भाग गया। पुलिस टीम ने घायल तस्कर को हस्पताल पहुंचाकर फरार युवक की तलाश में काम्बिंग की मगर कोई सफलता नहीं मिली। घायल तस्कर ने अपना नाम साब. द्दीन निवासी गांव निरपडा हाल निवासी कैराना जिला शामली बताया। घायल तस्कर पर पूर्व में 7 मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाल आनन्द देव मिश्र और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार सहित अन्य कई पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

# लेखपाल संघ की कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित, सत्येंद्र कुमार बने अध्यक्ष



**मुजफ्फरनगर।** लेखपाल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध हुआ इस अधिवेशन का आयोजन प्रदेश महामंत्री व अन्य पदाधिकारियों की निगरानी में किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ। इस बार सत्येंद्र कुमार को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा ऐनुल हसन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रामपाल सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सियानंद मंत्री, सौरभ सिंह उपमंत्री, अनंत शर्मा कोषाध्यक्ष और ओमवीर मलिक लेखा परीक्षक चुने गए हैं।नवनिर्वाचित अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी साथियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि लेखपालों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से समन्वय बनाकर कार्य करूंगा। उन्होंने यह भी बताया कि एक लेखपाल साथी की पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं, जिसके मद्देनज़र उनके स्थानांतरण की मांग जिलाधिकारी से की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इस पर सकारात्मक आश्वासन भी दिया गया है। सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कई लेखपालों के लंबित भुगतान को लेकर भी डीएम से वार्ता की गई है, और जल्द ही इसका समाधान होगा। साथ ही उन्होंने नई भर्ती लेखपालों से मनोयोगपूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने की अपील की और कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक विशेष ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया जाएगा, ताकि अनुभवी लेखपालों से संवाद कर नवागंतुकों को मार्गदर्शन मिल सके। नई कार्यकारिणी के गठन से लेखपाल संघ के सदस्यों में उत्साह का माहौल है और सभी को नवनिर्वाचित टीम से सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है।

# एसएसपी से मिले शाहपुर के ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में थाने पर हंगामा व मार्ग पर जाम लगाने के बाद पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर ग्रामीण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिले। एसएसपी ने ग्रामीणों के द्वारा किये गये हंगामे व प्रदर्शन पर रोष प्रकट किया।

बता दें कि बुधवार को शाहपुर थाने पर ग्रामीणों की भीड़ ने प्रदर्शन व घेराव करते हुए हंगामा किया था। मामला किशोरी से दुष्कर्म का था जिसमें ग्रामीण कुछ ओर लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे। हालांकि पुलिस बार-बार कार्यवाही का आश्वासन देकर कह रही थी कि किशोरी के कोर्ट में बयान देने के बाद कार्यवाही की जायेगी लेकिन ग्रामीण हंगामा करते रहे लेकिन उन्होंने मुख्य मार्ग को भी अवरूद्ध कर दिया इसके बाद पुलिस ने हंगामा करने वाली भीड पर लाठिया भांजकर उन्हे तितर बितर किया था। इस दौरान एक व्यक्ति ने आत्मदाह का भी प्रयास किया था। पुलिस ने महिला सहित कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी के साथ ग्रामीण पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसएसपी व एसपी देहात को मिलकर दर्ज किये गये मुकदमे को खत्म करने की मांग करते हुए मुकदमे में नामजद आरोपी व अन्य लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। इस दौरान एसएसपी ने कार्यवाही का आश्वासन तो दिया लेकिन साथ ही थाने पर हंगामे और मार्ग पर जाम लगाने पर रोष भी जताया।

# वोट चोरी के खुलासे पर सपा महिला सभा का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी महिला सभा के बैनर पर जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी के नेतृत्व में महिलाओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी के मामलों की जांच कर लो. कतंत्र की रक्षा करने की मांग की गई।

गुरुवार को महावीर चौक स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे समाजवादी महिला सभा से जुड़ी महिलाओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग लगातार अपनी निष्पक्षता और विश्वसनीयता खो रहा है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी लाखों मतदाताओं के वोट फर्जी तरीके से चोरी किए गए, मृतक या लापता बताकर नाम काटे गए, जिसकी शिकायत समाजवादी पार्टी ने 18 हजार शपथपत्रों के साक्ष्यों के साथ आयोग को दी थी। बावजूद इसके, चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला सभा ने आरोप लगाया कि मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से बढ़े मतदान की सीसीटीवी रिकार्डिंग उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे बूथ लूट और धांधली का संदेह गहराता है। ज्ञापन में कहा गया कि यह स्थिति लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता सवालों के घेरे में है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, समाजवादी महिला सभा की पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभा यादव, जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, जिला उपाध्यक्ष शमशेर मलिक,पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा डा इसरार अल्वी, सपा नेता नासिर खान,समा. जवादी महिला सभा जिला महासर्. चव वकीला बेगम,नगर अध्यक्ष मीरापुर संतलेश,ब्लाक अध्यक्ष पुरकाजी सोनिका पाल, प्रियांशी निक्की, रिया पाल, काजल,हरबीरी,

सुमन, सरीता, पूनम, फातमा बेगम, मानसी, गुल्फ़शा, निशा कात्यान, परमिता,लक्ष्मी रानी,मंजू ललिता, लीलावती, विपाशा, कमलेश, पिंकी, सोनिया, रोशनी, मधु सहित सैकड़ों महिलाए मौजूद रही।

# राशन डीलर ने कलेक्ट्रेट में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब अचानक ही दो लोगों के बीच मुंह भासा के बाद मारपीट शुरू हो गई।

अचानक हुए विवाद से यहां लोगों में हड़कंप मच गया। एक व्यक्ति दूसरे युवक पर लगातार थप्पड मारकर उसे दलाल कहते हुए उस पर भ्रष्ट्राचारी का आरोप लगा रहा था।

आज सवेरे लोग कचहरी में अपने-अपने काम के लिए आये थे और अधिकारीगण भी अपने-अपने कार्यालय में काम कर रहे थे इसी बीच कलेक्ट्रेट के पास रखे वाटर कूलर के निकट दो लोगों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। गहमागहमी के चलते यहां लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। लेकिन काफी समय तक यह कोई नही जान पा रहा था कि मामला क्या है। एक व्यक्ति दूसरे युवक पर लगातार थप्पड की बरसात करता रहा। काफी समय बाद पता चला कि थप्पड मारने वाला व्यक्ति राशन डीलर है और जिसके साथ मारपीट हो रही है उसको राशन डीलर दलाल बता रहा है। सूत्रों का यह भी कहना था कि राशन डीलर की पिटाई खाने वाला पूर्ति विभाग में दलाली का काम करता है। आरोप है कि वह यहां आने वाले लोगों से पैसो की मांग करता है और इसी के चलते दूसरा व्यक्ति मारपीट का विरोध नही कर पा रहा था। दूसरा व्यक्ति अपना बचाव करता रहा। इस दौरान दोनों हंगामा करते हुए बाहर की ओर चले गये। यह मामला अधिकारियों के भी संज्ञान में पहुंचा लेकिन उस वक्त तक राशन डीलर व दूसरा व्यक्ति यहां से जा चुका था।

## रबर से भरे कैंटर में लगी आग, जलकर हुआ स्वाह

**भोपा।** भोपा- मोरना मार्ग पर रबड़ से भरे कैंटर में अचानक आग लग जाने से राहगीरों मे भगदड मच गयी। ग्रामीणों ने चालक को बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। भोपा थाना क्षेत्र के मोरना मार्ग स्थित गांव रहकड़ा पुलिया के निकट गुरुवार को वेस्ट रबड़ से भरे कैंटर में अचानक आग लग गई। केंटर चालक मौ. हारुन उर्फ आरिफ पुत्र सखावत अली निवासी खेड़ी कुरैश थाना खतौली ने इस बाबत थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह नोएडा से वेस्ट रबर भरकर पुरकाजी गन्ना कोल्हू के लिए लेकर जा रहा था। जैसे ही वह भोपा क्षेत्र मे पहुंचा तभी कैंटर के डैस बोर्ड में शॉट सर्किट से आग लग गई। राहगीरों ने शोर मचाकर चालक से कैंटर रो. कने को कहा तो चालक हारून ने कैंटर रोक दिया। इसी दौरान उसकी खिड़की लोक हो गई। ग्रामीणों ने खिड़की तोड़कर उसे बाहर निकाला। फायर ब्रिगेड के पहुँचने के पूर्व कैंटर व उसमे भरी रबर जल चुकी थी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## मृतक अक्षित मानसिक रूप से चल रह था परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** ग्राम संभलहेड़ा निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के उसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर कर दिया।

ग्राम संभलहेड़ा निवासी अक्षित पुत्र राजू उम्र 20 वर्ष गांव में दूध का कार्य करता था। बताया गया है कि वह वजह से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी कारण उसने गुरुवार को अपने घर के कमरे में संदिग्ध परिस्तिथियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़कर अक्षित को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को गंगा बैराज ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। अक्षित की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर है। इस मामले में क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं है। हालांकि परिजनों ने बिना किसी कार्यवाही के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। इस मामले से परिजन हताहत है।

# द एसडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**मुजफ्फरनगर।** द एसडी पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक रही। भ्रमण की शुरुआत विद्यार्थियों ने महाभारत पर आधारित 3क फिल्म देखकर की, जिसने इतिहास को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान किया। इसके पश्चात् विद्यार्थियों ने तारामंडल द्धप्लैनेटेरियमत्र में तारों, ग्रहों और आकाशगंगाओं की अद्भुत दुनिया का अनुभव किया। विज्ञान संग्रहालय में विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन से जुड़े अनेक वैज्ञानिक प्रयोगों का अवलोकन किया, जिससे कठिन सिद्धांत भी सरल और समझने योग्य लगे। साथ ही, विज्ञान सभागार में आयोजित सत्र में शिक्षकों ने कई रोचक व उपयोगी प्रयोगों का प्रदर्शन किया, जिसने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया।

यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक एवं रोचकपूर्ण रहा, अपितु इससे उनके ज्ञान और अनुभव में भी वृद्धि हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या मती नीलम महाना जी ने टीम भारतीय मानक ब्यूरो श का हृदय से धन्यवाद किया और कार्यक्रम के प्रबंधक राजीव वर्मा एवं मती सुची द्विवेदी के सहयोग हेतु विशेष आभार व्यक्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय से सहायक शिक्षकगण नीरज गोयल, प्रणव गोयल, मती पायल गर्ग एवं अमीषा भारद्वाज भी साथ रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# सड़क किनारे बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी

## 70 वर्षीय पदम निवासी मांडी के रूप में हुई मृतक कर पहचान

**शाह टाइम्स सवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र के बघरा के मजरा पीरबढ़ में सड़क किनारे एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

तितावी थाना क्षेत्र के पीरबढ़ में गुरुवार प्रात: 9.30 बजे सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों ने शव की सूचना 112 डायल को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जानक. ारी प्राप्त की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराई। तितावी थाना प्रभारी पवन चौधरी ने बताया कि शव शिनाख्त लगभग 70 वर्षीय पद्म उर्फ पादा पुत्र रंजीत जोगी निवासी मांडी के रूप में हुई। जो गांव में मांगता फिरता था।

बॉडी पर किसी तरह की चोट का निशान नहीं था। मृतक की जेब से रोडवेज़ बस का टिकट मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## बेहोशी की हालत में मिला लापता हुआ नौकर

**छपार।** खेत में ईंख बंधाई करने गया नौकर रहस्यमय ढंग से लापता है गया था। वह रात्रि में गांव खिंदडिया के पास सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला। होश में आने बताया कि बदमाशों ने उसकी पिटाई की है। गांव तेजलहेडा निवासी सुधीर एडवोकेट का नौकर आशू बुधवार को सुबह खेत में ईंख बंधाई करने गया था जब दोपहर तक वापस नहीं लौटा तो तो जंगल में काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। सुधीर ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे ओर जंगल में काम्बिंग ली लेकिन सफलता नहीं मिली।

रात्रि में ग्रामीण उसकी जंगल में तलाश कर रहे तो गांव खिंदडिया के निकट सड़क के किनारे बेहोशी की हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने होश में आने पर बातचीत की उसने बताया कि चार बदमाश आये ओर सड़क का रास्ता बताने को जबरन ले गये विरोध करने पर उसकी पिटाई की जब वह बेहोश हो गया तो बदमाश फरार हो गये। पूछताछ के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

# मोनू की मौत में शामिल एक और आरोपी हुआ लंगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** चार दिन पूर्व पब्लिक की पिटाई से घायल होने के अगले दिन ही इलाज के अभाव में घर पर ही मरे मोनू खटीक के मामले में अज्ञात लोगों सहित नामजद हुए 11 आरोपियों में से 04 आरोपी बृहस्पतिवार को बुढ़ाना पुलिस के हत्थे चढ़ गये। जिनमें से एक आरोपी को गोली लगी है जबकि 3 अन्य आरोपी पकड़ लिए गये हैं। इससे पहले एक आरोपी को भी गोली मारकर पकड़ लिया गया था। इस हिसाब से अब इस मामले में 1 अज्ञात समेत कुल 5 लोग पकड़े जा चुके हैं जबकि 3 अज्ञात समेत 6 आरोपी फरार हैं। पुलिस सभी की तलाश कर रही है। कस्बे मे 4 दिन पूर्व कुछ लोगों ने एक युवक को चोर बताकर पीटा था। अगले दिन वह अपने घर पर अपने बिस्तर में मृत मिला था। इस मामले में हंगामा हुआ तो पुलिस ने मृतक की पत्नि की तहरीर पर 7 नामज़द व 4 अज्ञात लोगों के विरु) संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर एक अज्ञात युवक जिसका नाम सादिक जांच में प्रकाश में आया उसे गोली मारकर पकड़ लिया जबकि दूसरा आरोपी इरफान आज गोली मारकर पकड़ लिया गया। नवाब, सलमान व साकिब भी पकड़ लिए गये। कुल 5 आरोपी अब तक हत्थे चढ़े हैं जबकि 6 आरोपी फरार हैं।घ चर्चा के मुताबिक इन आरो. पियों में से कुछ लोगों की नामजदगी गलत है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। उधर रोजाना कोई ना कोई बाहरी नेता कस्बे में आकर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहा है। उधर बुढ़ाना पुलिस इस केस में किसी के दबाव में आकर किसी भी बेकसूर युवक को फंसाने के मूड मे नहीं है।

## राजकीय इंटर कालेज में हुई दौड़ प्रतियोगिता

**बुढ़ाना।** अफकार इंडिया फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से बुढ़ाना के राजकीय इंटर कॉलेज सफीपुर पटी में एक सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौड़ का उद्देश्य स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के मन में आपसी सद्भाव एवं भाईचारे की भावना को जागृत करना था। दौड़ कार्यक्रम के दौरान अफ़कार इंडिया फाउंडेशन के कार्यकर्ता राहुल कुमार द्वारा सद्भावना दौड़ प्रतियोगिता के विषय बताया गया। जिसमें सभी बच्चों से अनुशासन से प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही गई। इसके बाद दौड़ने संबंधी नियम समझाए गए। प्रधानाचार्य अजीत कुमार द्वारा बच्चों को हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता की शुरुवात की गई। प्रतियोगिता में 10 लड़कियो और 21 लड़कों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रतियोगिता को 2 राऊंड पूर्ण कराया गया। पहले राउंड में इंशा, सानिया, सद्दाम व संदीप प्रथम स्थान पर आए। सादिका, मानवी, जुनेद, प्रिंस द्वितीय स्थान पर आए। कलसुम,अमन, नजाकत, निक्की तृतीय स्थान पर आए। यहां अफ़कार इंडिया फाउंडेशन टीम से राहुल कुमार, यासमीन, बिलाल चौधरी, रुपक कुमार, बिलाल अहमद, आबिद मजीदी, राजकीय इंटर कॉलेज सफीपुर पटी बुढ़ाना के प्रधानाचार्य अजीत कुमार व अध्यापक राहुल कुमार समेत अन्य शिक्षक थे।

# अधिकारियों ने जर्जर आंगनवाड़ी भवन का किया निरीक्षण



**बुढ़ाना।** गांव मदीनपुर खिजरपुर के आंगनबाडी भवन की जर्जर हालत को लेकर इंजिनियर मौहम्मद अरशद ने लगातार प्रयास किए।

विभाग को कई शिकायतें की। इन शिकायतों के बाद बृहस्पतिवार को विभागीय अधिकारी आरजीएस के माध्यम से मौके पर पहुंचे और जर्जर आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिका. रियों ने भवन की छत व दीवारों को अत्यंत खतरनाक स्थिति में पाया। मोहम्मद अरशद ने अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत कराया कि भवन की हालत इतनी खराब है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यहां प्रधान की भूमिका पर भी सवाल उठे क्योंकि प्रधान स्वयं मौके पर नहीं आए बस अपने प्रतिनिधि को ही भेजा। ग्रामीणों ने इस पर भारी रोष जताया हालांकि निरीक्षण के बाद ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने प्रस्ताव भेजने की बात कही ताकि भवन की मरम्मत का कार्य अतिशीघ्र हो सके। इंजिनियर मोहम्मद अरशद ने बताया कि फिलहाल हम अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन से संतुष्ट हैं लेकिन यदि यह कार्य समय पर नहीं कराया गया तो वे सीधे डीएम से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। उधर अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

# मोनू की हत्या करने वालों को हो फांसी की सजा: यशवीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** स्वामी यशवीर महाराज ने मोनू की हत्या पर उसके परिजनों से मिलकर रोष व्यक्त किया और कहा कि सभी हत्यारों को फांसी की सजा हो या फिर सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाए।

बघरा योग साधना यशवीर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर जी महाराज आज बृहस्पतिवार के दिन मृतक मोनू खटीक के परिजनों से मिले। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और मोनू हत्याकांड को एक सोची समझी साजिश करार दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बुढ़ाना की मुस्लिम बस्ती में मोनू की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। यह सभी जगह तथा योजनाबद्ध तरीके से हो रहा है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि दारूल उलूम देवबंद तथा अन्य मुर्घस्लिम संगठन ऐसे अपराधियों का खर्च उठा रहे हैं। जिस कारण जिहादी बढते जा रहे हैं।

उन्होंने कुछ हिंदुओं को भी निशाना बनाते हुए कहा कि उन्हें अपराधियों के बारे में जानकारी है तो वे अपराधियों को पकडकर पुलिस को सौंप दें। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि ऐसे अपराधियों को कडी सजा मिले। यहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के वीरेंद्र कुमार, मंत्री सोनव. ीर सिंह और खटीक समाज के मुखिया राकेश जौहरी आदि लोग मौजूद थे।



बुढाना: मृतक मोनू की हत्या पर शोक व्यक्त करने पहुंचे स्वामी यशवीर महाराज।

# सड़क हादसे में दो सिपाही घायल, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाने पर तैनात दो कॉस्टेबल गुरुवार को डयूटी पर जाते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। मंसूरपुर क्षेत्र में बेगराजपुर मेडिकल के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला और पुरुष कॉस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, महिला सिपाही प्रति एसपी सिटी कार्यालय में डयूटी हेतु जा रही थीं जबकि कॉस्टेबल मनीष डाक लेकर मुजफ्फरनगर जा रहे थे। दोनों जैसे ही मंसूरपुर थाना क्षेत्र में बेगराजपुर मेडिकल के समीप पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।

इधर, हादसे की सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मंसूरपुर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक थाने में कोई तहरीर दर्ज नहीं कराई गई थी।

# विवादित भूमि को लेकर एसडीएम से मिले भाजपा नेता

**बुढाना।** कस्बे के चर्चित खसरा नंबर 2777 में स्थित भूमि के बारे में भाजपा नेता आदेश त्यागी बृहस्पतिवार को बुढाना उप जिला. धिकारी अपूर्वा यादव से मिले। जिसमें आदेश त्यागी ने बताया कि बुढ़ाना कस्बे में स्थित खसरा संख्या 2777 है। जो सरकारी भूमि है उस पर कुछ भूमाफियाओं ने काफी दिनों से अवैध कब्जा किया हुआ है। यह भूमि कस्बे में नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा बनाए जा रहे रोडवेज बस अढे के पास करीब 30 बीघा है। जिसकी कीमत करोड़ों रुपए मे है। इस भूमि पर अब्दुल आदि भू माफियाओ ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। इन व्यक्तियों ने सरकारी, अन्य जमीनों व तालाब आदि पर भी अवैध कब्जे कर रखे हैं। ये व्यक्ति योजना बनाकर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे करते हैं। पहले तो कुछ दिनों तक अवैध कब्जे करके ये भू माफिया वहां पर चारदीवारी बनाते हैं। अगर जमीन आबादी से बाहर की हो तो उस पर ये खेती करने लगते हैं। जिससे सबको यकीन हो जाए कि ये जमीन इन्हीं की है और इसके बाद उसी जमीन को सीधे साधे व्यक्ति को बेचकर एक करोड़ रुपये की धन राशि वसूलते हैं। कस्बे की भोली भाली जनता इनके चंगुल में फंसती है। एसडीएम ने भाजपा नेता को आश्वासन दिया है कि वे संपूर्ण प्रकरण की जांच कर कर कार्रवाई करेंगी। इसका निस्तारण अति शीघ्र किया जाएगा। यहां तोफीक कुरैशी हुसैनपुर कलां, दाऊद कुरैशी और भारतीय किसान सेना के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# विज्ञान स्तर पर गणित ओलंपियाड का हुआ आयोजन

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार को कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में विज्ञान के स्तर पर गणित ओलंपियाड का आयोजन कराया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए मैथ्स ओलंपियाड हेतु प्रश्न पत्रों का प्रिंट आउट निकलवाकर सब बच्चों को दिए गए। सब छात्र छात्राओं ने गणित ओलंपियाड में प्रतिभाग किया तथा स्कूल की गणित की अध्यापिका बिंदिया गुप्ता ने गणित ओलंपियाड प्रश्न पत्र समझाया। गणित ओलंपियाड के प्रश्न पत्र बच्चों द्वारा हल करने के बाद सब बच्चों की उत्तर पुस्तिका जांचकर बताया कि कक्षा 6 में पावनी तथा कक्षा 8 में सोहन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद बताया कि गणित ओलंपियाड 2025-26 का मुख्य उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाना, उनकी समस्या, समाधान कौशल को विकसित करना व गणितीय प्रतिभा को पहचानना है। यह विभिन्न स्तरों पर आयोजित किया जाता है।

**NOTICE**

This is to inform that my daughter, **Anusha Khan**, a student of Class 10-B at Holy Angels Convent School, Muzaffarnagar, has her name incorrectly recorded in the school records as "**Anusha Asif Khan**".

Per her Aadhaar card number **5048 9815 7554**, her correct and official name is **Anusha Khan**. I request the school authorities to kindly update her name in the school records to reflect her proper name as per Aadhaar: "**Anusha Khan**" to avoid any future inconvenience.

I hereby declare that the information provided above is true to the best of my knowledge and belief.

**Asif Khan**
106 Khalapar South
Muzaffarngar -251001

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं सलीम पुत्र तराबू निवासी ग्राम विज्ञाना तहसील व थाना बुढाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र सुहैल जो आवारा किस्म का गलत संगत में उठता बैठता है। जिसे मैंने व परिवार के लोगों ने खूब समझाया किंतु सुहैल अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा। वह मेरे व परिवार के अन्य सभी लोगों के साथ भी अभद्र व्यवहार करता है। जिससे में व मेरा परिवार बहुत दुखी है। मैंने तंग आकर सुहैल को अपनी कुल चल अचल संपत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। आज के बाद सुहैल का मेरे और मेरे परिवार से कोई मतलब वास्ता नही रहेगा। सुहैल अपने द्वारा किये गये अच्छे या बुरे कार्यों व मुकदमें आदि का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

# मंडी समिति सचिव से मिला क्रांति सेना प्रतिनिधिमंडल



**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना पदाधिकारीयो ने कुकड़ा मंडी स्थित मंडी समिति कार्यालय पहुंचकर मंडी सचिव वीरेंद्र चंदेल से मुलाक़ात कर बालाजी मन्दिर के सामने स्थित मार्किट में शौचालय न होने के कारण स्थानीय दुकानदारों को होने वाली समस्या से अवगत कराया पार्टी पदाधिकारीयो ने कहा कि शौचालय न होने के कारण दुकानदार व ऑफिस संचालको के अलावा कार्यालयों में काम करने वाले मेल फीमेल स्टॉफ को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं, इस संबंध में मार्केट के दुक. ानदारों द्वारा पहले भी मंडी कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है लेकिन आज तक उसे पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, मार्केट वालों की परेशानी को देखते हुए वहां पर शौचालय का निर्माण होना अति आवश्यक है, क्रांतिसेना पदाधिका. रियों ने मंडी सचिव वीरेंद्र चंदेल जी से जल्द से जल्द शौचालय के निर्माण की मांग की, मंडी सचिव श्री चंदेल ने पार्टी पदाधिकारी को 10 दिन 15 दिन के अंदर शौचालय के निर्माण की कार्रवाई पूरी करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर महानगर प्रमुख देवेंद्र चौहान जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा महानगर उपाध्यक्ष उज्ज्वल पंडित सोनू पाहीवाल कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र विश्वकर्मा, चेतन देव विश्वकर्मा रोहित धीमान सहित मार्केट के अनेक दुकानदार में ऑफिस संच. ालक मौजूद थे

## वर्षा के जल से नष्ट फ़सल को बचाने के किसानों को बताए उपाय

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव न्यामु मे अमित त्यागी के आवास पर सम्पन्न हुई किसानो की मीटिंग मे देवबन्द चीनी मिल के प्रबंधन ने किसानो को वर्षा का जो जल किसानो के खेतो मे पिछले दिनों से भरा हुआ है और उस पानी से किसानो की फ़सल नष्ट हो रही हैस देवबन्द चीनी मिल के गन्ना जीम शिवकुमार त्यागी ने किसानो को गन्ने की फ़सल के बचाव के उपाय बताते हुए कहा की किसानो को ऐसी दवाईया प्रयोग करनी चाहिए की जिससे किसानो की गन्ने की फ़सल बर्बाद होने से बच सके पंचायत को अक्षु त्यागी ने भी किसानो को बर्बाद फ़सल का ज्यादा से ज्यादा मुआवजा देने की मांग की और तत्काल किसानो को नष्ट गन्ने की फ़सल का जल्द से जल्द मुआवजा देने की पुरजोर मांग की और किसान नेता काला प्रधान ने किसानो की अन्य समस्याओ से किसानो को अवगत कराया चीनी मिल के सीपी सिंह सहित अनेको किसान और गांववासी मौजूद रहे

**समन प्रकाशन**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु. नगर** वाद सं0-2394 सन् 2025 1. **विक्रम सिह पुत्र श्री बलजीत सिह** निवासी ग्राम मीरापुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर हाल निवासी जमना विहार खतौली परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर। ....**वादी**

**बनाम** 1. श्रीमति शन्ति देवी पत्नी ज्ञानचन्द 2. धर्मेन्द्र पुत्र ज्ञानचन्द 3. जितेन्द्र पुत्र ज्ञानचन्द 4. अरूण कुमार पुत्र सुभाषचन्द 5. अंकुर कुमार पुत्र सुभाषचन्द 6. रवि कुमार पुत्र नरेश कुमार 7. अंकित कुमार पुत्र नरेश कुमार 8. अमर सिह पुत्र दलजीत निवासीगण ग्राम जबरदस्तपुर उर्फ मन्तौडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर 9. विजयपाल पुत्र श्री बलजीत 10.अनुज कुमार पुत्र गिरीराज 11.निशू कुमार पुत्र गिरीराज निवासीगण ग्राम मीरापुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु. नगर 12. श्रीमति ललिता पत्नी राज सिह 13. श्रीमत्ति ममता पत्नी जिले सिह 14. श्रीमति रीना देवी पत्नी लोकेन्द्र निवासीगण रामपुर पावटी तहसील सदर जिला मेरठ 15. ग्राम पंचायत तिसंग परगना जौली जानसठ द्वारा ग्राम प्रधान तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम- तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **02.09.2025** ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 18.08.2025 ई. को जारी किया गया

**उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मु.नगर**

**समन प्रकाशन**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु. नगर** वाद सं0-2391 सन् 2025 1. विक्रम सिह पुत्र श्री बलजीत सिह निवासी ग्राम मीरापुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर हाल निवासी जमना विहार खतौली परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर। ....**वादी**

**बनाम** 1. इकबाल सिह पुत्र श्री लखीराम निवासी ग्राम मन्तौडी परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर । 2. प्रवीन कुमार पुत्र श्री विजयपाल 3. अनुज कुमार पुत्र श्री गिरिराज सिह 4. निशूराम पुत्र श्री गिरिराज सिह निवासीगण ग्राम मीरापुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर 5. ग्राम पंचायत तिसंग परगना जौली जानसठ द्वारा ग्राम प्रधान तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर ।

..........**प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ0 प्र0रा0सं0 2006 ग्राम तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर । हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **02.09.2025** ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 18.08.2025 ई. को जारी किया गया

**उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मु.नगर**

**समन प्रकाशन**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तहसील जानसठ जिला मु. नगर** वाद सं0-2392 सन् 2025 1. **विक्रम सिह पुत्र श्री बलजीत सिंह** निवासी ग्राम मीरापुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर हाल निवासी जमना विहार खतौली परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर। ....

**वादी बनाम** 1. अनुज कुमार पुत्र श्री गिरिराज 2. नीशूराम पुत्र श्री गिरिराज 3. प्रदीप पुत्र श्री विजयपाल 4. प्रवीन कुमार पुत्र श्री विजयपाल 5. श्रीमति कमलेश पत्नी विजयपाल समस्त निवासीगण ग्राम मीरांपुर दलपत मजरा तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मु.नगर 6. ग्राम पंचायत तिसंग परगना जौली जानसठ द्वारा ग्राम प्रधान तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर ।

..........**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम-तिसंग परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। हरगाह के दायर की लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो **02.09.2025**ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमें में हालात से करार वाकई किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह खिलाफ फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 18.08.2025 ई. को जारी किया गया

**उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मु.नगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरे दोनों भाई राकेश कस्तूरी व विकास कुमार पुत्रगण राजकुमार मेरे कहने सुनने में नही है। मेरे दोनों भाईयों की उठ-बैठ गलत संगत में है। मेरे दोनों भाईयों के किसी भी लेन-देन व अपराध में मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगा। मेरी सम्पत्ति में किसी प्रकार के कोई अधिकार मेरे दोनों भाईयों को नही है। मैने अपने दोनों भाईयों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**अनुराधा पुत्री राजकुमार पत्नी गौरव कुमार निवासी 385 गली न. 12 गांधी कालोनी, जिला-मुजफ्फरनगर।**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र मौ.जकी मेरे कहने सुनने में नही है। उसका उठना बैठना आवारा किस्म के लोगों व बदचलन किस्म की महिलाओं के साथ है। जिस कारण परिवार के लोगों ने मौ. जकी के साथ अपने सम्बन्ध समाप्त कर रखे है। हमने उसे अपनी समस्त चल अचल से भी बेदखल कर दिया हैं। आज के बाद मौ.जकी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। मौ.जकी स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ.अहमद पुत्र रहमत इलाही निवासी मौहल्ला जहांगीर पट्टी सुजडू चुंगी, थाना खालापार, जिला-मुजफ्फरनगर।**

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम CHAN KIRAN से बदलकर CHANDRA KIRAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**चन्द्रकिरण पुत्र कबूल सिंह निवासी म.न. 173 गंगारामपुरा मुजफ्फरनगर ( 251002 )**

## भगवान श्री कृष्ण का छठी उत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया

**मीरापुर।** भगवान श्री कृष्ण का छठी उत्सव मीरापुर क्षेत्र में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया तथा भगवान की पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के बाद छठे दिन भक्तो ने भगवान ख्र ष्ण का छठी उत्सव भक्ति भाव से मनाया। भगवान के बाल रूप की जगह जगह पूजा अर्चना की गई। मंदिरो में भगवान की छठी के मौके पर मंदिरो को विशेष रूप से सजाया गया तथा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कस्बे के सत्संग भवन, शीतला माता मंदिर, पंचायती मंदिर में छठी उत्सव मनाया गया। श्रीराम मंदिर पंजाबी कालोनी के अध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि 22 अगस्त को मंदिर परिसर में भगवान कृष्ण का छठी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जायेगा।

# भोपा अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**भोपा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर गुरुवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने फीता काटकर किया।साथ ही अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।



इस अवसर पर डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को सस्ती और सुलभ औषधियां उपलब्ध कराना है। उन्होंने चिकित्सकों से दवाइयों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और सुझाव दिया कि अधिक से अधिक मरीजों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए।साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्टाफ से वार्ता कर आवश्यक जानकारी ली और सभी चिकित्सकों को निर्भीक होकर निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार, डा. अरविंद बालियान, डा. दीपक तोमर, डा. प्रशांत, डा. कौशिक, डा. प्रतीक्षा,डॉ. परवीन सहित भाजपा पदाधिकारी रामकुमार शर्मा, महिपाल राठी, आयुष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाइक-कार भिड़ंत के बाद जीटी रोड पर बवाल

## पुलिस ने लाठियां फटकारकर भीड़ को खदेड़ा, घायल युवक को जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गुरुवार दोपहर खतौली जीटी रोड पर रोडवेज बस स्टैंड के समीप बाइक और कार की टक्कर के बाद मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया। देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमनेदृसामने आ गए और बीच सड़क पर जमकर लात घुसे चले। बवाल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाठियां फटकारकर भीड़ को तितर बितर किया। इस दौरान भीड़ की पिटाई से घायल युवक को पुलिस ने कार मालिक समेत हिरासत में लेकर कोतवाली बैठा दिया। बाद में घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सैनी नगर निवासी तुषार पुत्र राज.ेश गुरुवार को अपनी बुलेट बाइक से दुकान से घर लौट रहा था। रोडवेज बस स्टैंड के समीप तेज र"तार इको कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और तुषार गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार मालिक और तुषार के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दूसरे समुदाय के लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई और उन्होंने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही तुषार के पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

दोनों पक्षों में जमकर लातदृघूंसे और डंडे चले, जिससे जीटी रोड पर अफरातफरी मच गई। बवाल की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ पर लाठी फटकारकर उसे तितरदृबितर किया गया। पुलिस ने घायल तुषार को भीड़ के चंगुल से बचाते हुए कार मालिक समेत कोतवाली लाकर बैठा दिया। घायल के पिता राजेश पुत्र पूरण निवासी सैनी नगर



ने कोतवाली में तहरीर देकर कार मालिक और आधा दर्जन अज्ञात हमलावर लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।खतौली सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल तुषार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सूत्रों का कहना है कि समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास किया जा रहा था।इस दौरान जीटी रोड पर काफी देर तक अफरातफरी और जाम जैसी स्थिति बनी रही।

# बीईओ किरण ने प्रशिक्षण कक्षाओं का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** बीईओ की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत कर प्रार्थना सभा की गई। दिवस 2 के सत्र प्रारंभ हुए। दिवस 1 के दोहराव के बाद कक्षा 1 व 2 की निपुण सूची को समझाया। कक्षा 1 व 3 के बच्चों में मौखिक तर्कशीलता विकसित करना बताया। ब्लेडिंग और ग्रिड के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शब्द पठन को विस्तृत रूप में समझाया। कक्षा 1 व 3 की पाठ्ङ पुस्तक व कार्य पुस्तिका की गतिविधियों पर बच्चों की सहायता करने की रणनीति एवं रिमीडियल शिक्षण कार्य की रणनीति पर चर्चा की गई। शिक्षण के दौरान समावेशी वातावरण का निर्माण करने पर विस्तृत चर्चा हुई। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया।

बीईओ किरण यादव द्वारा प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया। प्रतिभागियों के द्वारा जवाब देने की स्थिति में उन्होने सबकी प्रशंसा की। यहां मोहम्मद सलीम, आबाद अहमद, दीपक कुमार तोमर, दीपक दहिया, प्रवेश कुमार, सचिन कुमार, मोहित कुमार, रितु रस्तोगी, सतीश कुमार शर्मा, चित्रसेन, अमित कुमार, अजीत सिंह, कोमल शर्मा, संजीव कुमार, राम ज्योति और सुरेखा इत्यादि प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

**संक्षिप्त समाचार**

# शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के छात्र हुए पुरुस्कृत



**मोरना।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान भाषा विभाग द्वारा शामली जनपद के सिक्का मे आयोजित कार्यक्रम मे गुरुकुल के अनेक छात्रों ने भाग लिया। जहां शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। शुकदेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीशचंद उप्रेती ने बताया की आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षा के अनेक विद्वानो ने भाग लिया। तथा प्रतियोगिता मे विजेता छात्रों को अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया।विद्यालय के वैभव भारद्वाज ने संस्ख्रत सामान्य ज्ञान व वंश शर्मा ने श्लोक अन्त्याक्षरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय मे उत्साह है। अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेने पर बल दिया गया।

# सीनियर सिटीजन को अधिकारों और स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक

## संकल्प समाज उत्थान समिति ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संकल्प समाज उत्थान समिति के बैनर पर आयोजित विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस समारोह में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य में गिरावट के बारे में जागरूकता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

जिला रेड क्रॉस सोसायटी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया, विशिष्ट अतिथि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉक्टर अशोक अरोरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सीएमओ डॉक्टर यशपाल सिंह ने की।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुनील तेवतिया ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रत्येक वर्ष 21 अगस्त को मनाया जाता है। यह उत्सव पहली बार 1991 में मनाया गया था। इस दिन का उद्देश्य वृद्धों उनके स्वास्थ्य के प्रति और अन्य अधिकारों को लेकर जागरुक करना है। उन्होंने समिति के सचिव एम नफीस के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह खुद सीनियर सिटीजन हैं इसके बाद भी उनमें समाज सेवा का जज्बा काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में संकल्प समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉक्टर आर आर मुराल व सचिव एम नफीस ने जिला चिकित्सालय और सीएमओ कार्यालय के सेवा.निवृत कर्मचारियों और अधिका.रियों को मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोसाइटी के कोषाध्यक्ष रतन सिंह, शिव सिंह, हाजी सलीम, हाजी मोहम्मद रईस, अजय सक्सेना, बहादुर,शिवराज सिंह, विजय गुप्ता का सहयोग रहा।

# शिक्षकों के धरने पर डीआईओएस ने सुनी समस्याएं

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आफ्वन पर डीआईओएस कार्यालय में जिलाध्यक्ष डा. अमित कुमार की अध्यक्षता में शिक्षकों ने धरना दिया। धरने में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव ने कहा कि आज प्रदेश के समस्त जिलों में धरना हो रहा है, इसी कड़ी जनपद में भी शिक्षक अपनी आवाज उठाने के लिए पहुंचे हैं। मांगे पूरी नहीं होती तो बड़े आन्दोलन के लिए तैयार रहे। जिलाध्यक्ष डा. अमित कुमार जैन ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धाराएं, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा, समान कार्य के लिए समान वेतन, सरल स्थानांतरण नीति सरकार को लागू करनी होगी। इन लम्बित मांगों को सरकार को अविलम्ब मानना चाहिए। शिक्षकों की समस्याएं सुनने डीआईओएस राजेश श्रीवास धरने पर पहुंचे, जिस दौरान शिक्षकों ने 31 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा. अमित कुमार जैन, सुनील त्यागी, रंजन सिंह पुण्डीर, प्रवीण कुमार शर्मा, रामपाल, यतीन्द्र कुमार, ज्योति बाला, कुसुम लता, आदित्य कुमार सक्सेना, धर्मपाल सिंह, राहुल कुमार, रवि प्रकाश यादव, राजीव कुमार, नमन जैन, संजय कुमार, हाक्कम सिंह, बिजेंद्र बहादुर सिंह, डा. विवेक तिवारी,अरुण कुमार, वीरेंद्र सिंह पटेल, बृजबिहारी धुरिया, ललितेश, वंदना सिंह, प्रतिभा, उषा सिंह, बबली कोर, रीना यादव, राखी कौशिक, रमन सिंह, हंस कुमार, अमित कुमार, सुभाष चंद्र, राजेश कुमार आदि सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# टॉप टेन अपराधी तमन्चे सहित गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम कैथोडा के टूटी पुलिया के निकट टॉप टेन अपराधी को तमन्चे सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मीरापुर पुलिस ग्राम कैथोडा में बुधवार की रात टूटी पुलिया के निकट चौकिंग कर रही थी उसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया।

पुलिस ने उससे रोक उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक तमन्चा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार युवक का नाम शुएब पुत्र अफजाल निवासी पडाव चौक मीरापुर है। यह युवक मीरापुर थाने का टाप टेन का बदमाश हैं जो गैंगस्टर में निरूद्ध चल रहा था। पुलिस आरोपी का चालान कर दिया है।

# निर्वाचन को लेकर अधिकारियों की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामाव.लियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वाचक नामावलियों में नाम दर्ज करने तथा सिफ्टिड / मृतक मतदाता के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में प्रोजेक्टर के माध्यम से जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपर जिला.धिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र सिंह ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिका.रियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है,उसको अच्छे से प्राप्त करते हुए जो दायित्व दिए गए हैं, उनको अच्छे से निर्वहन करें, इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने फॉर्म - 6,7,8 के भरे जाने के संबंध में,बूथ लेवल अधिकारियों के दायित्व एवं कर्तव्य के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया । इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अप्राजिता आर्यन, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।




मुजफ्फरनगर: रेड क्रास भवन में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर मंचासीन सीएमओ व अन्य।



मुजफ्फरनगर: संकल्प समाज उत्थान समिति के समारोह में पहुंचे सीनियर सिटीजन।

# स्मार्ट मीटर का भाकियू कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए किया हंगामा

**चरथावल।** कस्बे में ऊर्जा विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर का भाकियू कार्यकर्त्ताओं ने विरोध करते हुए हंगामा किया।इसके विरोध में पैदल मार्च निकाला।अधिकारियों की मौजूदगी में स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को रुकवा दिया गया। मौके पर ऊर्जा विभाग के एसई,अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता मौजूद रहे।

चरथावल नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध तेज हो गया है।किसानों ने पैदल चरथावल नगर में पैदल मार्च निकालकर अपना विरा.ेध दर्ज कराया।भारतीय किसान यूनियन के नेता विकास शर्मा ने मौके पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया रुकवा दी।बिजली विभाग के एससी,एक्सईन,एसडीओ और अन्य अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया। किसान नेताओं के विरोध के बाद विभाग ने स्मार्ट मीटर वापस ले लिए।भाकियू नेता विकास शर्मा ने कहा कि जब तक हाई कमान का आदेश नहीं आएगा, तब तक कहीं भी स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिया जाएगा।उन्होंने उत्तराखंड में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की भी निंदा की। विकास शर्मा ने कहा कि व जल्द ही हरिद्वार में आंदोलन की योजना बना रहे है।इस मौके पर गुलशन गोयल,सहायक अभियंता आशीष कुमार,जेई अरविंद यादव,अभिषेक बंसल,शीलू त्यागी,सौरभ त्यागी,राजेंद्र वाल्मीकी सहित सैकड़ो कस्बे वासी मौजूद रहे।

# न्यू वैल्किन स्कूल में नवीन शिक्षण पद्धति कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जट मुझेड़ा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से शैक्षिक सत्र 2025 -26 के लिए शिक्षकों को अपडेट करने के लिए नवीन शिक्षण पद्धति विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन मिस्टर अली जमा, विशाल राठी एवं विद्यालय के उपाध्यक्ष के के आनंद प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया रिसोर्स पर्सन अली जमा ने शिक्षण के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज शिक्षा केवल ज्ञान हस्तांतरण तक सीमित नहीं है,



बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक, चिंतनशीलता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीक, छात्र केंद्रित पद्धति तथा कक्षा में नवाचार पूर्ण तरीकों के उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपाध्यक्ष के के आनंद ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को नई दृष्टि प्रदान करती हैं, और उन्हें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक समिति ने रिसोर्स पर्सन मिस्टर अली जमा को प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

# होली चाईल्ड के विद्यार्थियों ने पैनोरमा विज्ञान केन्द्र का भ्रमण किया



**मुजफ्फरनगर।** मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के तत्वाधान में होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, के विद्यार्थियों का एक दिवसीय पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। कुरूक्षेत्र पैनोरमा और विज्ञान केन्द्र एक अनोखा स्थान है जहां विज्ञान और धर्म का संगम होता है, यह केन्द्र कुरूक्षेत्र यु) के महाकाव्य को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाने का प्रयास करता है। जिसमें कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र का दौरा ज्ञानवर्धक रहा। छात्रों ने विज्ञान सभागार में एक परिचयात्मक सत्र के साथ अपनी यात्रा शुरू की।जहां शिक्षकों ने विभिन्न सरल विज्ञान प्रयोगों को समझाया। इसके बाद छात्रों को महाभारत पर एक आकर्षक लघु 3डी फिल्म दिखाई गई, जो उन्हें आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ इतिहास से जोड़ने में मदद करेगी। यहां पर प्राचीन भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रदार्थ, परमाणु संरचना, ज्यामिति, खगोल विज्ञान जैसे विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद तारामंडल के अंदर उन्होंने ब्रह्मांड के आश्चर्यों की खोज की और इंटरैक्टिव तरीके से तारों, ग्रहों और आकाशगंगाओं के बारे में सीखा। संग्रहालय में रोजमर्रा की जिंदगी की अवधारणा पर आधारित कई विज्ञान प्रयोगों को प्रदर्शित किया गया, जिससे व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से जटिल सि)ांतों को समझना आसान हो गया।और अंतिम क्षणों में छात्रों ने ख्रष्ण संग्रहालय का दौरा किया, जहां उन्होंने मोहनजोदड़ो हडप्पा की सभ्यता और महाभारत की अन्य घटनाओं के बारे में जानकरी प्राप्त कर अपने ज्ञान का अन्वेषण कियाइस भ्रमण कार्यक्रम में बी0आई0एस0 शाखा देहरादून से राजीव कुमार वर्मा व विद्यालय से प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, मेन्टर रूपेश कुमार, शुभम कुमार मौजूद रहें।

# ओम शान्ति सैंटर पर सैंकड़ो ने किया रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित ओम शांति सैंटर में विश्व बंधुत्व दिवस व राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी की पुण्य स्मृति में गुरूवार को सर्वोदय चौरिटेबल ब्लड सेंटर के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न गांवों से आए युवाओं ने रक्तदान किया।

समापन पर ओम शांति सैंटर की संचालिका बीके प्रवेश दीदी ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि हमें ऐसे पुण्य कार्यो मे अवश्य भाग लेना चाहिए जिनसे अन्य व्यक्तियों को आपातकालीन समय मे रक्त मिल सके और उनके जीवन को बचाया जा सके। रक्तदान बड़े पुण्य का कार्य है। रक्तदान के लिए शिविर का आयोजन होना भी परमात्मा की विशेष कृपा है। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सेंकड़ों महिला पुरूषों ने रक्तदान किया। मेडिकल टीम में डॉ. मोहित कुमार, सुपरवाइजर रघुविन्दर सिंह, सावन, तबरीज, शिवानी, शिवम, आरती, अक्ष आदि मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में बीके श्रवण, बीके कमल, बीके कृष्णपाल, पवन, अनुज कुमार, बाला माता, आरती, बीनू बहन, कुसुम, दीपक, योगश आदि का मुख्य सहयोग रहा।

# श्रीराम कॉलेज में स्टूडेन्ड विजन आर्ट एग्जीबिशन की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स, श्री राम कॉलेज, स्टूडेंट्स विजन आर्ट एग्ज़िबिशन-2025 की तैयारी में उत्साहपूर्वक जुटे श्री राम कॉलेज की फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थी आगामी विजन आर्ट एग्ज़िबिशन 2025 की तैयारियों में पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ लगे हुए हैं।

इस प्रदर्शनी में छात्र विभिन्न कला रूपों -चित्रकला , मूर्तिकला ै,ग्राफिक आर्ट और प्रिंटमेकिंग , पोस्टर व लेआउट डिज़ाइन, फैशन व एप्लाइड आर्ट और इंस्टॉलेशन आर्ट जैसी विभिन्न विधाओं में अपने कार्य प्रस्तुत करेंगे। आयोजन का उद्देश्य न केवल कला-प्रतिभा को मंच प्रदान करना है, बल्कि समाज में रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को भी बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर डॉ मनोज धीमान, निदेशक ऑफ़ फाइन आर्ट्स का मानना है कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगी, जहाँ वे अपनी कला को निखारने के साथ-साथ दर्शकों से संवाद भी स्थापित करेंगे।

उन्होने बताया कि आयोजन की मुख्य विशेषताएँ-छात्रों द्वारा तैयार की गई मौलिक कलाकृतियों का प्रदर्शन, समक.ालीन कला और परंपरागत शैली का संगम, कला समीक्षकों और विशेषज्ञों के साथ संवाद, विजिटर्स के लिए खुला मंच-विजन आर्ट एग्ज़िबिशन



विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा अवसर है जहाँ वे अपनी मेहनत और कल्पना को मूर्त रूप देते हुए समाज के सामने प्रस्तुत कर सकेंगे,। फैकल्टी सदस्यों ने कहा प्रदर्शनी की तिथि शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ओवरलोड वाहनों पर लगने चाहिएं नियम

## बुधवार देर शाम भी हादसे में जा चुकी है दो युवकों की जान, बड़े वाहन बन रहे हादसों की वजह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शाम होते ही सड़कों पर पुराल तथा अन्य सामना से भरे ओवरलोड वाहन दौड़ने शुरू हो जाते हैं, इन वाहनों से पीछे चलने वाले वाहन चालकों को ओवरटेक करना किसी युद्ध जितने से कम नहीं है। बुधवार को ओवर लोड पुराली से भारी ट्राली में बाइक की टक्कर लगने से गांव सिकंदरपुर निवासी दो दोस्तों की मौत हो गई। सड़कों पर मौत बनकर दौड़ते ओवर लोड वाहनों पर ग्रामीणों ने जिले के आलाधिकारियों से पाबंदी लगाने की मांग की है।

मेरठ करनाल हाईवे, ऊन थानाभवन, झिंझाना कैराना रोड या फिर छोटे लिंक रोड कोई ऐसा नहीं है जिसपर ओवर लोड वाहन न चलते हों, इनकी वजह से पीछे चलने वाले वाहन चालकों को ओवर टेक करने में बड़ी परेशानी होती है। ओवरलोड वाहन दिन रात सरपट सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जबकि योगी सरकार ने ओवरलोड को लेकर सख्त कार्यवाही के आदेश दिए हैं, लेकिन क्षेत्र में दौड़ रहे ओवरलोड वाहन आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे और परिवहन विभाग को ठेंगा दिखा रखे हैं। जबकि झिंझाना और ऊन में सड़कों की खस्ता हालत बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवर लोड वाहनों के कारण ही सड़के जल्दी टूट जाती हैं।

बुधवार की शाम गांव सिकंदरपुर निवासी सन्नी वाल्मीकि (25) और दीपक कोरी (26) दोनों युवक बाइक से घर लौट रहे थे। झिंझाना से ऊन मार्ग पर हंस हेरिटेज के निकट आगे जा रही पुराल से लदी ट्रॉली में बाइक टकरा गई। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए थे जिनकी बाद में मौत हो गई थी।

अगर परिवहन विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन सही से करे तो इन होने वाली दुर्घटनाओं को बहुत हद तक रोका जा सकता है। परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते अक्सर यह हादसे होते रहते हैं गत वर्ष भी झिंझाना उन रोड पर बालियान नर्सिंग होम के पास ट्रैक्टर ट्राली में बैठे गांव लपराना निवासी कई व्यक्तियों की गन्ने का ओवरलोड ट्रक पलटने से गन्नों के नीचे दबकर मौत हो गई थी लेकिन उसके बाद भी आज तक परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं कि जिस कारण ओवरलोड वाहन स्वामीयो के हौसले बुलंद है और वह सभी विभागों को ठेंगा दिखाते हुए निरंतर ओवरलोड वाहनों को बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ा रहे हैं।

जिस कारण मेरठ करनाल हाईवे, उन थाना भवन मार्ग ,झिंझाना कैराना मार्ग, पर दर्जनों दुर्घटना होने से कई लोग काल का ग्रास बन चुके हैं लेकिन परिवहन विभाग इस ओर से अपनीवआंखें बंद किए बैठा है जब भी कोई दुर्घटना होती है उसके बाद थोड़ी बहुत कार्रवाई कर अपने एसी वाले कमरो में बैठकर आराम करते हैं इस बात की सच्चाई आपको झिंझाना करनाल हाईवे पर बेखौफ दौड़ते ओवर लोड वाहनों को देखकर ही लग जाएगी।

## चौसाना बिडौली मार्ग पर हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बीडोली-चौसाना मार्ग पर उद्पुर गांव के पास गुरुवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पिता-पुत्र बाइक पर सवार होकर घर से बिडौली जा रहे थे कि अचानक रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग मौके पर दौड़ पड़े।





**ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता**

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मदद के लिए आगे आए। लोगों ने बिना देर किए घायलों को सड़क से हटाया और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। एंबुलेंस समय पर न पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने निजी वाहनों से ही घायलों को अस्पताल भेजा। गंभीर अवस्था में पिता-पुत्र को करनाल स्थित कल्पना चावला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

घायलों की पहचान फैयाज पुत्र अलीनवाज (60 वर्ष) और उनके पुत्र राशिद पुत्र फैयाज (30 वर्ष), निवासी अजीजपुर, के रूप में हुई है। जैसे ही यह खबर गांव में पहुंची, परि. जनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया।

**प्रशासन की सक्रियता**

हादसे की जानकारी पर प्रशासन भी हरकत में आया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना से जुड़े तथ्यों को गंभीरता से देखा जा रहा है। साथ ही लोगों से अपील की गई कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

**लगातार हादसों से चिंतित ग्रामीण**

स्थानीय लोगों ने बताया कि चौसाना मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। भारी वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की तेज रफ्तार और गलत दिशा से गुजरने की प्रवृत्ति लोगों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए तो यह मार्ग यात्रियों की जान के लिए और अधिक खतरनाक साबित हो सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि इस मार्ग पर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और सड़क सुरक्षा के ठोस इंतजाम किए जाएं।



## ऑपरेशन सवेरा के तहत विद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश और सहारनपुर रेंज के डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत थाना भवन क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना भवन नगर स्थित दिव्या पब्लिक स्कूल एवं अल्पाइन इंटरनेशनल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आकर अपने उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। नशे के कारण शिक्षा में बाधा, पारिवारिक विघटन, आर्थिक नुकसान तथा शारीरिक और मान. सिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है।निरीक्षक रावत ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाकर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाना है।उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि क्षेत्र में कहीं भी अवैध नशे का कारोबार होता दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। इस कारोबार से जुड़े आरो. पितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नशे की लत में फंसे युवाओं को समझाकर उन्हें इसके नुकसान और दुष्प्रभावों से अवगत कराना भी समाज का दायित्व है।कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एक नजर

## नशा मुक्ति पर गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में गुरूवार को नशा मुक्ति पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाचार्या ने

बताया कि नशा हमारे जीवन को अंधकार की ओर ले जाता है। शराब, गुटखे, धुम्रपान आदि नशीले पदार्थ तन और मन दोनो को कमजोर करते है। जिससे परिवार और समाज दोनो ही कमजोर होते है। नशा सोचने समझने की शक्ति क्षीण करते करते उसे समाप्त कर देता है। उसके कारण कलह और हिन्सा होती है। इसी कडी में चेयरमैन सुनील गोयल ने बताया कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ मन ही सच्चा धन होता है। नशे से बचकर हम खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते है। सच्चाई में आगे बढ सकते है और समाज के लिए उपयोगी बन सकते है। वाइस चेयरमैन शिखर गोयल ने छात्रो का बताया कि हमें अपनी ताकत और ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए।

## रोजगार महाकुंभ व कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 26 से 28 अगस्त तक रोजगार महाकुंभ एवं कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा। इसमें देश-विदेश की कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और युवाओं का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर करेंगी। रोजगार महाकुंभ में इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बी।टेक, पैरामेडिकल आदि पाठ्क्रमों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ श्रमिक वर्ग, कुशल और अकुशल कामगार भी भाग ले सकेंगे। इस आयोजन में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में 15 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जबकि आईटी, विनिर्माण, सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां दी जाएंगी।

## गन्ने की कटाई का ठेका लेकर रकम हड़पी, किसान को जान से मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्राम टिकरोल थाना ननौता निवासी बरहम पाल सिंह पुत्र बलजीत सिंह ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। बरहमपाल ने बताया कि वर्ष 2024-25 में उसने अपने खेत की गन्ने की कटाई का ठेका ग्राम भैंसानी इस्लामपुर निवासी राकिब पुत्र इकबाल, रिहान पुत्र अफसर, सलीम और महताब को दिया था। इसके लिए उसने 50 हजार रूपए अग्रिम दिए और बाद में किस्तों में रकम देते-देते कुल 1 लाख 30 हजार रूपए ठेकेदारों को दे दिए।आरोप है कि ठेका लेने के बाद भी उक्त लोगों ने न तो गन्ने की कटाई की और न ही रकम वापस की। उल्टा उसके घर से करीब 10 हजार रूपए कीमत की कीटनाशक दवा भी चोरी कर ले गए। मजबूर होकर बरहमपाल को गन्ने की कटाई दूसरे ठेकेदार से दोगुने दामों पर करानी पड़ी।बरहमपाल ने बताया कि 3 मार्च 2025 को जब वह अपने पैसे मांगने के लिए आरो. पियों के घर गया तो उन्होंने धमकी दी कि ष्तेरा हिसाब कर देंगे। इसके बाद 2 अप्रैल 2025 को महताब, सलीम और राकिब उसके घर पहुंचे और हिसाब-किताब करने पर 1।30 लाख रूपए निकलने के बावजूद रकम देने से साफ मना कर दिया। आरोप है कि उन्होंने खुद को बदमाश किस्म का बताते हुए कहा कि ष्अगर पैसे मांगे तो जान से मार देंगेष और घर में हंगामा खड़ा कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग इकठा हुए और बीच-बचाव कराया। बरहमपाल ने अपनी तहरीर में कहा है कि अब उसे अपनी जान-माल का खतरा है। उसने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उसकी रिपोर्ट थाना ननौता को स्थानांतरित कराई जाए और उसे न्याय दिलाया जाए।

## वर्तमान निर्वाचक नामावलियों की जांच की जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य जिले में शुरू हो गया है। एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली की जांच की जाएगी। इस दौरान नए नाम जोड़े जाएंगे, गलत प्रविष्टियों में संशोधन होगा तथा मृतक या स्थानांतरित हो चुके व्यक्तियों के नाम हटाए जाएंगे। साथ ही नए मकानों या अब तक छूटे हुए मकानों के निवासियों को भी नामावली में सम्मिलित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सभी भारतीय नागरिक, जो ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य रूप से निवास करते हैं और एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर चुके हैं, अपने नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं। हालांकि, जो व्यक्ति भारतीय नागरिक नहीं हैं, न्यायालय द्वारा विकृत चित्त घोषित किए गए हैं।

## ओपन राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित ओपन राज्य स्तरीय पश्चिम बंगाल योगासन प्रतियोगिता 13 अगस्त को ऑनलाइन माध्यम से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता की खासियत यह रही कि इसमें केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों से भी प्रतिभागियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट योगासन कला का प्रदर्शन किया।विभिन्न आयु वर्गों में हुई इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल ने विजेताओं का चयन किया। इसमें थानाभवन क्षेत्र ने भी गौरव हासिल किया।हरड़ फतेहपुर निवासी आरव राणा पुत्र पुष्पेंद्र कुमार ने अंडर 9 कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुल्लापुर निवासी हर्ष सैनी पुत्र रोहिताश कुमार ने अंडर19 कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।दोनों विजेता उन्नति योगा सेंटर द्धमिशन पराक्रमत्र से



प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतियोगिता में उतरे थे। केंद्र के निदेशक एवं योग प्रशिक्षक विशाल शर्मा ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों व युवाओं को योगासन के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। मिशन पराक्रम इसी दिशा में हमारी प्रतिबद्धता है। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को योगासन से जोड़ना, उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना जगाना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करना है। फेडरेशन के पदा. धिकारियों ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि ऐसे आयोजन आगे भी लगातार होते रहेंगे।

## 13 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

कैराना। जनपद न्यायालय परिसर में आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी के मद्देनजर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकारी शामली की प्रभारी सचिव सीजेएम प्रतिभा की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई, जिसमें जिला आबकारी अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारी समिति, प्राविधिक शिक्षा विभाग पॉलीटेक्निक, आईटीआई, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जीएसटी विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के हेतु गहन विचार-विमर्श किया गया। प्रभारी सचिव ने उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा है।

## वृद्धा के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** वृद्धा के साथ पड़ोसी ने मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता ने उप जिला अधिकारी को शिकायत की उप जिलाधिकारी ने चौकी प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गांव सिभालका में विधवा वृद्धा पार्वती पत्नी रामचंद्र अकेली अपने पति के मकान में रह रही है वृद्धा के कोई औलाद नहीं है जैसे तैसे वह गुजर बसर कर रही है वृद्ध का आरोप है कि गांव निवासी छोटू व उसकी पत्नी उसके साथ मारपीट करते हैं तथा उसके आने जाने के रास्ते में भी अड़चनें पैदा करते हैं तथा मारपीट कर उसे घायल कर दिया।पीड़िता ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत की संदीप त्रिपाठी ने चौकी प्रभारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

## यमुना में छोड़ा गया 30,489 क्यूसेक पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** हथिनीकुंड बैराज से 30,489 क्यूसेक पानी यमुना नदी में प्रवाहित किया गया। वहीं, गुरुवार को भी यमुना के जलस्तर 07 सेंटीमीटर की गिरावट आई है।

कैराना में यमुना के जलस्तर में गिरावट का सिलसिला निरंतर जारी है।

गुरुवार को यमुना के जलस्तर में 07 सेंटीमीटर की और गिरावट आई, जिसके चलते प्रातः आठ बजे यमुना का जलस्तर 229।77 मीटर दर्ज किया गया। वहीं, हथिनीकुंड बैराज से 30,489 क्यूसेक जल यमुना में प्रवाहित किया गया।

वहीं, ड्रेनेज विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से 30,489 क्यूसेक पानी यमुना में प्रवाहित किया गया है। यमुना का जलस्तर 07 सेंटीमीटर घटकर 229।77 मीटर पर आ गया है। बैराज से पानी छोड़े जाने की मात्रा में भी कमी आई है। यमुना धीरे-धीरे सामान्य जलस्तर की ओर आ रही है।

## वाल्मिकी समाज के श्मशान घाट में कराया सफाई कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव कण्डेला में स्थित वाल्मिकी समाज के शमशान घाट में विशेष अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया गया। विगत 18 जुलाई को पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम चौपाल में श्मशान घाट की साफ-सफाई कराए जाने की मांग की गई थी। गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव कण्डेला में मुख्य मार्ग पर स्थित श्मशान घाट में सफाई कार्य हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान श्मशान घाट में पड़े कूड़े-कर्कट के ढेर, घास-फूंस व खरपतवार आदि को जेसीबी मशीन से हटवाया गया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि सूरज चौहान आदि मौजूद रहे। वहीं, कार्यवाहक एडीओ पंचायत राहुल पंवार ने बताया कि ग्राम चौपाल में श्मशान घाट की साफ-सफाई कराए जाने की मांग की गई थी। इसी के मद्देनजर सफाई कार्य कराया गया है। उन्होंने श्मशान घाट में कूड़ा-कर्कट डालने पर सख्त कानूनी कार्यवाही कराए जाने की चेतावनी दी है।

## धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण छठी महोत्सव





**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** जन्माष्टमी पर्व के छठे दिन परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले कृष्ण छठी महोत्सव की धूम थानाभवन क्षेत्र में देखने को मिली। रविवार को घर-घर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान कृष्ण का स्मरण किया। धार्मिक परंपरा के अनुसार कढ़ी-चावल का प्रसाद बनाकर परिवारजनों व आसपास के लोगों में वितरित किया गया।स्थानीय मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भजन-कीर्तन के साथ प्रभु का गुणगान किया और प्रसाद स्वरूप कढ़ी-चावल का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर छोटे-बड़े सभी भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धार्मिक वातावरण में डूबकर कृष्ण के आशीर्वाद की कामना की। क्षेत्र में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर कृष्ण छठी महोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना व भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन हुआ।

शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर गुरुवार को कृष्ण छठी महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान का भव्य श्रृंगार एवं छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। पूजा अर्चना पं। अनिल पांडेय ने संपन्न कराई। मुख्य यमजान रोहित संगल, महिमा संगल रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान को पालना भी झुलासा तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राज. कुमार मित्तल, अरविन्द .ष्टा, राज. ेश्वर बंसल, डा। राजेश जैन, भूपेन्द्र मलिक, अंकित गोयल, संजीव प्रजा. पति, प्रदीप पंवार, कुलदीप पंवार, मुकेश मैनेजर, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, पं। दिनेश पाठक, उपेन्द्र द्विवेदी, शरद द्विवेदी, दिनेश भारद्वाज मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के गांधी चौक स्थित कृष्ण कुटी मंदिर से कृष्ण छठी महोत्सव पर बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा 14वी भव्य पालकी यात्रा महोत्सव निकाली गई। पालकी यात्रा का शहर के अने. कों स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पालकी यात्रा में विभिन्न झांकिया व बैंड बाजे भी शामिल रहे। गुरूवार को बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा शहर के गांधी चौक से कृष्ण छठी महोत्सव पर बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा 14वी भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व रेडक्रॉस सोसाएटी के चेयरमैन कुशांक चौहान ने संयुक्त रूप से किया। पालकी यात्रा में विभिन्न बैंड बाजे और झांकियां शामिल रही। पालकी यात्रा गांधी चौक मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न स्थानों को होते हुए संपन्न हुई। जिसका अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जगह जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। देर शाम पालकी यात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई, जहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शिखर गोयल, वंश गर्ग, अनिल गोयल, विवेक जैन, दीपक गर्ग, विनय संगल, दुर्गेश वर्मा, नीरज गोयल, विकास संगल, पंकज गुप्ता, रोबिन गर्ग, विवेक संगल, अभिषेक अरोरा, अंकित गुप्ता, सपन मित्तल, राजीव गोयल, नरेन्द्र अग्रवाल, निखिल ऐरन, सक्षम संगल, शिवांक गर्ग, ओमप्रकाश बाबू, रिचांशु गोयल, अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MUSTKEEM S/O ASAGAR था मैंने अब अपना नाम बदल कर MUSTAKEEM S/O ASAGAR रख लिया है। भविष्य में मुझको MUSTAKEEM S/O ASAGAR के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

MUSTAKEEM S/O ASAGAR
GARHI DAULAT GANERU
PO/PS KANDHLA, DISTT SHAMLI, UTTAR PRADESH 247774

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम FURAKANA W/O MEHANDI था मैंने अब अपना नाम बदल कर FURKANA W/O MEHANDI HASAN रख लिया है। भविष्य में मुझको FURKANA W/O MEHANDI HASAN के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

FURKANA W/O MEHANDI HASAN
H.N.-11 VILL ISSOPUR KHURGYAN PO/PS KAIRANA
DISTT SHAMLI UTTAR PRADESH 247774

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RASIDA BEGUM W/O FURQUAN AHMAD था मैंने अब अपना नाम बदल कर RASHIDA W/O FURQUAN AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझको RASHIDA W/O FURQUAN AHMAD के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

RASHIDAW/O FURQUAN AHMAD
MOH KHAILKALA, KAIRANA
DISTT SHAMLI, UTTAR PRADESH 247774

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RUKKEYA W/O MUSTKEEM था मैंने अब अपना नाम बदल कर RUKAIYYA W/O MUSTAKEEM रख लिया है। भविष्य में मुझको RUKAIYYA W/O MUSTAKEEM के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

RUKAIYYAW/O MUSTAKEEM
GARHI DAULAT GANERU
PO/PS KANDHLA, DISTT SHAMLI UTTAR PRADESH 247774

# आधार कार्ड में परिवर्तन करने वाले तीन ठग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारीके निर्देशन में अपराध की रोकथाम व साईबर साइबर गिरोह की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली बेहट पुलिस ने फर्जी तरीके से आधार कार्ड में परिवर्तन करने वाले तीन साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किए है पुलिस ने उनके कब्जे से फर्जी मोहर लेपटॉप फिंगरप्रिंट सहित अन्य सामान भी बरामद किए है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश किए है। इस कार्यवाही से अन्य जनसेवा केंद्र संचालकों में हड़कम मचा हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह राठी ने बताया कि वे आज नगर में पुलिस बल को साथ लेकर गश्त कर रहे थे तो उन्हें सूचना मिली कि बिना किसी अनुमति व अधिकार पत्र के धोखाधडी कर बनायी हुयी रबड़ पर अंकित फिंगरप्रिंट का प्रयोग कर आधार कार्ड की आधिकारिक वेबसाइट को खोलकर आधार कार्ड में धोखाधडी करते हुए नाम, पता, फोटो व मोबाइल नंबर आदि में परिवर्तन करने वाले तीन लोग काम कर रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस ने कस्बे में एक स्थान पर छापा मार कर वहां फर्जी तरीके से काम कर रहे गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 आरोपितों को गिरफ्तार किए है। पुलिस ने इनके कब्जे से फिंगर प्रिंट मशीन लेपटॉप मोहरे सहित अन्य सामान भी बरामद किया है।पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरूद्ध थाना बेहट पर मुअसं 368/25 धारा 318 (2)/336 (3)/338/340(2)/341 बीएनएस के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार हुए आरोपियों के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जब आरोपितों से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम लोग शामली के एक व्यक्ति के साथ मिलकर एक व्यक्ति की आईडी जिसका नाम हमारा साथी जानता है, की सहायता से फर्जी थम्ब प्रिन्ट को रबर पर लेकर आधार कार्ड की ऑफिशियल वैबसाइट को खोलकर किसी भी व्यक्ति के आधार कार्ड में गलत नाम पता, मोबाइल नम्बर परिवर्तन कर देते हैं। जिससे हम लोगो को अच्छी कमाई हो जाती है।



पुलिस ने आसिफ पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला गाडान थाना बेहट सागर पुत्र सतीश निवासी ग्राम खुर्रमपुर थाना बेहट राजेश उर्फ राजू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम रोगला हथौली थाना बेहट जिला गिरफ्तार किया है।

# ज्ञापन सौंप प्रमाण पत्र बनवाए जाने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय से कोरी जाति का प्रमाणपत्र न बनाए जाने पर रोष प्रकट करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर प्रमाणपत्र बनाए जाने की माँग की है। माँग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विकास सैनी के नेतृत्व में कोरी समाज के लोग के साथ तहसील कार्यालय पहुँचे और एसडीएम डॉ पूर्वा शर्मा को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि रामपुर मनिहारान तहसील में कोरी जाति (अनुसूचित जाति) के प्रमाणपत्र जारी न होने से कोरी समाज के छात्र छात्राओं कोस्कूलों में प्रवेश के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्पष्ट शासनादेश के बावजूद तहसीलों में इस प्रकार की समस्याओं का होना कहीं न कहीं प्रशासन को संदेह के घेरे में खड़ा करता है।कोरी जाति के प्रमाणपत्र जारी न होने के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि कोरी जाति के प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाते तो कोरी समाज के लोगों को मजबूरन धरने पर बैठना पड़ेगा तथा आंदोलन करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान डॉ अजय सैनी, सैनी, पप्पू, मेमो, कविता, मुनेश, शक्ति सिंह, जगमोहन, कृष्णपालप्रदीप, रविंद्र,नीतीश, मोहन, जयप्रकाश, राहुल, कमल आदि कोरी समाज के लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के मोहल्ला कोठीवाला मे श्री गुरु रविद.ास महाराज की सप्ताहिक अमृत मय कथा का शुभारंभ कलश यात्रा निक.ालकर किया गया।

बृहस्पतिवार को निकाली गई कलश यात्रा नगर के मोहल्ला कोठीवाला स्थित श्रीगुरु रविदास मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मोहल्ला कांजीमल, मेन बाजार सुल्तानपुर व मोहल्ला सरवर वाला से होते हुए कथा प्रांगण में पहुँची। कलश यात्रा में समाज की सैंकड़ो महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थी।

इस दौरान कथावाचक श्री आनन्द सागर महाराज ने बताया कि साप्ताहिक कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ आज से शुरू हो रहा है तथा एक सप्ताह तक यह कथा श्री गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में शाम 7:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 10:00 बजे तक चलेगी। कलश यात्रा में आकाश काशी, रवि कुमार, सन्दीप कुमार, ईसम सिंह, मास्टर सन्दीप, सुखदेव, दीपक, सुनीता, संतोष, सावित्री, रविता, सीखा आदि सैंकड़ो भगतगण शामिल रहे।

## रामलीला की तैयारियां शुरू

**गंगोह।** नगर में रामलीला मंचन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। अगले माह से क्षेत्र मे जगह जगह रामलीला मंचन की शुरुआत होगी।

रामलीला महोत्सव मंडल के कार्यकर्ता मनोज गोयल ने बताया कि आढत बाजार स्थित प्राचीन रामल.ीला रंगमंच मंचन की शुरुआत 17 सितंबर से होगी। रामलीला मंचन को पात्रों की भूमिका निभा रहे पत्रों का अभ्यास कराया जा रहा है। हिदू सभा सराय में अभी कार्यक्रम में तैयारियों के सिलसिले में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। शिव चौक स्थित रामलीला भवन में कार्यक्रम की शुरुआत 17 सितंबर को नारद मोह की लीला से होगी। भगवान राम की बरात 22 अक्टूबर को निकलेगी। पेंठ बाजार स्थित जनपुरी में बरात का स्वागत व रामलीला भवन में राम सीता विवाह संपन्न होगा।

# मदरलैंड में हैड गर्ल व ब्वॉय को दी गई जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए हैड गर्ल व हैड ब्वॉय की नियुक्ति की गई। जिन्हें स्कूल प्रशासन की ओर से बैच व स्ट्रिप लगाकर अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

बुधवार को मदरलैंड पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक इंजीनियर सत्य संयम भूर्यान, चौयरपर्सन श्वेता सैनी व प्रधानाचार्या डॉ कुमारी शालू ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रशासन की ओर से स्कूल में होने वाले वार्षिक स्पोर्ट्स, क्राफ्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए हैड ब्वॉय व हैड गर्ल एवं हाउस के कैप्टन की नियुक्ति की गई। तदोपरांत नियुक्ति किये गए सभी हैड को बैच व स्ट्रिप लगाकर सभी को अपने अपने कार्यों को निष्ठा, लगन व ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ शालू कुमारी ने कहा कि आज के समय में सभी बच्चों को व्यर्थ के मनोरंजन का त्याग कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए सैल्फ स्टडी और मेडिटेशन की बहुत आवश्यकता है।प्रबन्धक इंजीनियर सत्य संयम भूर्यान व चेयरपर्सन श्वेता सैनी ने कहा कि माता पिता अपने बच्चों के भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए उनकी शिक्षा पर अथाह धन खर्च कर उन्हें उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते हैं। इसलिए बच्चों का भी कर्तव्य है कि वे एकाग्रचित्त होकर अपनी शिक्षा की ओर ध्यान देकर अपने माता पिता के सपनों को साकार करें। इस दौरान स्कूल के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग रहा।




## आठ वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात कोतवाली पुलिस ने आठ वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनि.रीक्षक सुबोध कुमार व उपनिरीक्षक रामवीर शाक्य के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान आठ वारंटी आरोपियों मशरूर, नफीस, गुफरान पुत्रगण सलीम निवासीगण ग्राम हबीबगढ़ थाना देहात कोतवाली, पिंकू उर्फ पन्ना पुत्र रमेश निवासी ग्रा तेलीपुरा थाना देहात कोतवाली, आलम पुत्र शब्बीर व नाजिम पुत्र मकसूद निवासीगण मुगल माजरा थाना देहात कातवाली, मो. साजिद पुत्र मो. यासीन उर्फ छोटू निवासी ग्राम चंदौली देहात कोतवाली व शहजाद पुत्र हाजी रिजवान निवासी घोघरेकी थाना देहात कोतवाली को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया।

### संसद में सांसद इमरान के सवाल पर बोले सडक परिहवन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी

# परियोजनाओं में जमीन और ठेकेदार बड़ी अड़चन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संसद में सांसद इमरान मसूद द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रस्तावित व निर्मित परियोजनाओं में जमीन अधिग्रहण, परियोजना की देरी और लागत बढ़ने जैसी गंभीर समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। सांसद मसूद ने सरकार से सीधा सवाल किया था कि देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण में कितनी देरी हुई है, इससे लागत पर क्या असर पड़ा है और जनता को सड़क सुविधा समय पर क्यों नहीं मिल पा रही। उन्होंने यह भी पूछा कि सहारनपुर सहित विभिन्न जिलों में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और जिम्मेदार एजेंसियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में जवाब देते हुए स्वीकार किया कि एनएचएआई की परियोजनाओं में कई कारणों से देरी होती है जिनमें भूमि अधिग्रहण में कठिनाई, पर्यावरण एवं वन स्वीकृति, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यकुशलता, न्यायालयों में लंबित मामले और स्थानीय स्तर पर उत्पन्न विरोध प्रमुख हैं। उन्होंने माना कि परियोजना में देरी से लागत स्वत: बढ़ जाती है और अंतत: बोझ जनता पर पड़ता है।

मंत्री ने आंकड़े देते हुए बताया कि बड़ी संख्या में परियोजनाएं अभी तक निर्धारित समयसीमा में पूरी नहीं हो पाई हैं और कई प्रोजेक्ट की संशोधित लागत मूल अनुमान से कहीं अधिक हो गई है। सरकार ने यह भी माना कि कुछ ठेकेदारों की लापरवाही और वित्तीय कमजोरी के कारण काम बीच में ही रुक गया, जिसके चलते प्रोजेक्ट दूसरी एजेंसियों को सौंपने पड़े। हालांकि, मंत्री ने यह कहकर अपनी स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की कि सरकार ने कार्यान्वयन की गति बढ़ाने और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठकों, वित्तीय संस्थानों से समन्वय और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू किए हैं।

सांसद मसूद के संसदीय कार्य प्रभारी विपिन जैन ने बताया कि मंत्री के जवाब पर सांसद मसूद ने प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि सरकार ने देरी के कारण तो गिनाए, परंतु किसी ठोस समाधान या दोषी एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई का संकेत नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब तक जिम्मेदारी तय कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक राजमार्ग जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधूरी ही रह जाएंगी और जनता को समय पर सुविधा नहीं मिलेगी।

उन्होने कहा कि यह खुलासा बताता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की गंभीर कमी पायी जाती है।

# नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम का कराया पालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देशन में नगर व क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप पर पुलिस टीम ने दो पहिया वाहन चालको को नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम का सख्ती से पालन कराया।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी की अगुवाई में नगरीय व टोडरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले सभी पेट्रोल पंप पर पुलिस कर्मी खड़े हुए नजर आये। पुलिस टीम को सतर्क देख ज्यादातर दो पहिया वाहन चालक अपने सिर पर हेलमेट लगाकर वाहन चलाते नजर आए।

दो पहिया वाहन चालकों को नो हैलमेट नो पेट्रोल नियम का सख्ती से पालन करने के उद्देश्य से क्षेत्र के निम फिलिंग स्टेशन कातला, श्री श्याम फिलिंग स्टेशन पटनी, लक्ष्मी फिलिंग स्टेशन चिलकाना, पेट्रोल पंप पठेड, पेट्रोल पंप टोडरपुर व भोजपुर गुर्जर आदि पेट्रोल पंप पर पुलिस कर्मी खड़े हुए नजर आये।



जिसके चलते सभी पेट्रोल पंप पर हेलमेट पहनने वाले दोपहिया वाहन चालक ही अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाते हुए नजर आये, पुलिस को पेट्रोल पंप पर खड़ा देख बिना हेलमेट सड़को पर दोपहिया वाहन दौड़ाने वाले चालक बिना पेट्रोल लिए ही आगे दौड़ते हुए नजर आए।

# बसेरे में श्रद्धा के साथ छड़ी का पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** नगर में पंचायती बसेरा रामचन्द्र भगत की छड़ी पूजन बसेरा का गांधी चौक में पहुंचने पर व्यापारियों द्वारा स्वागत कर भंडारे का आयोजन किया गया।

बुधवार की शाम नगर के मोहल्ला महाजनान मे स्थित जहांगीर मोगा महड़ी छड़ी पूजन रामचंद्र भगत के यहां से निकाली गई जो वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापारी सुनील राजदेव ऊर्फ बिट्टू के प्रतिष्ठान पर पहुंची जहां भाजपा के पूर्व विधायक नरेश सैनी ने विधि विधान के अनुसार छड़ी पूजन करते हुए उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने प्रसाद एवं भंडारे का भोजन ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि हमें जाहरवीर गोगा जी महाराज जी के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलकर देश और समाज की सेवा करनी चाहिए उन्होंने कहा जाहरवीर की गाथाएं आज भी हमें देखने को मिलती है। धार्मिक आयोजन करने से हमारी एकता और हमारे भाईचारा को मजबूती मिलती है अत: सभी को धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढकर भागेदारी करनी चाहिए। काइस अवर पर सुनील राजदेव ऊर्फ बिट्टू संजीव कर्णवाल उर्फ बॉबी अवनीश अग्रवाल मोहित जैन सुधीर कर्णवाल सत्यप्रकाश रोहिला, देवेन्द्र गुप्ता मोनी पंकज शर्मा नवीन खुराना नमन खुराना आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

# फुंका ट्यूबवैल, पेयजल को मोहताज ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** विकासखण्ड मुजफ्फराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत थापुल इस्माईलपुर स्थित माहला.ेंवाली गांव में पिछले करीब डेढ़ महीने से अधिक समय बीत गया है वहां के ग्रामीण पीने के शुद्ध पानी की खातिर इधर-उधर भटक रहे हैं, गांव में नलकूप मिस्त्री खराबी ठीक करने तो पहुंचा लेकिन उसे ट्यूबवेल का फुंका हुआ सामान बदलने के लिए अभी नया सामान उपलब्ध नहीं हुआ, जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश पनप रहा है।

ग्रामीण राजकुमार काम्बोज अंकुर कुमार, अमित कुमार, नरेश चन्द आदि ने बताया कि जुलाई माह की पहली ही तारीख को उनके गांव माहलोवाली में लगाए गए सौर ऊर्जा से संचालित नलकूप की मोटर चलाने वाला इलैक्ट्रिक सिस्टम (वीएफडी) अचानक फुंक गया था, उसी दिन विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गई थी। उसके बाद मिस्त्री गांव में पहुंचा लेकिन फुंका हुआ सामान बदलने के लिए दोबारा नहीं लौटा। प्रधान प्रतिनिधि सुबोध कुमार ने भी इस बारे में विभागीय अधिकारियों से कई बार फोन पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार अनसुना कर दिया गया। इस बारे में जल निगम के अधिशासी अभियंता अविनाश कुमार ने बताया कि डेढ़ माह से वीएफडी खराब होने का प्रकरण उनकी जानकारी में है लेकिन विभाग के पास फुंका हुआ उपकरण बदलने के लिए नया उपलब्ध नहीं है, जिसका ऑर्डर करके दिल्ली (गुड़गांव) से मंगवाया गया है जिसमें अभी एक सप्ताह का वक्त और लगेगा, उसके बाद नया वीएफडी लगाकर माहलोवाली गांव की पेयजल आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।





**सूचना**

मेरी दुकानात वाके दरा आली स्वाद बैरून परगना व तहसील व जिला सहारनपुर दर आबादी शहनाज कालोनी सहारनपुर जिसका बैयनामा बही नम्बर 1 जिल्द 6116 पेज 175-198 दस्तावेज 1803 दफ्तर सबरजिस्ट्रार सहारनपुर के जरिये मुझे तसलीम द्वारा दिनांक 28.02.2011 को किया गया था। वह वास्तव में गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें।

**शबाना बेगम पत्नि श्री मौ. अहकाम निवासी चांद कालोनी, सहारनपुर, वर्तमान निवासी एकता कालोनी, थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर। मोबा. 9819784600**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अब्दुल कादिर व उसकी पत्नि हुमेरा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रमजानी पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मौहल्ला आजाद कालोनी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र शाहवेज व पुत्रवधू श्रीमति नाजिया को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमति आसमीन पत्नि सलीम सलमानी निवासी मौहल्ला छत्ता निकट अकमल कालोनी, कस्बा व थाना नानौता, जिला सहारनपुर।**


# नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला, सभासदों ने उठाई जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नवसृजित नगर पंचायत छुटमलपुर में भ्रष्टाचार की शिकायतें जोर पकड़ रही हैं। नगर पंचायत के सभासदों और स्थानीय जनता ने अध्यक्ष शमा प्रवीण और अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत में खुले आम लूट-खसोट और भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है, जिसमें टेंडरों में हेराफेरी, फर्जी बिलों के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग और आय-व्यय विवरण में पारदर्शिता की कमी शामिल है। इस संबंध में सभासदों ने पहले भी जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और मंडलायुक्त सहारनपुर को शिकायतें दी थीं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

नगर पंचायत छुटमलपुर का गठन 2023 में हुआ था, और समा. जवादी पार्टी की शमा प्रवीण अध्यक्ष चुनी गई थीं। सभासदों का आरोप है कि पूर्व अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के स्थानांतरण के बाद भ्रष्टाचार ने और जोर पकड़ा। वर्तमान अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी और अध्यक्ष शमा प्रवीण पर अपने चहेते ठेकेदारों को टेंडर देने और कमीशनखोरी का आरोप है। सभासदों का कहना है कि जेसीबी मशीन और ट्रैक्टरों की सर्विस, जो सामान्यत: 20,000 से 25,000 रुपये में हो जाती है, उसे 1,00,000 रुपये से अधिक दिखाया जाता है। इसके अलावा, बिना किसी कार्य के फर्जी बिल बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

सभासदों ने बताया कि नगर पंचायत की आय-व्यय विवरणिका की जानकारी मांगने पर उन्हें साफ मना कर दिया जाता है। बोर्ड की बैठकें भी अनियमित रूप से 3-4 महीने के अंतराल पर होती हैं, और प्रस्ताव बिना सभासदों की सहमति के पास किए जाते हैं। हाल ही में, नगर पंचायत की सीमा पर बोर्ड लगाने और श्रीमन मनकामेश्वर महादेव मंदिर के सामने तिरंगे झंडे के लिए 20-20 लाख रुपये के टेंडर दिए गए, जो वास्तविक कीमत से कई गुना अधिक हैं। इन टेंडरों में जेई नीरज सैनी की मिलीभगत का भी आरोप है।



स्थानीय जनता का कहना है कि बरसात के मौसम में नालों के निर्माण के नाम पर की गई खुदाई ने जलभराव की समस्या को और गंभीर कर दिया है। सड़कों का निर्माण भी घटिया सामग्री से हो रहा है, जिससे जनता को भारी परेशानी हो रही है। छोटे बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो गया है सभासद पति भूपेंद्र शर्मा ने अधिशासी अधिकारी के बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा, ष्मैं पढ़-लिखकर पैसे कमाने आया हूँ, तुम्हारे चक्कर में नहीं पड़ूंगा। वहीं, अध्यक्ष शमा प्रवीण पर भी सभासदों को अपमानित करने का आरोप है, जिन्होंने कथित रूप से कहा, ष्आप अपनी औकात में रहकर बात करें, आपको मुझसे सवाल करने का कोई अधिकार नहीं।

सभासदों और स्थानीय ब्रांड एम्बेसडर रजत राणा ने इस मामले को गंभीरता से उठाया है। रजत राणा ने कहा, अध्यक्ष केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित हैं, सारा काम उनके पारिवारिक लोगों को दिया जा रहा है। सभासद डॉ. किरण पाल ने कहा, ष्नगर पंचायत भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है, विकास तो दूर की बात है। सभासदों ने एसडीएम बेहट मानविंदर सिंह से मुलाकात की, जिन्होंने जांच का आश्वासन दिया है।

सभासदों ने मुख्यमंत्री, लोकायुक्त उत्तर प्रदेश, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो और नगर पंचायत का विकास सुनिश्चित हो। स्थानीय जनता और सभासदों ने चेतावनी दी है कि जब तक इस मामले में कार्रवाई नहीं होती, वे चुप नहीं बैठेंगे और योगी सरकार के दरबार तक अपनी बात पहुंचाएंगे।

# अमित गुप्ता गणित गुरु रत्न अवार्ड से नवाजे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्रेन पावर जोन के निदेशक और अबेकस व वैदिक गणित के क्षेत्र में 15 वर्षो से अधिक का अनुभव रखने वाले अमित छाबड़ा को "गणित गुरु रत्न 2025" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जयपुर, राजस्थान स्थित आर.आई.सी. सेंटर में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

पुरस्कार भारत के प्रतिष्ठित गणिताचार्य और "मैथ गुरु ऑफ इंडिया" के नाम से प्रसिद्ध इंजीनियर बी. एन. राव द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्किल शिक्षा संस्था के संस्थापक राकेश गुज्जर ने किया, जिसमें देशभर से कई प्रख्यात अबेकस व गणित गुरु शामिल हुए।

सम्मान ग्रहण करते हुए छाबड़ा ने कहा "गुरु की असली पहचान उसके शिष्यों से होती है।" इस अवसर पर उनके दो शिष्यों ख्र 4 वर्षीय प्रणव गोयल और 11 वर्षीय आरण्या छाबड़ा ने संख्याओं में अपनी अद्भुत मानसिक गणना और स्मरण शक्ति का प्रदर्शन कर उपस्थित दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। उनकी इस विलक्षण प्रतिभा के लिए दोनों को "संख्या वीर 2025" सम्मान से नवाजा गया।

इस उपलब्धि ने अमित छाबड़ा का गौरव बढ़ाया है और एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि अबेकस व वैदिक गणित के क्षेत्र में ब्रेन पावर जोन अग्रणी स्थान रखता है। उन्होने कहा कि वैदिक गणित के क्षेत्र में भारत अपना महत्वपूर्ण व श्रेष्ठ स्थान रखता है।

# कार की टक्कर से टैंपो खेत में पलटा

## महिलाओं समेत चार लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कार की टक्कर से सवारियों से भरा टैंपों अनयंत्रित होकर खेत में जा पलटा। टैंपों में सवार तीन महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को कार चालक ने अस्पताल में भर्ती कराया।

तल्हेड़ी बुजुर्ग निवासी दिलशाद टैंपो में सवारियां लेकर देवबंद के लिए चला था। जब वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित साखन नहर के समीप पहुंचा तो देवबंद की ओर से आ रही कार ने टैंपों को टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गया। इसमें चालक दिलशाद समेत देवबंद निवासी खुशनुदा, फरीदा और नसीमा घायल हो गए। कार चालक ने ही लोगों की मद्द से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक कार को कब्जे में लिया गया है, जबकि चालक को भी चौकी पर बैठाया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बताया गया है कि कार चालक नोएडा का प्रसिद्ध यूट्यूबर है।

# जमीयत ने की असम के मुख्यमंत्री को हटाए जाने की मांग



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की बैठक में असम की वर्तमान परिस्थितियों एवं फिलिस्तीन में जारी नरंसहार जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श कर असम और फिलिस्तीन को लेकर प्रस्ताव पारित करने के साथ ही कार्यकारी समिति ने असम के मुख्यमंत्री को तत्काल हटाए जाने और हेट स्पीच के मामले दर्ज किए जाने की मांग की।

जमीयत उलमा-ए-हिंद की दिल्ली स्थित मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यकारी समिति ने असम में जारी बेदखली और 50 हजार से अधिक परिवारों को बेघर करने जैसी कार्रवाई पर गहरी चिंता व्यक्त की। पारित प्रस्ताव में समिति ने देश की सांविधानिक संस्थाओं विशेषकर भारत की राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश से संविधान की रक्षा के लिए असम के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध हेट स्पीट के मामले दर्ज किए जाने की मांग की। कहा कि जमीयत किसी भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का समर्थन नहीं करती, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि असम में अमानवीय, अन्यायपूर्ण व्यवहार, धर्म के आधार पर भेदभाव और घृणात्मक बयानों ने बेदखली की प्रक्रिया को मानवीय सहानुभूति और न्याय के दायरे से बाहर कर दिया। समिति ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री का हालिया बयान मुस्लिम दुश्मनी का स्पष्ट प्रमाण है। मांग कि अब तक उजाड़े गए सभी परिवारों के लिए सरकार तत्काल वैकल्पिक आवास और पुनर्वास की व्यवस्था करे, बेदखली की किसी भी कार्रवाई से पहले पारदर्शी और निष्पक्ष सर्वेक्षण कराया जाए, सभी कानूनी आवश्यकताओं व मानवीय मूल्यों का पूरा सम्मान किया जाए, मंत्रियों और सरकारी प्रतिनिधियों द्वारा भेदभावपूर्ण और घृणा आधारित बयानों पर रोक लगाई जाए। फिलिस्तीन में जारी नरसंहार और अमानवीय अत्याचारों पर गहरा दुख जताया गया। इस मौके पर जमीयत के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी, मौलाना मोहम्मद सलमान बिजनौरी, मुफ्ती अहमद, मौलाना शौकत अली, मौलाना रहमतुल्लाह मीर कश्मीरी, मुफ्ती सलमान मंसूरपुरी, मुफ्ती अब्दुल रहमान, मौलाना बदरुद्दीन अजमल, मौलाना सिद्दीकुल्ला चौधरी, मौलाना आकिल, मौलाना रफीक अहमद मजाहरी, मौलाना नियाज अहमद फारूकी, मौलाना मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी, मौलाना कलीमुल्लाह आदि सहित विभिन्न राज्यों से जमीयत के पदाधिकारी शामिल रहे।

# मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश की सेना के नाम मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें शायरों व कवियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। हाईवे स्थित एक सभागार में हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के तत्वावधान में आयोजित मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का उदघाटन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य योगेश दहिया ने फीता काटकर किया। जबकि शमा रोशन आकिल चौधरी व दीप प्रज्वलित डा. रवि प्रकाश खुराना ने किया। मुशायरे की शुरुआत करते हुए शायर गुलजार जिगर ने सुनाया 'हैं फूल भी हमारे खुशबू भी हमारी है, हिंदी भी हमारी है उर्दू भी हमारी है'। कवि बलराज मलिक ने सुनाया 'वो देखो भारत की दोनों बेटी उड़ाकर राफेल चल पड़ी हैं, लड़ी थी मर्दानी झांसी जैसे वो घुस के ऐसे लड़ पड़ी हैं'। जावेद आसी का यह शेर खूब पसंद किया गया 'वो है देश मेरा जिसका तिरंगा निशान है, सभी धर्म हैं मेरे देश में मेरा देश ऐसा महान है'। इनके अलावा नफीह अहमद, निशात तरन्नुम, लता भारती, अंजली सिफर, नईम अख्तर, राशिद कमाल, चांद देवबंदी, अब्दुल नवाज, शाजिया नाज ने भी अपना कलाम सुनाया। अध्यक्षता सुलेमान फारूकी आढ़ती व संचालन कार्यक्रम संयोजक सलीम कुरैशी व विवेक तायल ने संयुक्त रूप से किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक सलीम कुरैशी, रिजवान अंसारी विवेक तायल ने सभी आगंतुको का आभार जताया। इस अवसर पर जिला कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डा. डीके जैन, पत्रकार अशोक गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौधरी प्रविंद्र सिंह, व्यापारी नेता राजेश सिंघल, उद्यमी अयूब बेग, आशीष वर्मा, हाजी खलील, डा. अरुण त्यागी, विनय त्यागी, मुजम्मिल हसन, अंसार मसूदी, अजय गुप्ता, ठा. पवन सिंह, मनोज सिंघल आदि नगर के गणमान्य लोग शामिल

# कुपोषण के दुष्प्रभाव एवं उनसे बचाव के दिए सुझाव



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आईआईएचटी पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज में 'न्यूट्रिशनल वीक' के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संतुलित भोजन की आवश्यकता, कुपोषण से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उनसे बचने के सुझाव दिये गये।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित कालेज परिसर में नर्सिंग विभाग द्वारा आयोजित न्यूट्रिशनल वीक का शुभारंभ कालेज चेयरमैन डा. कुलदीप राणा ने किया। गुरुवार को पहले दिन छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। जिनका उद्देश्य छात्रों एवं समुदाय में संतुलित आहार पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। पैरा मेडिकल विभाग के प्रधानाचार्य डा. सौरभ मित्तल ने संतुलित भोजन की आवश्यकता और महत्वता पर प्रकाश डाला। नर्सिंग विभाग की प्रधानाचार्य दीपशिखा ने न्यूट्रिशनल वीक के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्ट के माध्यम से संतुलित आहार पोषण के बारे में बताया। इस मौके पर तालिब मलिक, मोहम्मद शागिल, वंशिका, आकाश, कल्पना आदि मौजूद रहे।

# सरकार भूमाफियाओं पर कर रही है कार्रवाई: महिपाल



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि ने कहा कि सरकार भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है। किसी का भी शोषण नहीं होने दिया जाएगा।

गुरूवार को देवबंद पहुंचे एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि का समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग के कार्यालय में सफाई कर्मियों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों की शिकायत पर उन्होंने रविदास मार्ग जाटव बस्ती का निरीक्षण किया। समाज के लोगों ने बताया कि यहां उनके कुल देवता महामल देवता का मंदिर है। कुछ भूमाफिया किस्म के लोग समाज की भूमि को अपने नाम दर्ज कराने का षड्यंत्र रच रहे हैं। महिपाल वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा सरकार भूमाफियाओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है। इसके उपरांत उन्होंने खंड विकास कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में देहात के सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को अतिशीघ्र निस्तारण कराये जाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत अनिल कुमार, अजय गांधी, अजय जैन, दीपक चंचल, कुलदीप लहरी, विपिन त्यागी, विनय कुच्छल, बिरला सूद, रंजीत वाल्मीकि नरेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा कर आरोपी को भेजा जेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा कर गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से नगदी सहित चोरी का सामान बरामद किया।

कोतवाली पुलिस ने गांव कुरडी व कश्यप कॉलोनी में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए रेलवे रोड स्थित कश्यप कॉलोनी निवासी आशीष पुत्र नरेंद्र को रंडखंडी व भायला फाटक के रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 5550 रूपेय की नगदी व चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण को दिए दिशा निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी द्धविद्धधाद्रत्रृध निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्धपंचायत एवं नगरीय निकायत्रृ शामली ने बताया कि ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य दिनांक: 19।08।2025 से प्रारम्भ हो रहा है जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानोंध वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जांच और परिवर्धन का कार्य प्रारम्भ होगा। प्रदेश के सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सानान्य रूप से निवास कर रहें है, दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हों, अपने निवास स्थान से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो।अनर्हताएं निम्नवत् है:-द्धकत्रृ भारत का नागरिक न हो, या द्धखत्रृ विकृत चित हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो,या द्धगत्रृ निर्वाचन सम्बन्धि भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तद्समय अनर्ह हो। त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली लोकतन्त्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्एक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यो के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हैं अथवा नहीं, की जांच कर लें। यदि नहीं है तो अवश्य दर्ज कराएं और इस हेतु घर पर पहुंचने वाले बी0एल0ओ0 को वॉछित सूचना दिए बिना कदापि वापस न करें। यदि आप के अथवा आप के परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुंचने वाले बीद्गएलद्गओद्ग को अवश्य अवगत करा दें। यदि दिनांक:

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता पर हमले की निंदा



शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** गुरूवार को शहर के कैराना रोड़ स्थित एक होटल में महाराजा अग्रसेन की सामूहिक भव्य आरती के पश्चात अग्रवाल समाज के लोगों ने की दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले की कड़ी निंदा की ।

शहर के कैराना रोड स्थित विराज होटल में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन और अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के तत्वाधान में महाराजा अग्रसैन की सामूहिक आरती का आयोजन किया गाय। चेयरमैन अरविन्द संगल एवं सचिन गर्ग ने दीप प्रज्वलित करके भगवान अग्रसेन की आरती है। अरविन्द संगल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर जन सुनवाई के दौरान किए गए हमले को कायरतापूर्ण बताया, और कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा आघात है। हम इस जघन्य कृत्य की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हैं। अशोक गोयल ने हमलावर की निम्न सोच बताते हुए कहा कि एक महिला पर हमला करना ही इस हमलावर की निम्न सोच को दर्शाता है। अमित मित्तल ने कहा यह कैसा व्यक्ति है जो एक महिला मुख्यमंत्री पर हमला कर सकता है, इसे तो फांसी की सजा दी जानी चाहिए। इस अवसर पर संजय ऐरन, पंकज गुप्ता, संजय ऐरन, राजेंद्र गर्ग, वैभव प्रकाश गोयल, अशोक गोयल, सचिन मित्तल, मनोज गर्ग, अमित मित्तल, अमित गर्ग, मोहित बंसल, अखिल तायल, शुभम तायल, राधेश्याम संगल आदि मौजूद रहे।

# एक अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** 21.8.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को अवैध 20 पव्वे देशी शराब महबूबा मार्का सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त जावेद पुत्र अली हसन निवासी मौहल्ला काजीवाडा खेड़ीकरमू थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

# सीएम के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मुकदमा



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणी कर दी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर कब्जे से मोबाइल बरामद कर अभियोग दर्ज किया है पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा निवासी एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट कर दी।

आरोपी युवक के द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर नगर के लोगों में रोष फैल गया। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी युवक की पहचान कर हिरासत में ले लिया आरोपी युवक की पहचान कस्बा निवासी सलमान पुत्र इरफान कांधला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद करते हुए अभियोग दर्ज कर लिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने चेतावनी दी है कि इस तरह की है आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में ना ले साइबर पुलिस सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं।

### जमानत निरस्त कर जेल भेजा

**शामली।** झिंझाना पर पंजीकृत मुकदमा में जमानत पर रिहा हिस्ट्रीशीटर 445 ए अभियुक्त फिरोज के आपराधिक कृत्यों मे संलिप्त रहने एंव आमजनमानस में ख्याति संतोषजनक न होने के आधार पर अभियुक्त के जामिनदार 1. वासिल पुत्र इफ्तखार अहमद 2. राशिद पुत्र सादी निवासीगण कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली द्वारा जमानत के दायित्वों से उन्मोचित किए जाने की प्रार्थना पर आज 21 अगस्त को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रैट कैराना शामली द्वारा अभियुक्त फिरोज उपरोक्त की जमानत निरस्त कर अभियुक्त का अभिरक्षा वारन्ट बनाकर जिला कारागार मुजफ्फरनगर भेजा गया। अभियुक्त फिरोज पठानान कस्बा व थाना झिंझाना जनपद शामली है।

# कान्हा जी का छठी महोत्सव मनाया



शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना।कस्बे के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा कान्हा जी की छठी का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर को सजाया गया ओर कान्हा जी को भोग लगाने की लिए भोज्य पदार्थ कढी चावल, पंचामृत का भोग लगाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया।वहीं महिलाओं की भजन मंडली द्वारा कान्हा जी के भजनों का गुणगान किया। बृहस्पतिवार को कान्हा की छठी द्धकान्हा के जन्म के छठे दिन का उत्सवत्रृ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस बार 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई थी, इसलिए जन्माष्टमी से छठे दिन यानी 21 अगस्त को कृष्ण का छठी पूजन हुआ।इस पर्व को कृष्ण भक्त बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं कान्हा को भोग लगाने के लिए इस दिन तमाम तरह के भोज्य पदार्थ जैसे कढ़ी-चावल, पंचामृत आदि तैयार किया जाता है। कृष्ण की छठी पूजा में इन चीजों के साथ फल,फूल, माखन, मि , तुलसी पत्र आदि विशेष रूप से अर्पित किए जाते हैं। जिसको लेकर कस्बे के पंचमुखी मंदिर,थाना परिसर में शिव मंदिर व सैदमीर में शिव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया। जिसमें कढी चावल एवं हलवे का प्रशाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने भी भंडारे में प्रशाद ग्रहण किया।वहीं राम श्याम मंदिर में महिला भजन मंडली द्वारा कान्हा जी के भजनों का गुणगान किया गया।जिसमें थाना परिसर में सुनील सैनी, पाल, कृष्णपाल,राजेश,प्रदीप,विक्की, सोहनलाल, रोशनलाल,संजू, मोहित व पंचमुखी मंदिर में पंडित नरेश चंद्र शर्मा,मनोज मित्तल,रवि,अमरीश,आदि का विशेष सहयोग रहा।

# भांजी को लेकर भागा मामा

**मंडावर।** स्थानीय पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छात्रा को बरामद कर लिया है। छात्रा को उसका मामा लेकर फरार हुआ था। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों में रोष देखा गया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार ट्यूशन पढ़ कर स्कूल जाते हुए मौहल्ला फराशटोली से रहस्यमय ढंग से लापता हुई छात्रा को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 25 घंटे में चंडीगढ़ से प्रेमी सहित बरामद कर लिया है। उसे कोई और नहीं, बल्कि उसका कलयुगी चचेरा मामा ही बहला फुसलाकर ले गया था। आशंका थी कि छात्रा को कोई अज्ञात अपहरण कर के या फिर बहला फुसलाकर ले गया है। इस घटना से स्कूल में हड़कंप मच गया था। हिंदू संगठनों के लोग छात्रा के स्कूल पर जमा हो गये और थाने पर पहुंच हंगामा किया था।

बुधवार की सुबह मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में दी गई थी। तहरीर में बताया गया कि उनकी भतीजी मंडावर स्थित प्रकाश पबिलक स्कूल में बाहरवी की छात्रा है। रोज की तरह वह बाइक द्वारा आज बुधवार को भी अपनी भतीजी को ट्यूशन छोड़ने गैस एजेंसी के सामने मौहल्ला फराश टोली स्थित एक कोचिंग सेंटर पर गये थे। जहां से उनकी भतीजी मंडावर स्थित स्कूल जाती है। किंतु ट्यूशन छुटने के पश्चात वह स्कूल नही पहुंची, काफी तलाश करने पर भी नही मिली। जिस कारण परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाने का अंदेशा जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। इस मामले में पुलिस छात्रा के स्कूल पहुंची तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही थी। परिजनों ने हंगामा किया तो मौके पर क्षेत्राधिकारी गौतम राय थाने में पहुंचे और गहनता से जांच कर पुलिस को दिशा निर्देश दिये। थाना प्रभारी राजकुमार सरोज पुलिस टीम के साथ के साथ लापता छाता की बरामदगी में जुट गए।

थाना प्रभारी राजकुमार सरोज ने तेज तर्रार उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अजय तोमर, अजित व महिला कांस्टेबल की टीम गठित कर मोबाइल लोकेशन के आधार पर चंडीगढ़ भेजा। जहां टीम ने छात्रा को उसके प्रेमी सहित बरामद कर गुरुवार की सुबह थाने लेकर पहुंची। पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले रखा है।

# मोबाइल गुम होने पर साधु काट रहा थाने के चक्कर



शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह गांव की ही गोगा महडी में रहकर पूजार्चना और साफ सफाई करता है। पीड़ित लगभग दो महा पूर्व हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेने के लिए गया था और उसके साथ उसका साथी भी हरिद्वार से कावड़ लेने के लिए गया हुआ था। पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में साथी साधु ने उसका मोबाइल घूम कर अपनी झोली में डाल लिया था। जब पीड़ित ने गांव में आकर अपना मोबाइल मांगा तो उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल देने से मना कर दिया था। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने पर तहरीर देकर की थी आरोप है कि पीड़ित लगातार दो माह से थाने का चक्कर काट रहा है मगर उसे इंसाफ नहीं मिला। आरोप है पुलिस उसे लगातार आश्वासन देकर वापस भेज देती है। आक्रोशित साधु ने कहा है कि वह रोजाना थाने के चक्कर लगा रहा हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही पुलिस सिर्फ टालमटोल कर रही है। पीड़ित साधु ने थाने पहुंचकर अपने मोबाइल को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित साधु को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एशिया कप में भारत-पाक मैच को हरी झंडी

● सरकार ने इजाजत दी, कहा-मल्टीनेशन टूर्नामेंट खेलने से नहीं रोकेंगे, द्विपक्षीय सीरीज आयोजित नहीं होगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच होगा। भारत सरकार ने गुरुवार को इसकी अनुमति दे दी है। सरकार ने कहा- मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। दोनों देशों में द्विपक्षीय सीरीज नहीं होगी। खेल मंत्रालय के अधिकारी ने एक लेटर साझा किया, यह भारत सरकार की नई स्पोर्ट्स पॉलिसी है, जिसे गुरुवार को ही जारी किया गया है। यह लेटर खेल मंत्रालय ने जारी किया है। इसमें मीटिंग में लिए गए फैसले की जानकारी दी गई है। लेटर में लिखा है- इंटरनेशनल और मल्टीनेशनल इवेंट्स (चाहे भारत में हों या विदेश में) में भारत इंटरनेशनल खेल संस्थाओं के नियमों और अपने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा। भारतीय टीमें और भारतीय खिलाड़ी उन इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी शामिल होंगे। यह ठीक वैसा ही है, जैसे भारत में होने वाले मल्टीनेशनल इवेंट्स में पाकिस्तान की टीमें और खिलाड़ी भी भाग ले सकेंगे। 2 दिन पहले 19 अगस्त को बीसीसीआई ने एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। इसमें सूर्यकुमार यादव को कप्तान और शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच 3 मुक. बले हो सकते है। पहला मैच 14 सितम्बर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मैच-एशिया कप में लीग स्टेज के बाद सुपर-4 राउंड होगा। भारत-पाकिस्तान के सुपर-4 राउंड में पहुंचने पर 21 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान की




दूसरी भिड़ंत हो सकती है। तीसरा मैच- अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो 28 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान के बीच एशिया कप में तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद क्रिकेट एशिया कप में भारत के पाकिस्तान से खेलने का विरोध हो रहा है। यहां तक कि पाकिस्तान बिहार के राजगीर में भारत की मेजबानी में हो रहे हाकी एशिया कप से हट गया है। इस संबंध में मानसून सत्र में लोकसभा में भी सवाल उठा था। पूर्व क्रिकेटर्स की भारतीय टीम ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान से खेलने से इन्कार कर दिया था। वहीं बीसीसीआई ने बताए न खेलने के 4 नुकसान, पाकिस्तान से आए आतंकियों ने भारत पर बड़ा हमला किया था। इस घटना के कुछ ही महीनों बाद भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट सीरीज खेलनी थी। विपक्षी दलों ने सरकार को घेरना शुरू किया। वे पूछते - जो पाकिस्तान हमारा खून बहा रहा है उसके साथ हम क्रिकेट क्यों खेलना चाहते हैं? इसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय से खेल मंत्रालय को निर्देश आता है कि वे बीसीसीआई को कह दें कि भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलेगी। यह वाकया 2008 का है। पाकिस्तान से आए आतंकियों ने 26 नवंबर को मुंबई में बड़ा हमला किया था। इसके बाद दिसंबर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज पर रोक लगा दी थी। अब सीधा 2025 में लौटते हैं। पाकिस्तान अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया है। पिछले 22 अप्रैल को वहां से आए आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में 26 निर्दोषों की धर्म पूछकर हत्या कर दी। इसके बाद मांग उठने लगी है कि भारत को अब न सिर्फ द्विपक्षीय सीरीज बल्कि एशिया कप और वर्ल्ड कप जैसे मल्टीनेशन इवेंट में भी पाकिस्तान का बायकाट करना चाहिए। 9 सितम्बर से यूएई में एशिया कप होना है। भारतीय टीम घोषित हो गई है और इस टूर्नामेंट में तीन भारत-पाकिस्तान मैच संभव हैं। पाकिस्तान से खेलने पर सरकार ने गुरुवार को कहा है कि मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पाकिस्तान से खेलने पर रोक नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई भी नहीं चाहता कि भारत एशिया कप में पाकिस्तान का बायकाट करे। दैनिक भास्कर ने इस मुद्दे पर बीसीसीआई के दो शीर्ष अधिकारियों से इसकी वजह पूछी। दोनों ने नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर 4 ऐसे कारण बताए जिनकी वजह से बीसीसीआई चाहता है कि एशिया कप हो और इसमें भारत-पाक मुकाबले भी खेले जाएं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत ने पुरुषों की 10 मी. एयर राइफल टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**कजाकिस्तान।** भारत के रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बाबूता और किरण जाधव ने गुरुवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां आयोजित स्पर्धा में भारतीय तिकड़ी ने कुल मिलाकर 1892.5 अंक हासिल किए, जिसमें पाटिल 632-3 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे, जिससे वह क्वाली फाइंग राउंड में भी शीर्ष पर रहे और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई। अर्जुन बाबूता ने 631.6 अंक हासिल करते हुए प्रिलिमिनरी स्टेज में 4वां स्थान हासिल किया और पदक राउंड में भी जगह बनाई। लेकिन 628.6 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे किरण आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।

### ईरानी-वावसोरी फिर बने यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इगा स्वियाटेक और कैस्पर रूड की जोड़ी को हराकर यूएस ओपन मिश्रित युगल का अपना खिताब बरकरार रखा। इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने बुधवार रात को मिश्रित युगल मुकाबले के फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा व नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-3, 5-7, 10-6 से हराया। इससे पहले स्वियाटेक व रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त पेगुला और जैक को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी व वाव सोरी ने डेनियल व हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया।

# बीसीसीआई ने अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कान्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वे जून 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है। पूर्व तेज गेंदबाज अगरकर को जुलाई 2023 में टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया था। अगरकर के कार्यकाल में टीम इंडिया 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इसके अलावा, टीम इंडिया 2023 के वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली थी। आईपीएल 2025 से पहले कान्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया था रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर का कान्ट्रैक्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले रिन्यू किया गया था। एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, उनके कार्यकाल में भारतीय टीम ने खिताब जीते और बदलाव (टेस्ट और टी-20 में) भी देखा। बीसीसीआई ने उनका



● बीसीसीआई की ओर से अब तक इस मामले पर कोई बयान नहीं आया है, अजीत अगरकर को 2023 में टीम का सिलेक्शन कमेटी का चेयरमैन बनाया था

कान्ट्रैक्ट जून 2026 तक बढ़ा दिया था और उन्होंने कुछ महीने पहले इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। अगरकर करियर में 349 इंटरनेशनल विकेट ले चुके हैं। उन्होंने टेस्ट में 58, वनडे में 288 और टी-20 इंटरनेशनल में 3 विकेट लिए हैं। अजित अगरकर 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 15 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था। साउथ अफ्रीका में हुए टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

अजित अगरकर वनडे में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने वाले भारतीय बैटर हैं। उन्होंने साल 2000 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 21 बाल पर अर्द्धशतक जमाया था। अगरकर ने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 23 मुकाबलों में यह कारनामा किया था। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितम्बर में होने वाली एनुअल जनरल बाडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितम्बर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, बोर्ड उनकी जगह किसी नए चेहरे को नियुक्त कर सकता है।

● आईसीसी ने रैंकिंग में हुई गलती पर सफाई दी

# गलती की जांच हो रही: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार (20 अगस्त) को खिलाड़ियों की रैंकिंग अपडेट की, लेकिन इसमें एक बड़ा ब्लंडर कर दिया। वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली के नाम गायब थे। पिछले हफ्ते 13 अगस्त को जारी रैंकिंग में दोनों भारतीय बल्लेबाज टॉप-5 में शामिल थे।

International Cricket Council

● वनडे रैंकिंग में रोहित-कोहली के नाम शामिल नहीं थे गलती में सुधार किया

हालांकि, आईसीसी ने चार घंटे बाद ही गलती में सुधार किया और रैंकिंग अपडेट कर दी। अब आईसीसी ने इस मामले में सफाई दी है। काउंसिल ने विजडन से कहा, इस हफ्ते की रैंकिंग में कई दिक्कतें आई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि कुछ ही देर बाद टेक्निकल गड़बड़ियां ठीक कर दी गईं और रैंकिंग को दोबारा अपडेट किया गया। इसमें इनएक्टिव खिलाड़ियों को हटा दिया गया और रोहित शर्मा, विराट कोहली को पिछले हफ्ते वाली ही पोजिशन पर बरकरार रखा गया। पहले भी हो चुकी हैं गलतियां आईसीसी की रैंकिंग में इससे पहले भी गलतियां हो चुकी हैं, जिन्हें बाद में ठीक कर लिया गया था। 3 साल पहले आईसीसी ने भारतीय टीम को गलती से टेस्ट की नंबर-1 टीम बना दिया था। फिर करीब ढाई घंटे के बाद इस गलती को ठीक किया गया था। आईसीसी रैंकिंग में 2 बड़ी गलतियां, दोनों बार भारत नंबर-1 बना इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। 2 मामलों में तो टीम इंडिया को टेस्ट की नंबर-1 टीम बता दिया गया था। बाद में गलती सुधार किया गया। पहली - भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब आईसीसी की आफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया।

# महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

● भारत को पूल 'बी' में रखा गया है जहां उसके मुकाबला जापान, थाईलैंड, सिंगापुर से होगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी महिला एशिया कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की।

चीन के हांग्जो में पांच से 14 सितंबर तक होने वाला इस टूर्नामेंट की विजेता टीम 2026 के एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लेगी। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, उसके बाद छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल-स्टेज मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। सलीमा टेटे की अगुवाई वाली इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतु. लित मिश्रण है, जिसमें गोलक. ीपर बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम पोस्ट के नीचे गहराई प्रदान करेंगी।

रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थौदम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, कप्तान सलीमा टेटे, लालरेम. सियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसे मजबूत नाम हैं, जो रचनात्मकता और स्थिरता दोनों सुनिश्चित करते हैं। फॉरवर्ड लाइन में अनुभवी और उभरते सितारे नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल का मिश्रण शामिल है।

# रहाणे ने मुंबई की कप्तानी छोड़ी

● यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि पुजारा का अनुभव टीम के लिए एक बड़ा अनुभव होगा

**मुंबई, वार्ता।** अजिंक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के आगामी सीजन से पहले टीम की कप्तानी छोड़ दी। वहीं अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि वह आगामी सीजन के लिए उपलब्ध हैं।

सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुजारा की उपलब्धता की पुष्टि की। एससीए के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने आगामी रणजी सीजन में खेलने के लिए अपनी तत्परता का संकेत दिया है। यह निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छी खबर है क्योंकि उनका अनुभव टीम के लिए एक बड़ा फायदा होगा। भारत के लिए 103 टेस्ट मैच खेल चुके लाल गेंद के दिग्गज 37 वर्षीय पुजारा अब अपने गृह राज्य के लिए केवल बहु-दिवसीय मैचों में ही खेलते हैं। पुजारा ने पिछले सीजन में सात मैचों में 40-2 की औसत से 402 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्द्धशतक शामिल था, जब सौराष्ट्र को गुजरात के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

जून 2023 में द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद से वह भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने का हवाला देते हुए पुजारा को दलीप ट्रॉफी से बाहर कर दिया था। एससीए के एक अधिकारी ने कहा कि सौराष्ट्र को पुजारा के अनुभव से लाभ मिलने की उम्मीद है। रणजी ट्रॉफी 15 अक्टूबर से शुरू हो रही है, जिसमें सौराष्ट्र अपने पहले मैच में कर्नाटक से भिड़ेगा।



इस बीच, रहाणे ने एक बयान जारी कर कहा कि अब समय आ गया है कि मुंबई टीम की कमान एक युवा कप्तान के हाथों में दी जाए। उन्होंने कहा कि मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात रही है। नए घरेलू सीजन नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है, इसलिए मैंने कप्तानी की भूमिका जारी नहीं रखने का फैसला किया है। रहाणे ने कहा कि मैं एक खिलाड़ी के तौर पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और मुंबई क्रिकेट के साथ अपना सफर जारी रखूंगा ताकि हम और अधिक ट्रॉफियां जीत सकें। इस सीजन का बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड की विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित

● ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया गया है

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने अगले महीने शुरू होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए नेट शिवर-ब्रंट की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में हीथर नाइट को शामिल किया है। मई में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद से ही नाइट ने क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह विश्वकप के लिए फिट होने के लिए अच्छी तरह से रिकवरी कर रही हैं। इसके अलावा करीब सात महीने से समय से टीम से बाहर चल रही डैनी वायट-हॉज की भी विश्वकप टीम में वापसी हुई है जिससे इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी। वायट-हॉज ने अंतिम बार एकदिवसीय प्रारूप में जनवरी में ऐशेज के दौरान खेला था। चयनकर्ताओं ने 30 सितंबर से दो नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्वकप को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड की टीम में चार स्पिनर को शामिल किया है और माया बाउचियर, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स और केट क्रॉस को विश्व कप दल में जगह नहीं मिल पाई है। सोफी एक्लस्टोन स्पिन आक्रमण की अगुवाई करेंगी और बाएं हाथ की स्पिनर ललसी स्मिथ, ऑफ स्पिनर चार्ली डीन और लेग स्पिनर सारा ग्लेन उनका साथ देंगी। लॉरेन बेल, लॉरेन फाइलर और एम एम आरलट पर तेजी गेंदबा. जी का दरमदार होगा। वनडे विश्वकप में इंग्लैंड की टीम:- एम आरलट, टैमी बोमॉन्ट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सोफी एक्लस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी, हीथर नाइट, एमा लैंब, नेट शिवर-ब्रंट (कप्तान), लिंसी व डैनी वायट-हॉज।

# सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में भारत चिर-प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश से भिड़ने के लिए तैयार

● नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरूआत के बाद इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच बाकी है

**भूटान, वार्ता।** सैफ अंडर17 महिला चैंपियनशिप 2025 में नेपाल को 7-0 से हराकर भारत की शानदार शुरुआत के बाद, इस राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी पांच मैच और बाकी हैं, मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन की राय में, 'पांच परफेक्ट मैच।

अगला मुकाबला बड़ा है। यंग टाइग्रेसेस का सामना 22 अगस्त को यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे बांग्लादेश से होगा। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें रही हैं, जिन्होंने चार फाइनल खेले हैं और दो-दो जीते हैं।

बांग्लादेश ने पिछले साल पेनल्टी शूटआउट में भारत से सैफ अंडर16 महिला चैंपियनशिप का खिताब छीन लिया था। और चूंकि कई खिलाड़ी मौजूदा अंडर-17 टीम का हिस्सा हैं, इसलिए यह मैच यंग टाइग्रेसेस के लिए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों से बदला लेने का एक सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भारत की तरह, बांग्लादेश ने भी बुधवार शाम मेजबान भूटान को 3-1 से हराकर जीत के साथ शुरुआत की।

हालांकि भारत की 7-0 की जीत आरामदायक लग सकती है, लेकिन शुरुआती 15 मिनट में ऐसा नहीं लगा, कम से कम तब, जब कुछ घबराहट भरे पल आए और गोलकीपर मुन्नी को कुछ बार एक्शन में आना पड़ा। लेकिन राजस्थान की 15 वर्षीय खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरी और सहज थी, और उसने एक योग्य क्लीन शीट हासिल की। एलेक्जेंडरसन ने कहा कि 7-0 से जीतना, जाहिर है, एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन सच कहूं तो, मैं अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं था।

# प्रेस्टविज का कहर, इंडिया ए की पारी लड़खड़ाई

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** वर्षा प्रभावित इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की जॉर्जिया प्रेस्टविज (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे गुरुवार को इंडिया ए की टीम पहले दिन लड़खड़ा गई। यहां एलन बॉर्डर मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए को लगातार बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा और न्यूनतम 100 ओवरों में से केवल 23-2 ओवर का ही खेल हो पाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने मौसम का पूरा फायदा उठाया। प्रेस्टविज ने नई गेंद से ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही ओवर में दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवी गेंद पर सलामी बल्लेबाज नंदिनी कश्यप (शून्य) और अगली ही गेंद पर धारा गुज्जर (शून्य) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इंडिया ए का तीसरा विकेट 10वें ओवर में तेजल हसबनिस (नौ) के रूप में गिरा। उन्हें सियाना जिंजर ने मिल्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अगले ही ओवर में प्रेस्टविज ने स्टार ओपनर शेफाली वर्मा को एक बेहतरीन गेंद पर बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की झोली में चौथा विकेट डाल दिया। शेफाली ने 38 गेंदों में 35 रन की पारी में आठ चौके लगाए। इस समय भारत का स्कोर चार विकेट पर 44 रन था। ऐसे संकट के समय तनुश्री सरकार ने राघवी बिष्ट के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

# गिल के उपकप्तान बनने से संजू की जगह को खतरा

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल का बतौर उप-कप्तान टी-20 टीम में वापसी करना संजू सैमसन की प्लेइंग-इलेविन में जगह पर बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अब जब गिल उप-कप्तान हैं तो जाहिर है प्लेइंग-इलेविन में उनका स्थान करीब-करीब तय है, गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा। गिल लाल गेंद में तो पहले नंबर-3 और अब नंबर-4 पर खेलते हैं लेकिन सफेद गेंद में वह एक ओपनर हैं। यानी वह अगर प्लेइंग-इलेविन में आते हैं जिसकी संभावना प्रबल है तो फिर उनके लिए अभिषेक शर्मा या सैमसन में से किसी एक को अपना स्थान देना होगा। भारत के लिए पिछले 12 टी-20 से लगातार अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ही पारी का आगाज

● शुभमन गिल के लिए यह तो अच्छा मौका है लेकिन इसका असर टी-20 में भारतीय टीम के संयोजन पर भी पड़ेगा

कर रही है। अभिषेक और सैमसन की सलामी साझेदारी ने इस दौरान 22-25 की औसत से 267 रन बनाए हैं, जिसमें एक ही बार दोनों के बीच 50+ की साझेदारी हुई और इस जोड़ी ने 9-82 की रन रेट से आक्रामक शुरुआत दिलाई है। इतना ही नहीं इन 12 मैचों में 10 बार भारत के सिर जीत का सेहरा बंधा है और इनमें से तीन बार सैमसन (2) और अभिषेक (1) में से कोई प्लेयर ऑफ द मैच रहा है। अभिषेक ने इस दौरान एक तो सैमसन ने तीन शतक भी जड़े हैं। अब ऐसे आंकड़ों के बावजूद इस सलामी जोड़ी को छेड़ना या तोड़ना हैरान जरूर कर सकता है। लेकिन भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की







सोच कुछ अलग है, उन्होंने कहा कि सैमसन पारी का आगाज तब कर रहे थे जब सीनियर खिलाड़ी नहीं खेल रहे थे। अगरकर का यह बयान इशारा कर रहा है कि गिल के आने के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव लगभग तय है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि गिल अगर ओपन करेंगे तो उनके सलामी साझेदार सैमसन होंगे या अभिषेक। टीम मैनेजमेंट के हाल के फैसले और सोच को समझने की कोशिश की जाए तो इसका जवाब ज्यादा मुश्किल नहीं है। एक तो ये कि टीम मैनेजमेंट अब वैसे खिलाड़ियों को तरजीह देती है जो बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी का भी विकल्प दे सकें। अभिषेक इस श्रेणी में सटीक बैठते हैं क्योंकि वह एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिनर हैं। दूसरा उनका मौजूदा फॉर्म और बेजोड़ स्ट्राइक रेट विपक्षी टीम को हक्का बक्का कर देता है। अभिषेक ने भारत के लिए आखिरी टी-20 में 54 गेंदों पर 135 रनों की आतिशी पारी खेली थी।

# मृतक अंकित के परिजनों से मिला सपा डेलीगेशन

## पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने किया नेतृत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने आज नकुड विधानसभा के गांव सांपला बेगमपुर में पहुंचकर मृतक अंकित वाल्मीकि के परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद व न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मंडल ने मृतक अंकित के परिवार से मिल कर हत्या की जानकारी ली और उन्हें इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में न्याय दिलाने के लिये समाजवादी पार्टी पीडित परिवार के साथ खडी है। हमारी संवेदनाएं पीडित परिवार के साथ है और जब भी परिवार को जरूरत होगी। सपा उनके साथ खडी



रहेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने कहा कि पीडित को न्याय मिलने तक हम परिवार के साथ खडे रहेंगे। पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, लोकसभा प्रत्याशी रहे जसवीर वाल्मीकि ने पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हत्याकांड के मामले को हादसे का रूप देकर लीपापोती का प्रयास कर रहा है, जिसे समाजवादी पार्टी कतई बर्दाशत नहीं करेगी। प्रति. निधि मंडल गांव गदरेहेड़ी भी पहुंचा। जहां तीन दिन पहले बीमारी के कारण शिवचरण कश्यप की मृत्यु हो गई थी। सपा नेताओं ने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

प्रतिनिधि मंडल में अंकित वाल्मीकि, सैयद हस्सान, अबूबकर गुज्जर, आशु राणा, मोहित कुमार, रामकुमार भगत जी, रईस चौयरमैन, सोएब सलमानी, हसीब नय्याब, अनस गाड़ा आदि शामिल रहे।

# मॉब लिचिंग के खिलाफ जाऊंगा सुप्रीम कोर्टः मुजतबा एडवोकेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मौ.मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि मॉब लीचिंग की घटनाओं पर वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे।

मौ.मुजतबा ने कहा कि कोई भी किसी भी धर्म सांप्रदाय का व्यक्ति हो किसी को भी किसी के विरुद्ध उसके लिबास कपड़े और रहन सहन खान पीन के आधार पर प्रताड़ित करने के अधिकार किसी को नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल पीआईएल में माँग करूँगा कि दोषियों पर एनएसए लगे और गेर जमानतीय धाराओ में मामला दर्ज होना चाहिये।

उन्होंने कहा कि हाल ही में छुटमलपुर निवासी ड्राइवर के साथ उत्तराखण्ड में हुई घटना बहुत दु:खद है। उन्होंने कहा कि छुटमलपुर निवास



रिजवान के साथ उत्तराखण्ड में हुई मोब्लीचिंग की घटना को लेकर उत्तराखण्ड के वरिष्ठ नेतागणों और शासन के उच्च अधिकारियों से मेरी लगातार वार्ता चल रही है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि आरोपी कोई भी हो उनको ये सब करने का अधिकार संविधान में किसी ने नहीं दिया है।

मुजतबा एडवोकेट ने सरकार से मामले की जाँच एडीएम व सीओ लेवल के अधिकारी से कराकर एनएसए की कार्यवाही और गेरजमानतीय धारायें बढ़ाये जाने की अपील की।

उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा, नेता विरोधी दल यशपाल आर्य, पूर्व मंत्री शूरवीर सजवान, वीरेंद्र रावत के अतिरिक्त अपर पुलिस महानिदेशक, आईजी और अन्य उच्च अधिकारियो के साथ साथ अन्य उच्च अधिकारियों से मेरा लगातार संपर्क बना हुआ है कई दोर की वार्ता हो चुकी है उम्मीद है जल्दी ही शासन इस मामले में हमारी माँग पर विचार कर दोषियों के विरुद्ध अन्य कार्यवाही अम्ल में लायेगा ये मामला शांत नहीं होगा।

# अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन न केवल चौकन्ना है बल्कि समय समय पर बडी कार्यवाही भी कर रहा है। इसी कडी में डीएम और एसएसपी के निर्देश पर खनन विभाग, पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर मिर्जापुर क्षेत्र से पांच डंपर व बेहट से एक डंपर व दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़कर सीज किया है।

माइनिंग इंस्पेक्टर अभिलाष चौबे, नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह, मिर्जापुर कोतवाल अजय कुमार, बेहट इंस्पेक्टर सतपाल सिंह भाटी ने भारी पुलिस बल के साथ अवैध खनन का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मिर्जापुर क्षेत्र से पांच डंपर व बेहट से एक डंपर व दो ट्रैक्टर ट्राली पकडी है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि अवैध खनन माफियाओं और अवैध खनन के ओवरलोड वाहनों के परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जा सकता है। शासनादेशानुसार ऐसे अवैध खनन परिवहन माफियाओं को चिंहित करते हुए कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी। आपको बताते चलें कि इस समय शासनादेशों के चलते किसी भी प्रकार के खनन और बगैर किसी तरह के कागजों के ओवरलोड वाहनों के परिवहन पर रोक लगाई गई है, जिसके बावजूद यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है, जिसके विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# चेकिंग अभियान में 7 स्थानों पर पकड़ी गई बिजली चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा आज चैकिंग अभियान चलाकर 7 स्थानों पर बिजली चोरी पकडी गयी। साथ ही दस बडे बकायेदारों के संयोजन विच्छेदन किये गये।

विद्युत नगरीय वितरण उपखण्ड द्वितीय अम्बाला रोड के उपखण्ड अधिकारी ने बताया कि आज पीएससी बल के साथ गुरूद्वारा रोड फीडर पर स्मार्ट मीटरिंग का कार्य कराया गया। साथ ही दाऊद सराय फीडर पर विद्युत चैकिंग अभियान चलाते हुए 7 स्थानों पर विद्युत चोरी पकडी गयी। जिनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इसके साथ ही दस बडे बकायेदारों के संयोजन विच्छेदन किये गये। जिन पर करीब ढाई लाख रूपये विद्युत बिल बकाया है।

# विधायक आशु ने उठाई सिंचाई विभाग से सम्बन्धित समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में सिंचाई विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को उठाते हुए उनके निस्तारण की मांग की।

बैठक में विधायक आशु मलिक ने कहा कि गांव घुन्ना महेश्वरी के बीच में राजबाहे की सफाई न होने के कारण जल भराव हो रहा है। जिसके चलते आसपास के गांवों में पानी भर रहा है और खेतों में खडी फसल खराब हो रही है जिसे प्राथमिकता के आधार पर साफ कराया जाये। हॉजखेडी माइनर की पटरी के किनारे से खरौली राजवाहे से आदमपुर जाने वाला लगभग 2 किमी मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त है और यह दमकडी, दाबकी गुर्जर, भाऊपुर, आदमपुर का सम्पर्क मार्ग है किसान अपनी फसलों



को ले जाने के लिए इस मार्ग का प्रयोग करते है इसलिए धारौली राजवाहे से दो किमी के मार्ग को दुरूस्त कराया जाये। देहात विधायक ने कहा कि ग्राम हीराहैडी में पीकी माइनर के हैड से 1200 मी. की दूरी पर सिंचाई विभाग का मखरज बना हुआ है जो पुराना होने के कारण डेमेज हो गया है निकासी का मार्ग अवरूद्ध होने के कारण बरसात का पानी नही निकलता जिसके आसपास की करीब 400 बीघा फसल को नुकसान हो रहा है इस सम्बन्ध में अपर खण्ड पूर्वी यमुना नहर के अधिशासी अभियन्ता को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ। विधायक ने कहा कि ग्राम मालाहेडी से जा रहे बिजोपुरा की ओर पूर्वी यमुना नहर की पटरी राजवाहे पिलखनी के नीचे इनलेट टूट गये थे जिस कारण बरसात का पानी गांव में जा रहा है और ग्रामीणों को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसके साथ ही किसानों की फसल भी तबाह हो रही है। पिछले साल अधिशासी अभियन्ता के संज्ञान में यह मामला लाया गया था, लेकिन अभी तक भी इस दिशा में कोई कदम नही उठाया गया।

# नशामुक्ति केन्द्रों पर डीएम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। गठित निरीक्षण दल ने एक साथ कई केन्द्रों पर पहुँचकर पंजीकरण दस्तावेजों से लेकर भर्ती मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण में जीवन ज्योति (मेघ छप्पर), लाइफ केयर नशा मुक्ति केन्द्र (मेघ छप्पर एवं शहाजहांपुर), लक्ष्य नशा मुक्ति केन्द्र (शहाज. हांपुर), प्रयास नशा मुक्ति केन्द्र (इस्माइलपुर), जीवन रक्षक (अम्बाला रोड), जीवन दान फाउंडेशन (सड़क दूधली) एवं जीवन का एहसास (सड़क दूधली) शामिल रहे। निरीक्षण दल में स्वास्थ्य



विभाग की नोडल अधिकारी एनसीडी सेल श्रीमती शिवांका गौड़, प्राभकारी निरीक्षक नकुड़ संजीव कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक बेहट विकास यादव, आबकारी निरीक्षक राजकमल, औषधि निरीक्षक राघवेंद्र सिंह तथा क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी उपदेश कुमार अपनी-अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। दल द्वारा की गई जांच में अधिकांश केन्द्रों की स्थिति बेहद खराब पाई गई। मरीजों के लिए साफ-सफाई व स्वच्छता का अभाव, पर्याप्त बेड, शौचालय और स्नानघर की कमी, वातानुकूलन की सुविधा न होना, क्षमता से अधिक मरीजों को भर्ती करना, रसोईघर में गंदगी, चिकित्सक या प्रशिक्षित स्टाफ का न होना गंभीर खामियों के रूप में दर्ज की गईं। साथ ही केन्द्रों द्वारा सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराना, अभिलेखों का सही रख-रखाव न होना, आपातक. ालीन निकास मार्ग व अग्निशमन व्यवस्था का अभाव भी उजागर हुआ। निरीक्षण दल की रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से जीवन ज्योति, लाइफ केयर (मेघ छप्पर व शहाजहांपुर), लक्ष्य (शहा. जहांपुर), प्रयास (इस्माइलपुर) एवं जीवन रक्षक (अम्बाला रोड) नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थिति अत्यंत दयनीय पाई गई है।

# असत्य पर सत्य की जीतः गौरव

## यू.पी. बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यू.पी. बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की गैरकानूनी एवं अनैतिक गति. विधियों के चलते संस्था का पंजीकरण डिप्टी रजिस्ट्रार चिट्स, फॉर्म्स एवं सोसायटीज कार्यालय मेरठ द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

गुरुवार को गिल कॉलोनी स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं पार्षद गौरव कपिल ने बताया कि संस्था के तथाकथित सचिव विश्वास राव और अध्यक्ष साजिद अहमद द्वारा खेल मंत्रालय भारत सरकार के नाम और चिन्ह का दुरुपयोग कर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को गुमराह किया गया। साथ ही अवैध धन उगाही और व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धि जैसे



गैरकानूनी कार्य किए गए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों द्वारा लगातार विरोध एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। जांच में संस्था दोषी पाई गई। सुनवाई के दौरान संस्था कोई संतोषजनक जवाब या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिसके बाद संस्था का पंजीकरण निरस्त करने के आदेश जारी किए गए। गौरव कपिल ने इसे सत्य की जीत बताया।

इस अवसर पर तरुण शर्मा, अनु. जवीर रुहेला, विवेक पवार, अलीम, विनय सैनी, हिमांशु, शुभम व अंतिष सहित कई खिलाड़ी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शांति भंग में चार जेल भेजे

**बिहारीगढ़।** बृहस्पतिवार को थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक ही गांव के चार लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिखा पड़ी के बाद चालान कर दिया है।

थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ अक्षय शर्मा के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव कुरड़ीखेड़ा निवासी मुस्तकीम, मुर. सलीन, अनवर पुत्रगण हाशिम व महताब पुत्र इनाम निवासी कुरडीखेडा के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत लिखा पढ़ी कर विधिवत कार्यवाही करते हुए चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा का कहना है कि गांव में शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक विजय सिंह, अभिषेक कुशवाहा, कांस्टेबल इस्लाम आदि शामिल रहे।

# पाल समाज के मेधावी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति का प्रथम स्थापना दिवस मनाते हुए समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।




गुरुवार को अंबाला रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विजय पान( राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व क्षत्रिय अखिल भारतीय पान समाज ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई। एडवोकेट प्रियंका पाल ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। कवि राजेश बघेल ने अपनी ओजस्वी कविता से एकता, शिक्षा और स्वाभिमान का संदेश देकर युवाओं में उत्साह भर दिया। डॉ. मुकेश पाल, विजय पाल ऑक्सफोर्ट, निरंजन पाल तथा धम्मू पाल ने भी सभा को संबोधित कर शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता और संगठन पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी महेश पाल ने किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अमन पाल, उपाध्यक्ष राजकरण पाल, संरक्षक पप्पू पाल, सचिव शक्ति पाल, संयोजक ओपिन पाल, महिला अध्यक्ष पूनम पाल, महिला उपाध्यक्ष मनीष पाल, उप सचिव नवीन पाल, कोषाध्यक्ष हरिओम पाल, ऑडिटर नरेंद्र पाल एवं अनुज पाल सहित समिति के सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# थाना फतेहपुर पुलिस के हत्थे चढ़े चार वारन्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थाना प्रभारी सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस टीम जिसमें व.उप-निरीक्षक भूपेंद्र कुमार शर्मा, शुभम चौधरी, विजय सिंह, अनिल तेवतिया, हेड कांस्टेबल अमित तोमर और ललित कुमार शामिल थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में रजनीश पुत्र धनीराम (मुजफ्फराबाद), शमीम पुत्र मजूर (मुजाहिदपुर), सचिन पुत्र सुरेश (जीवाला), और अभिषेक पुत्र अजय (अलीपुर सिम्भालकी) शामिल हैं। रजनीश के खिलाफ मुकदमा संख्या 381/20, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, शमीम के खिलाफ वाद संख्या 2675/25, धारा 498ए/323 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट, सचिन के खिलाफ मुकदमा संख्या 218/22, धारा 379/411 भादवि, और अभिषेक के खिलाफ वाद संख्या 6958/20, धारा 3(1)92/317(3) भा.न्या.सं. के तहत वारंट जारी थे।

पुलिस ने इन अभियुक्तों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया। सभी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की तत्परता को दर्शाती है।

थाना प्रभारी सचिन पूनिया ने बताया कि ऐसी कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी ताकि अपराध नियंत्रण में रहे और जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे।

# गांव में बसता है असली भारतः चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोक दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि असली भारत गांव में बसता है। इसलिए हमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा।



गांव किरोड़ी में चौधरी हरबीर सिंह के निवास पर बैठक करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूवग् राज्यमंत्री चौ. नीरपाल सिंह ने पाटीग् को मजबूत करने के लिए ग्रामीणों से चर्चा की। चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि असली भारत गांव में बसता है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने के लिए हमें उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना होगा। इसके लिए क्षेत्र के जो बड़े गांव हैं, उनमें पंचायतें की जाएंगी। किसानों को जागरूक किया जाएगा। युवाओं को खेलने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा। युवा नशे से दूर रहे इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल को और अपने नेता जयंत चौधरी को मजबूत करने के लिए हम सबको एकजुट होकर चलना होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव युवी चौधरी, कुक्कू चौधरी, चौधरी दरियाव सिंह, सेठी, विकास प्रधान, आशीष, अरविन्द आदि उपस्थित रहे।

# न्यू टाउनशिप योजना हेतु जमीन देने वाले किसान सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एसडीए द्वारा मुख्यमंत्री शहरी निस्तारीकरण नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित न्यू टाऊनशिप योजना हेतु ग्राम चुनैहटी गाडा के किसानों की सहमति के आधार पर उनकी भूमि क्रय किये जाने हेतु बैनाम से सम्बन्धित कार्यवाही की गयी।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा बडतला यादगार निवासी प्रवीण जैन, विनय जैन, विजय जैन को माला पहनाकर सम्मानित करने के साथ ही महत्वपूर्ण योजना में सहयोग प्रदान किये जाने हेतु आभार जताया।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार दुर्भाग्यपूर्णः मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक मलिक ने कहा कि शिक्षा विभाग में बढ़ता भ्रष्टाचार दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को बीएसए कार्यालय पर निजी स्कूलों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए समस्या निवारण शिविर का उद्घाटन किया जाएगा।

श्री मलिक 62 फुटा रोड स्थित दून पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर आगामी 30 अगस्त को बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इसके बाद संगठन के पदाधिकारी प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक



बीएसए कार्यालय परिसर में बैठकर समस्याओं का समाधान कराएंगे। डॉ. मलिक ने कहा कि 2016 से आरटीई की अधूरी फीस प्रतिपूर्ति, 2020 से अभिभावकों की बकाया प्रोत्साहन राशि, मान्यता के मानकों का सरल. ीकरण, जांचों के नाम पर शोषण और सरकारी स्कूलों में फर्जी नामांकन जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार जरूरी है। जिलाध्यक्ष के.पी. सिंह एवं महानगर अध्यक्ष गय्यूर आलम ने कहा कि निजी स्कूलों को कक्षा 1 से 8 तक के प्रवेश पोर्टल पर दर्ज करने का अधिकार मिलना चाहिए। प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट व महानगर प्रभारी अजय सिंह रावत ने टीसी काउंटर साइन व्यवस्था को भ्रष्टाचार का माध्यम बताते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। इस अवसर पर प्रवीण कुमार गुप्ता, अशोक सैनी, मास्टर हंस कुमार, जोरा सिंह, जितेंद्र गोरियान, शिवकुमार मालियान, मुजाहिद नदीम, सरफराज खान, वजाहत अली खान, बुरहान अली, प्रकाश पांडे, मोहम्मद अहमद, वसीम अहमद, मोहम्मद अरशद आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता डा. के. पी. सिंह व संचालन प्रदेश सचिव अमजद अली खान एडवोकेट ने किया।

# एएसपी का थाने में निरीक्षण



**गागलहेड़ी।** थाना गागलहेड़ी में एएसपी मनोज कुमार यादव ने निरीक्षण किया उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप और थाना कार्यालय व अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया।

गुरुवार को थाना गागलहेड़ी में एएसपी मनोज कुमार यादव ने थाने का मुआइना किया और थाने के समस्त अभिलेखों का बारीकी से निरिक्षण किया उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप और थाना कार्यालय निरीक्षण किया। वही गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। एएसपी ने थाने में कम्प्यूटर कक्ष, बैरिक व थाना मैस का भी जायजा लिया। एएसपी मनोज कुमार ने पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और बैंक की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार से कहा कि वे अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करें और निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करें।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

# देर आयद, दुरुस्त आयद

संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन ऑनलाइन गेमिंग बिल को राज्यसभा में पास कर दिया गया। सरकार को देर से ही सही, लेकिन लोगों के पैसों को सुरक्षित रखने के लिए बिल लाना ही पड़ा, क्योंकि यह लत देश के लोगों की आर्थिक स्थिति को खराब कर रही थी, जिसकी वजह से हर चौथे घर में झगड़े होते रहते हैं। अब देखना यह है कि सरकार इस बिल को किस प्रकार अमल में लाती है और इसकी जिम्मेदारी किसको दी जाती है। अगर इस बिल का सही क्रियान्वयन हुआ, तो यह लोगों के लिए अच्छा साबित होगा और यदि किसी ऐसे अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी दी गई, जो भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है, तो इस बिल की आड़ में और ज्यादा भ्रष्टाचार पनपने लगेगा, इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम उठाना है।

सत्र की शुरुआत 21 जुलाई से हुई थी। दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर इस सत्र में बहुत कम कामकाज हुआ है। एक महीने लंबे सत्र के दौरान लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पास किए, लेकिन बार-बार व्यवधान, स्थगन और बायकॉट जारी रहा। आखिरी दिन की कार्यवाही के दौरान सदन में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी। इसके साथ लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस बिल का मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग इन ऑनलाइन मनी गेम्स के चक्कर में फंसकर 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक गंवा देते हैं। केंद्र सरकार ऑनलाइन गेमिंग से लोगों को हो रहे वित्तीय और सामाजिक नुकसान को रोकने के लिए यह बिल लाई है। इसका नाम प्रमोशन एंड रेग्युलेशन आफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 है। हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं, बल्कि एक सामा. जिक संकट बन चुकी है।

एक अनुमान के अनुसार इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। कई तो आत्महत्या और हिंसा जैसा गंभीर कदम भी उठा लेते हैं। ऑनलाइन गेम ने देशभर में युवाओं को पूरी तरह से जकड़ लिया है। बर्बादी का ऑनलाइन खेल इन दिनों इंटरनेट पर खुलेआम चल रहा है। इसके अलावा गेम के द्वारा ऑनलाइन पैसा कमाने का धंधा भी जोरों पर है। खुलकर कहा जाए तो ऑनलाइन गेम खेलने का धन्धा कह सकते है। इंटरनेट का ज्ञान रखने वाले लड़के हो या लड़की इसी तरह से पैसा कमाने के लिए अग्रसर हो रहे है। हालंकि मिडल क्लास के पास इतने पैसे नहीं होते हैं कि वह महंगा मोबाइल फोन लैपटॉप और रिचार्ज का पैसा उपलब्ध करा सके। इसलिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ये गलत काम करने के लिए प्रेरित होते हैं और अंतत: आज की युवा पीढ़ी गलत रास्ते पर चलने लगती है और शॉर्टकट से पैसा कमाने के लिए इन ऑनलाइन गेम का सहारा लेती है।


## डर सबको लगता है



एक्सियम मिशन के तहत हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो हफ्ते रहे, मैं मिशन पायलट था, मैं कमांडर था मैं सिस्टम को कमांड कर रहा था, आईएसएस में दो हफ्ते के दौरान हमने कई एक्सपेरिमेंट किए। कुछ तस्वीरें लीं, इसके लिए हमने कई ट्रेनिंग ली, यह एक अलग ही अनुभव था, अगर हम कहें कि डर कभी नहीं लगता, ये कहना गलत होगा, डर सबको लगता है, लेकिन हमारे पीछे एक भरोसेमंद टीम होती है, जिसे हम अपनी जिंदगी सौंप देते हैं, ह्यूमन स्पेस मिशन को अंजाम देने का फायदा सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित नहीं है, वहां रहकर जो अतिरिक्त ज्ञान हमें मिलता है, वह अमूल्य है।

-शुभांशु शुक्ला
इंडियन एस्ट्रोनाट

# विश्वास की परीक्षा





एस.वाई. कुरैशी

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है।

पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की जीवनरेखा हैं, और मतदाता सूची उसका मूल आधार है। यदि सही, सटीक, अद्यतन और विश्वसनीय मतदाता सूची नहीं हो, तो लोकतंत्र गंभीर खतरे में पड़ सकता है। विशेष रूप से हमारे जैसे विशाल और विविध देश में, जहां मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है, मतदाता सूची का सटीक और निरंतर अद्यतन एक असाधारण तार्किक और लोकतांत्रिक अभ्यास है। यह एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत का व्यावहारिक रूप है।

भारत का चुनाव आयोग ECI, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का संवैधानिक दायित्व सौंपा गया है, दशकों से इस जिम्मेदारी को निभा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी बार-बार यह दोहराया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव मूलभूत संवैधानिक अधिकार हैं और मतदाता सूची की सटीकता इस प्रक्रिया की आत्मा है।

पारदर्शिता हमेशा से चुनाव आयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। मतदाता सूची सभी के लिए खुली रहती है, आपत्तियों के लिए आमंत्रित किया जाता है और सभी हितधारकों को भाग लेने का अवसर दिया जाता है। चुनाव आयोग का यह खुलापन इसे वर्षों से भारी सार्वजनिक भरोसा दिलाता रहा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज CSDS द्वारा 2000-2009 के बीच किए गए सर्वेक्षणों में, चुनाव आयोग को भारत की सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्था पाया गया, जिसकी विश्वसनीयता 85-87 प्रतिशत तक रही। 2007 का एक महत्वपूर्ण प्रयोग SAD मतदाता, मतदाता सूची प्रबंधन में सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में से एक 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान हुआ। उस समय चुनाव आयोग ने एक नई समस्या का समाधान करने के लिए एक अभिनव तरीका अपनाया। समस्या थी SAD - Shifted Absent Dead, यानी स्थानांतरित, अनुपस्थित और मृत मतदाता। इन्हें हटाना विवाद और गड़बड़ी का कारण बन सकता था, इसलिए चुनाव आयोग ने इनके नाम हटाने की बजाय एक अलग सूची बनाई। इस सूची के मतदाताओं को एक विशेष पहचान दी गई और उन्हें मतदान केंद्र पर सत्यापन के बाद ही वोट डालने की अनुमति दी गई। इन लोगों की जिम्मेदारी प्रेसाइडिंग ऑफिसर को दी गई। जब SAD मतदाता मतदान करने आते, तो अधिकारी उनके कागजातों की जांच करता और फिर तय करता कि उन्हें वोट डालने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया से 2007 का प्रयोग बहुत सफल रहा। गुजरात में SAD मतदाताओं में से 42 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे, जिससे स्पष्ट हुआ कि यह प्रभावी था।

### 2011 से आगे- राष्ट्रीय मतदाता दिवस

2011 में चुनाव आयोग ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। इसका उद्देश्य था लोकतंत्र की भावना को बढ़ावा देना और मतदाता भागीदारी में सुधार लाना। हर साल, नए मतदाताओं को शामिल करना और जागरूक बनाना आयोग की प्राथमिकता रही है। हाल के वर्षों में, चुनाव आयोग ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया, स्पेशल समरी रिवीजन SSR इस प्रक्रिया के तहत हर साल मतदाता सूची को अपडेट किया जाता है। लेकिन 2023-24 में, बिहार की मतदाता सूची से जुड़े एक विवाद ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए। रिपोर्टों के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में संशोधन के दौरान 65 लाख नामों को हटाया गया, जिनमें से 22 लाख दोहराए गए, 36 लाख स्थाई रूप से गुम हो गए और 7 लाख संदिग्ध डुप्लीकेट पाए गए। इससे लोगों के बीच चिंता और अविश्वास फैल गया।

जब इन परिवर्तनों पर जनता को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, तो पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। अंतत: 14 अगस्त 2024 को चुनाव आयोग को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा कि बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख नाम हटाए गए हैं, लेकिन फिर भी नामों की विस्तृत सूची, कारण और सत्यापन के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए।

### विश्वास बहाल करने की आवश्यकता

चुनाव आयोग की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता रही है। यदि लोगों का भरोसा कम होता है, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ सकता है। पारदर्शिता को लेकर कोई समझौता न करते हुए चुनाव आयोग को फिर से अपने सबसे कठोर, सबसे निष्पक्ष स्वरूप में लौटना होगा। विश्वास पुन: अर्जित करने के लिए, चुनाव आयोग को हर नाम, हर बदलाव और हर मतदाता सूची संशोधन के पीछे के कारणों को सार्वजनिक रूप से साझा करना होगा। मतदाता सूची का सही और पारदर्शी प्रबंधन लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य है। चुनाव आयोग का आदर्श वाक्य होना चाहिए, हर वोट मायने रखता है, हर वोटर मायने रखता है।

(लेखक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ये उनके निजी विचार हैं)

# कॉफी पाउडर में कॉकरोचः मन में बढ़ता संकट

**कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट और अन्य खाद्य पदार्थों में पशु-आधारित सामग्री का मिश्रण न केवल एक स्वास्थ्य संकट है, बल्कि यह शाकाहारी लोगों के विश्वास और मूल्यों पर भी हमला है। यह समय है कि हम खाद्य मिलावट के खिलाफ एकजुट हों और अपने भोजन की शुद्धता और सुरक्षा को सुनिश्चित करें। सरकार, खाद्य कंपनियों और उपभोक्ताओं को मिलकर इस समस्या का समाधान करना होगा ताकि हमारा भोजन और पेय न केवल स्वादिष्ट हो, बल्कि शुद्ध और नैतिक भी हो। कॉफी का एक कप हमें ताजगी और खुशी देता है, और यह हमारा अधिकार है कि यह शाकाहारी और सुरक्षित रहे।**



रजनीश कपूर

भारत में कॉफी और चाय न केवल एक पेय हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक मेलजोल और रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। सुबह की ताजगी हो या दोस्तों के साथ गपशप, कॉफी का एक कप हमें जोड़ता है। लेकिन क्या हो अगर यह कॉफी, जिसे हम शुद्ध और शाकाहारी मानते हैं, वास्तव में शाकाहारी न हो? हाल ही में सोशल मीडिया में कुछ खबरों और अध्ययनों ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है कि कॉफी पाउडर में कॉकरोच जैसे कीड़ों की मिलावट हो सकती है। यह न केवल खाद्य सुरक्षा का सवाल उठाता है, बल्कि उन लाखों शाकाहारी लोगों के विश्वास को भी तोड़ता है जो अपने आहार को लेकर सजग रहते हैं। पेयों और खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट की समस्या एक गंभीर मुद्दा है जिसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।


कॉफी पाउडर में कॉकरोच की मौजूदगी का विचार ही किसी के लिए भी घृणित हो सकता है। लेकिन यह केवल एक डरावनी कहानी नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है जो खाद्य प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण की कमियों को उजागर करती है। कुछ अध्ययनों और उपभोक्ता शिकायतों के अनुसार, सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले कॉफी पाउडर में कीड़े, कॉकरोचों के अवशेष और अन्य अशुद्धियां पाई गई हैं। यह समस्या विशेष रूप से उन ब्रांडों में देखी गई है जो लागत कम करने के लिए निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं या जिनके उत्पादन इकाइयों में स्वच्छता मानकों का पालन नहीं होता। कॉकरोच जैसे कीड़े न केवल कॉफी को अशुद्ध करते हैं, बल्कि इसे शाकाहारी पेय की श्रेणी से बाहर भी ले जाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां शाकाहार न केवल एक आहार है, बल्कि एक धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्य भी है, यह एक गंभीर मुद्दा है। शाकाहारी लोग अपने भोजन और पेय में पशु-आधारित सामग्री से बचते हैं, लेकिन ऐसी मिलावट उनकी पसंद और विश्वास का उल्लंघन करती है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि नैतिकता और विश्वास का भी सवाल है। वहीं यदि कोई कॉफी के साबुत बीन्स को स्वयं ही पीस कर कॉफी बनाए तो उसमें मिलावट का डर नहीं रहता। कॉफी पाउडर में कॉकरोचों की मिलावट केवल एक उदाहरण है। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या भारत में लंबे समय से चली आ रही है। दूध, मसाले, शहद, घी और यहां तक कि अनाज जैसे रोजमर्रा के खाद्य पदार्थ भी मिलावट का शिकार हैं। उदाहरण के लिए, दूध में पानी, यूरिया या डिटर्जेंट मिलाने की खबरें आम हैं। मसालों में कृत्रिम रंग, चूरा या ईंट का पाउडर मिलाया जाता है। शहद में चीनी का सिरप और घी में वनस्पति तेल की मिलावट कोई नई बात नहीं है। इनमें से कई मिलावटें न केवल शाकाहारी भोजन को प्रभावित करती हैं, बल्कि कुछ मामलों में पशु-आधारित सामग्री भी शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कुछ सस्ते घी ब्रांडों में पशु वसा द्धंदपउंसजिक्ष की मिलावट भी पाई गई है, जिसे शाकाहारी लोग पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं। इसी तरह, कुछ मिठाइयों और बेकरी उत्पादों में अंडे या पशु-आधारित जेलाटिन का उपयोग होता है, जिसे पैकेजिंग पर स्पष्ट रूप से नहीं बताया जाता। यह शाक. ाहारी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा धोखा है, जो अपने भोजन को लेकर सावधानी बरतते हैं। मिलावट का प्रभाव केवल स्वाद या गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, यह स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। कॉकरोच और अन्य कीड़े बैक्टीरिया और रोगजनकों के वाहक हो सकते हैं, जो कॉफी के सेवन से पेट की बीमारियों, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। इसके अलावा, मिलावटी खाद्य पदार्थों में रासायनिक पदार्थों का उपयोग, जैसे कृत्रिम रंग या संरक्षक, दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कैंसर, गुर्दे की बीमारी और हृदय रोगों को जन्म दे सकता है।

नैतिक दृष्टिकोण से, यह उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात है। शाकाहारी लोग अपने आहार को लेकर इसलिए सजग रहते हैं क्योंकि यह उनकी धार्मिक, सांस्कृतिक या पर्यावरणीय मान्यताओं का हिस्सा है। जब उन्हें पता चलता है कि उनके द्वारा खाया या पिया गया भोजन शाकाहारी नहीं है, तो यह उनके विश्वास और मूल्यों पर चोट करता है। इसके अलावा, यह खाद्य कंपनियों और नियामक संस्थानों पर सवाल उठाता है कि वे उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा क्यों नहीं कर पा रहे हैं।

मिलावट की समस्या के कई कारण हैं। पहला, लागत कम करने की होड़ में कुछ निर्माता निम्न गुणवत्ता वाले कच्चे माल का उपयोग करते हैं और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करते हैं। दूसरा, खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन न होना और निरीक्षण की कमी। तीसरा, उपभोक्ताओं में जागरूकता की कमी, जिसके कारण वे सस्ते और मिलावटी उत्पादों को खरीद लेते हैं। इस समस्या का समाधान तभी संभव है जब सभी हितधारक मिलकर काम करें। सरकार को खाद्य सुरक्षा मानकों को और सख्त करना चाहिए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करना चाहिए। खाद्य कंपनियों को पारदर्शिता बरतनी चाहिए और अपने उत्पादों की सामग्री को स्पष्ट रूप से पैकेजिंग पर उल्लेख करना चाहिए। उपभोक्ताओं को भी जागरूक होना होगा और विश्वसनीय ब्रांडों को चुनना होगा। इसके अलावा, शाकाहारी लोग अपने भोजन की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए घर पर कॉफी बीन्स को पीसने या प्रमाणित शाकाहारी उत्पादों का उपयोग करने जैसे विकल्प चुन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खंडहरों में फलस्तीनः युद्ध की असहनीय कीमत



के.सी. त्यागी

जैसे-जैसे राजनीतिक अस्थिरता गहराती जा रही है और वैश्विक शक्तियां गाजा के भविष्य पर बहस कर रही हैं, लाखों फलस्तीनी अनिश्चित और भयावह भविष्य का सामना कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2003 को हमास लड़ाकों ने सफलतापूर्वक इजराइल पर एक बड़ा हमला किया, लेकिन इसकी जो कीमत फिलिस्तीनियों को चुकानी पड़ रही है, वह दिल दहला देने वाली है। इस युद्ध से हुई तबाही से उबरने में फिलिस्तीन को सदियों लग सकते हैं। यह युद्ध 15 महीनों से अधिक समय तक चला, और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, फलस्तीन को फिर से बनाने में 350 से अधिक वर्ष लग सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, सिर्फ पहले चार महीनों में हुए नुकसान की कीमत लगभग 18.5 अरब डॉलर आंकी गई है। फिलहाल, गाजा की लगभग 69 प्रतिशत संरचनाएं या तो पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हैं। केवल गाजा क्षेत्र में 50 मिलियन टन से अधिक मलबा जमा हो चुका है, जिसे साफ करने में भी 15 साल से अधिक का समय लग सकता है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक की रिपोर्टों के अनुसार, गाजा में जमा मलबा मिस्र के ग्रेट पिरामिड ऑफ गीजा के आकार से लगभग 12 गुना बड़ा है। यदि प्रतिदिन 100 ट्रक लगातार मलबा साफ करें, तब भी इसे पूरी तरह हटाने में 15 साल से अधिक का समय लगेगा।



### मानव जीवन की भयावह कीमत

गाजा में तबाही के कारण तीन पीढ़ियां अपने स्थाई घर खो चुकी हैं और उन्हें लंबे समय तक विस्थापित रहना होगा। अब तक 58,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 44 प्रतिशत बच्चे हैं। जो बच्चे जीवित बचे हैं, वे भी बेहद खराब परिस्थितियों में जीवन जी रहे हैं। वे लगातार बीमारियों, तनाव, आघात, अवसाद और भय से जूझ रहे हैं। फिलिस्तीन के बच्चों पर किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 96 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे अब जीवित नहीं रहना चाहते। जिन बच्चों ने 16 वर्ष की आयु पूरी की, उनमें 72 प्रतिशत लड़कियां और 68 प्रतिशत लड़के आत्महत्या के विचार व्यक्त करते हैं। नीदरलैंड्स की एक संस्था वर्ल्ड चाइल्ड अलायंस ने रिपोर्ट दी है कि 92 प्रतिशत माता-पिता ने अपने बच्चों को लगातार हिंसा और युद्ध से बचाने में असमर्थता व्यक्त की है।

### अर्थव्यवस्था का पतन

विश्व बैंक का अनुमान है कि केवल पहले चार महीनों में गाजा की अर्थव्यवस्था को जितना नुकसान हुआ, वह वेस्ट बैंक और गाजा की संयुक्त वार्षिक अर्थव्यवस्था के बराबर है। प्रमुख सड़कें गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, पानी और बिजली की आपूर्ति ठप हो चुकी है, और अस्पतालों की कार्यक्षमता पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।

### राजनीतिक अस्थिरता और वैश्विक प्रतिक्रिया

इस स्थिति ने फिलिस्तीन के भीतर राजनीतिक उथल-पुथल पैदा कर दी है। फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतएह ने इस्तीफा दे दिया और अपने इस्तीफे में स्वीकार किया कि गाजा के लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के नेतृत्व में किए गए सैन्य अभियानों और इजराइल के हमलों ने इस मानवीय संकट को और गहरा बना दिया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम संकल्प का समर्थन 158 देशों ने किया, लेकिन जमीनी हालात में कोई बदलाव नहीं आया। गाजा के पुनर्निर्माण में अब अरब देशों, यूरा. ेपीय संघ और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन राजनीतिक टकराव और प्रतिबंध पुनर्निर्माण को धीमा कर रहे हैं।

### रोजगार, विस्थापन और भुखमरी

हमास के हमले के बाद इजराइल ने लगभग 80,000 फिलिस्तीनी मजदूरों के परमिट रद्द कर दिए, जिससे बेरोजगारी 40 प्रतिशत तक पहुंच गई। वहीं, मुद्रास्फीति 3.6 प्रतिशत बढ़ गई और भोजन तथा ईंधन की कीमतें दोगुनी हो गईं। इसके अलावा, अमेरिका और यूरोपीय देशों ने गाजा के लिए वित्तीय सहायता सीमित कर दी है। इसने मानवीय संकट को और भी गंभीर बना दिया है। गाजा में स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ध्वस्त हो चुकी हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, और लोग भूख से मर रहे हैं।

### क्षेत्रीय तनाव और वैश्विक कूटनीति

कई अरब देश, जैसे सऊदी अरब, कतर, जॉर्डन और तुर्की, इजराइल के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। वहीं, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य पश्चिमी देश हमास के खिलाफ खड़े हैं। यह राजनीतिक विभाजन गाजा संकट को और भी जटिल बना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक इजराइल और फिलिस्तीन के बीच एक व्यापक शांति समझौता नहीं होता, तब तक यह संकट और गहराता जाएगा। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि यदि गाजा में पुनर्निर्माण और राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में मानवीय त्रासदी और भी भयावह हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत नहीं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार

## जयशंकर ने अमेरिका और यूरोप पर साधा निशाना

**मास्को।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा हम रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदार नहीं हैं, चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं हैं, वह यूरोपीय संघ है। 2022 के बाद रूस के साथ व्यापार में सबसे तेज बढ़त भी हमारे साथ नहीं हुई, बल्कि दक्षिण के कुछ अन्य देशों के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसे अमेरिकी प्रशासन खुद कहता आया है कि हमें वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने चाहिए, जिसमें रूस से तेल खरी. दना भी शामिल है। वैसे, हम अमे. रिका से भी तेल खरीदते हैं और वह मात्रा बढ़ रही है। इसलिए, ईमानदारी से कहूं तो जो तर्क मीडिया की ओर से दिया गया है, वह हमें पूरी तरह से उलझाने वाला और अस्पष्ट लगता है। इससे पूर्व रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष एस, जयशंकर के साथ बैठक की। इस दौरान



**कहा: चीन है रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार, हम एलएनजी के सबसे बड़े खरीदार भी नहीं, यूरोपीय संघ एलएनजी का सबसे बड़ा खरीदार है**

उन्होंने कहा, हमें आपको मास्को में देखकर खुशी हो रही है। मुझे पता है कि आपका कल का दिन व्यस्त था। आपने उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव के साथ व्यापार और आर्थिक मामलों की अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की, जो सफल रही। लावरोव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आज हमें राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का अवसर मिलेगा। हम अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखते हैं और हमें उम्मीद है कि हम इन संबंधों को पूरी तरह सही ठहराएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई व्यवस्था बनते हुए देख रहे हैं, जो एक बहुध्रुवीय व्यवस्था है। इसमें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), ब्रिक्स और जी-20 की भूमिका बढ़ती जा रही है और निश्चित रूप से संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा मंच है, जहां सभी मौजूदा और भविष्य के शक्ति केंद्र देश आपस में सहयोग, समझौते और संतुलित दृष्टिकोण से काम कर सकते हैं। रूस ऐसे संतुलित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। मुझे आपसे मिलकर खुशी हो रही है और मुझे आज की चर्चाओं से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, आज की बैठक हमारे लिए एक अवसर है कि हम अपने राजनीतिक संबंधों पर चर्चा करें।

### टैरिफ पर अमेरिका पर पलटवार के लिए यूरेशिया बनेगा ब्रम्हास्त्र

**मास्को।** टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से तनाव के बीच भारत का दोस्त रूस एक बार फिर आगे आया है। दरअसल, भारत और रूसी नेतृत्व वाले यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो गई है। इस बाबत बुधवार को दोनों पक्षों ने टर्म्स आफ् रेफरेंस पर हस्ताक्षर भी किए। यह समझौता भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के मास्को दौरे के दौरान भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भाडू और ईएईयू की व्यापार नीति विभाग के उप निदेशक मिखाइल चेरेकैव के बीच हुआ। इस मौके पर दोनों पक्षों ने वार्ता की औपचारिक शुरुआत की रूपरेखा और भविष्य की संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

## अमेरिका ने आईसीसी कर्मचारियों पर लगाए प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए। ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे। अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जांच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था।



भारत-रूस व्यापार मंच के दौरान रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और अन्य के साथ केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

# अमेरिका की मोस्ट वांटेड महिला भारत से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने टेक्सास की एक मोस्ट वांटेड महिला को भारत से गिरफ्तार किया है। सिंडी राड्रिगेज सिंह नाम की इस महिला पर अपने ही 6 साल के बेटे बेटे नोएल रोड्रिग्ज की हत्या का आरोप है। एफबीआई के डायरेक्टर काश पटेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने एक्स पर बताया कि सिंडी ने अपने ठिकाने के बारे में झूठ बोला था और फिर भारत भाग गई थी। भारतीय अधिकारियों और इंटरपोल की मदद से एफबीआई ने 20 अगस्त

**अपने ही छह साल के बेटे की हत्या का आरोप, दो करोड़ का इनाम था सिंडी राड्रिगेज सिंह पर**

2025 को भारत में सिंडी को हिरासत में लिया। उसे अमेरिका वापस भेज दिया गया है, जहां उस पर कानूनी कार्रवाई होगी। सिंडी एफबीआई की टाप 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ों की लिस्ट में शामिल थी। एफबीआई ने उनकी खबर देने वाले को 2.50 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) इनाम का ऐलान की थी। काश पटेल के मुताबिक, वह पिछले 7 महीनों में गिरफ्तार होने वाली चौथी मोस्ट वांटेड भगोड़ी है। जांच के दौरान सिंडी ने दावा किया था कि नोएल नवम्बर 2022 से अपने पिता के साथ मेक्सिको में है। लेकिन दो दिन बाद वह अपने पति अर्शदीप और छह बच्चों के साथ भारत के लिए फ्लाइट में देखी गईं, जिसमें नोएल नहीं था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने सिंडी के गिरफ्तारी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। टेक्सास अधिकारियों ने नवम्बर 2023 में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई ने गाजा से 155 फलस्तीनियों को सुरक्षित निकाला

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर गाजा से 155 घायल और बीमार फलस्तीनी लोगों को सुरक्षित निकाला है। यूएई की विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई चिकित्सा कर्मियों ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अबु धाबी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवा दिया है, जबकि अन्य बीमारों और उनके परि. जनों को एमिरेट्स ह्यूमैनिटेरियन सिटी में रखा गया है, जहां उनको आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### मिस्र ने गाजा में राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे

**काहिरा।** मिस्र ने 27 जुलाई से 17 अगस्त के बीच केरेम शालोम सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय राहत सामग्री से भरे 1288 ट्रक भेजे हैं। मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक सांख्यिकीय चार्ट में यह जानक. ारी दी गई है। चार्ट में दिखाया गया है कि राहत सामग्री से लदे लगभग 5000 ट्रक अभी भी गाजा में प्रवेश करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### यांगून में भूकंप के तेज झटके लगे

**यांगून।** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए।

# भारत से रिश्ते बिगाड़ना बड़ी गलती: निक्की हेली

## संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत ने ट्रम्प को चेताया: भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने भारत से संबंधों को लेकर ट्रम्प प्रशासन को चेतावनी दी है। न्यूजवीक मैगजीन में लिखे अपने आर्टिकल में निक्की कहा कि अगर भारत के साथ 25 साल में बना भरोसा टूटता है, तो यह एक रणनीतिक गलती होगी।

निक्की ने यह आर्टिकल ट्रम्प के भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और उसके दोनों देशों के संबंध पर असर के बारे में लिखा है। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को सलाह दी है कि वह भारत को एक और लोकतांत्रिक साझेदार माने। भारत-अमेरिका के रास्ते अलग लेकिन मंजिल एक निक्की ने आर्टिकल की शुरुआत रीगन और इंदिरा गांधी के बीच 43 साल पहले हुए एक मुलाकात से की है। उन्होंने लिखा: जुलाई 1982 में अमे. रिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने व्हाइट हाउस में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के लिए






डिनर रखा था। उस समय उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका दो आजाद देश हैं। कभी-कभी हमारे रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक ही है। लेकिन चार दशक बाद आज अमेरिका-भारत संबंध मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। निक्की ने अपने आर्टिकल में आगे लिखा कि चीन पर रूस से तेल खरीदने के बावजूद कोई प्रतिबंध नहीं है, जबकि भारत पर अमेरिकी टैरिफ लगाए जा रहे हैं। हेली के मुताबिक यह दिखाता है कि अमेरिका-भारत रिश्तों पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। हेली ने कहा कि भारत ही वह देश है जो एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को बैलेंस कर सकता है। पूर्व राजदूत ने यह भी कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जापान को पीछे छोड़ देगा। भारत का यह उभार चीन की महत्वाकांक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक विवाद को अगर लंबे समय के लिए बढ़ाया गया, तो चीन इसका फायदा उठा लेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सीधे पीएम मोदी से बात करें और रिश्तों को फिर से पटरी पर लाएं। निक्की बोलीं: ट्रम्प प्रशासन के दो मकसद, पूरा करने के लिए भारत की जरूरत ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति के दो बड़े मकसद हैं। पहला चीन को पीछे छोड़ना और ताकत के जरिए दुनिया में शांति कायम करना। इन दोनों मकसद को पाने के लिए भारत के साथ रिश्ते सुधारना बेहद जरूरी है। भारत को चीन जैसा विरोधी मानकर सजा देना सही नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक और अहम साझेदार है। अगर अमेरिका भारत के साथ ऐसे ही टकराव जारी रखता है, तो यह रिश्तों के लिए खतरनाक होगा। एशिया में चीन की बढ़ती ताकत को रोकने में भारत ही सबसे मजबूत देश है। अगर अमेरिका ने इस साझेदारी को कमजोर कर दिया तो यह एक बड़ी रणनीतिक भूल होगी। अभी के समय में भारत की अहमियत और भी बढ़ जाती है।

## अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मशहूर जज फ्रैंक कैप्रियो का बुधवार को निधन हो गया। वे 88 साल के थे। कैप्रियो लंबे समय से पैंक्रियाटिक कैंसर से लड़ रहे थे। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर उनकी मौत की जानकारी दी। कैप्रियो अपने कोर्ट शो 'काट इन प्रोविडेंस' से दुनियाभर में मशहूर हुए। यह शो 2018 से 2020 तक चला और कई डेटाइम एमी अवार्ड्स के लिए नामिनेट हुआ। उनकी दया और इंसानियत भरे फैसलों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहे हैं। उन्होंने कई बार गरीब परिवारों के चालान माफ किए और लोगों को हौसला बढ़ाया। जज फ्रैंक कैप्रियो के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनके इंस्टाग्राम पर उनके 34 लाख फालोअर्स हैं। उनके वीडियो को ऑनलाइन अरबों बार देखा गया। कैप्रियो ने रविवार को ही इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया था।

# इमरान खान को मिली आठ मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई 2023 के दंगों से जुड़े 8 मामलों में जमानत दे दी। इमरान खान के समर्थकों ने 9 मई को रावलपिंडी में सेना के जनरल हेडक्वार्टर्स (जीएचआईक्यू) और लाहौर में सैन्य अधिकारियों के घर पर हमला किया था। इमरान खान पर आरोप था कि उन्होंने इस दंगे की साजिश रची थी।

इमरान की जमानत का फैसला मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अगुआई वाली तीन जजों की बेंच ने सुनाया। इमरान फिलहाल रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। कोर्ट के इस फैसले के बाद भी इमरान जेल से रिहा नहीं होंगे, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं और वे 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की



**मिलिट्री हेडक्वॉर्टर पर हमले का केस भी शामिल, लेकिन जेल से रिहा नहीं होंगे पूर्व पाक पीएम**

अडियाला जेल में बंद हैं। लाहौर की एक काउंटर टेररिज्म अदालत ने नवम्बर 2024 में इमरान को इन मामलों में जमानत देने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद, लाहौर हाई कोर्ट ने भी 24 जून को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इमरान खान ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। इमरान की तरफ से वकील ने दलील दी थी कि दंगों के वक्त वे नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) की हिरासत में थे, इसलिए घटनाओं में शामिल होना मुमकिन नहीं था।

# आईसीसी और फ्रांस ने डोनाल्ड ट्रम्प को घेरा

**वाशिंगटन।** अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है।

अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।बुधवार को स्थानीय समयानुसार जारी एक बयान में आईसीसी ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों की चिंता किए बगैर वह अपने काम को जारी रखेगा। साथ ही आईसीसी ने अपने 125 सदस्य देशों से

**नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी करने वालों जजों पर प्रतिबंध के मामले ने पकड़ा तूल**

अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपने कार्य के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए भी आह्वान किया। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि ये प्रति. बंध निष्पक्ष न्यायिक संस्था की स्वतंत्रता पर खुला हमला है। ये प्रतिबंध न्यायालय के सदस्य देशों, नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और सबसे बढ़कर, दुनिया भर के लाखों निंर्दोष पीड़ितों का अपमान हैं।

# भारत-चीन लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार करेंगे

## नेपाल ने सीमा विवाद को लेकर विरोध जताया, भारत बोला: यहा से 1954 से ट्रेड हो रहा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ। बातचीत में लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया। नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है।

उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। इस पर



भारत नेलिखित जवाब में कहा कि लिपुलेख के रास्ते 1954 से व्यापार हो रहा है, जो हाल के सालों में कोरोना और अन्य वजहों से रुका था। अब दोनों देशों ने इसे फिर शुरू करने का फैसला किया है। भारत का कहना है कि नेपाल के क्षेत्रीय दावे ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। ये एकतरफा दावे मान्य नहीं हैं। भारत ने नेपाल के साथ सीमा विवाद को बातचीत और डिप्लोमेसी से हल करने की इच्छा जताई है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली सितम्बर में भारत दौरे पर आएंगे। वे 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में हिस्सा लेने के बाद 16 सितम्बर को भारत पहुंचेंगे। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे और प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की।

## चीन ने अफगान-पाक से आतंकवाद पर की चर्चा

**काबुल।** चीन के विदेश मंत्री यांग वी ने कहा है कि आम सहमति पर आधारित व्यापक उपायों से आतंकवाद के मूल कारणों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने यह बात यहां अफगानिस्तान और पाकिस्तान से साथ त्रिपक्षीय बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तीनों पक्षों को सहयोग विस्तार, सुरक्षा वार्ता तंत्र, कानून प्रवर्तन और सुरक्षा सहयोग को गहरा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के प्रयासों को मजबूत करना चाहिए।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010

# यूक्रेन पर रूस का साल का सबसे बड़ा हमला

**कीव।** यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रानिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है। रूस का ये हमला तब हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प समेत पश्चिमी देश रूस-यूक्रेन संघर्ष को रुकवाने की कोशिश में जुटे हैं। बीते

**574 ड्रोंस और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया कहर**

हफ्ते अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद सोमवार को ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक की थी। ट्रम्प ने इस बैठक के दौरान साफ किया कि वे किसी तरह के संघर्ष विराम को लागू करने की जगह सीधा शांति समझौते की तरफ जाना चाहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी और यूरा. पीय नेताओं में इस बात पर सहमति रही कि यूक्रेन को शांति समझौते के एवज में भविष्य के खतरों से निपटने के लिए कुछ सुरक्षा गारंटी दी जा सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बाद में कहा कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी।



अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com